रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 15 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 147 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पीएम मोदी आज करेंगे स्टार्टअप चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्टार्टअप से बातचीत करेंगे। कृषि, स्वास्थ्य, उद्यम प्रणाली, अंतरिक्ष, उद्योग 4.0, सुरक्षा, फिनटेक, पर्यावरण आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप इस बातचीत मैं भाग लेंगे। ग्रोइंग फ्रॉम रूट्स, नजिंग द डीएनए, फ्रॉम लोकल टू ग्लोबल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, विनिर्माण क्षेत्र में चैंपियंस का निर्माण और सतत विकास सहित मूल विषयों के आधार पर 150 से अधिक स्टार्टअप उद्योगों को छह वर्किंग ग्रुप में विभाजित किया गया है।

### दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति रही 13.56 फीसदी

**नई दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2021 में इसे पिछले माह की तुलना में हल्की नरम हो कर 13.56 प्रतिशत पर आ गयी पर अब भी यह एक साल पहले इसी माह की तुलना में काफी ऊंची बनी हुई है। नवंबर 2021 में थोक मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 14.23 प्रतिशत प्रतिशत ऊंचा था जबकि दिसंबर 2020 में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 1.95 प्रतिशत पर थी। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में अक्टूबर,21 की थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े को संशोधित कर के पहले जारी 12.54 प्रतिशत की जगह 13.83 प्रतिशत कर दिया गया है।

### दक्षिण अफ्रीका ने निर्णायक टेस्ट 7 विकेट से जीतकर सीरीज 2-1 से जीती

**केपटाउन।** मध्य क्रम के बल्लेबाजों कीगन पीटरसन (82) और रैसी वान डेर डुसेन (नाबाद 41) के बीच हुई अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच को चौथे दिन शुक्रवार को लंच के बाद सात विकेट से जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मेजबान टीम ने 212 रन के लक्ष्य को तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया और भारतीय टीम को एक बार फिर निराश कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने टीम को निराश किया और वे जरूरी विकेट नहीं चटका पाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट गंवाने के बाद क्या बढ़िया वापसी की और दमदार खेल दिखाते हुए जोहानसबर्ग में चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए बराबरी की और यहां केपटाउन में अपनी जीत पर मुहर लगाई।

# पंजाब में भारी मात्रा में आईईडी बरामद, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

वार्ता ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी से पहले इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद होने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। दिल्ली और कश्मीर के बाद अब बॉर्डर राज्य पंजाब में भी भारी मात्रा में आईईडी बरामद हुआ है। अमृतसर में बॉर्डर रेंज आईजी मोहनीश चावला ने ये जानकारी दी। बॉर्डर रेंज के आईजी ने कहा कि बरामद हुआ आईईडी उच्च तीव्रता का है और इससे अधिक नुकसान हो सकता है। बता दें कि पंजाब में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनााव से पहले सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा के पास धनोए कला गांव से आरडीएक्स की बड़ी खेप बरामद की है। मोहनीश चावला ने कहा कि हमने 5 किलोग्राम आईईडी बरामद किया है जिसमें लगभग 2.7 किग्रा आरडीएक्स, 1.3 किग्रा आयरन बॉल, कोडेक्स वायर, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, डिजिटल टाइमर शामिल हैं। हमने मामला दर्ज कर लिया है और इसकी जांच कर रहे हैं। आईईडी उच्च तीव्रता का है और इससे अधिक नुकसान हो सकता है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली की गाजीपुर फूल मंडी में शुक्रवार को शक्तिशाली आईईडी विस्फोटक मिला। यह विस्फोटक एक काले रंग के बैग के अंदर रखा था, जिसे समय रहते डिफ्यूज कर दिया गया। घटना को लेकर दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि गाजीपुर से बरामद इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का वजन करीब तीन किलो था। एनएसजी के बम निरोधक दस्ते को दिल्ली पुलिस से सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली थी और दोपहर करीब 1.30 बजे विस्फोटक को पास में ही आठ फीट गहरे गड्ढे में दबा कर डिफ्यूज कर दिया गया। जिसके बाद तेज आवाज और धुआं निकलते देखा गया।

## साथी जवानों के लिए बाइक से खाना ले जाते आईईडी की चपेट में आया जवान, घायल

**कांकेर।** आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एसएसबी कैंप कोसरंडा का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है, मामला ताडोकी क्षेत्र के नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील कोसरोंडा एरिये के तलाब पारा स्थित जंगलों का है, जहां एसएसबी बी एन 33 के जवानों और नक्सलियों के बीच शुक्रवार लगभग 2.30 बजे मुठभेड़ हुई, नक्सलियों ने एंबुश लगा रखा था। मिली जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित कोसरोंडा क्षेत्र के घने जंगलो मे ड्यूटी पर तैनात एसएसबी के जवानों की टुकड़ी को भोजन के लिऐ टिफिन छोड़ने साथी एसएसबी के जवान बाइक से गये हुऐ थे और टिफिन छोड़ वहां से जवान जब वापस आ रहे थे तभी नक्सलियो के बीच उनकी मुठभेड हो गयी, हर बार बड़ी वाहन से टिफिन छोड़ने जवान जाया करते थे लेकिन क्षेत्र मे हुई बारिश से जंगल मे बहुत कीचड़ हो गया है ये जानकर उन्हे साथी जवानों तक लंच बाक्स पहुचाने बाईक से जाना पड़ा। नक्सलियों ने यहां बड़ी वारदात को अंजाम देने की नियत ले पहले से एंबुश लगा रखा था और इस एंबुश के दायरे मे एस एस बी के जवान आ गये, तभी नक्सलियों ने उन पर एकाएक फायरिंग करनी शुरू कर दी जवानो ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग करने लगे इसी बीच नक्सलियों द्वारा मौके पर लगाई गयी आईडी ब्लास्ट हुई और जिसकी चपेट मे आकर एस एस बी का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है जवान का नाम सुरेंद्र सिह उम्र करीब 35 वर्ष है जो की राजस्थान के चुरो का रहने वाला है उक्त जवान कोसरोंड एस एस बी बी एन 33 कैप मे तैनात था, नक्सलियों और एस एस बी जवानों के बीच मुठभेड़ घायल जवान सुरेंद्र सिह को अंतागढ़ अस्पताल लाने के बाद भी कोसरोडा जंगलों में जारी थी। घटनास्थल से घायल जवान को खुन से लतपथ हालत मे किसी तरह से एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ लाया गया है, जंहा चिकित्सको द्वारा जवान का उपचार किया जा रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अंतागढ़ पुलिस ने एस बी के जवानो ने घटनाक्रम की जानकारी ली, घायल जवान की स्थिती को लेकर बी एम ओ भेषज रामटेक ने बताया की ब्लास्ट की चपेट मे आऐ जवान सुरेंद्र सिह की हालत स्थिर बनी हुई है उनका दायां पैर फ्रेक्चर है वही पेट के एक तरफ गंभीर चोट है लगातर बिल्डिंग हो रही है परिस्थिति के आधार पर बेहतर उपचार हेतू सेना के हेलीकॉप्टर से हायर सेंटर रेफर किया गया।



## संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से होगा शुरू

एजेंसी ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, बजट सत्र का पहला हिस्सा 31 जनवरी से 11 फरवरी तक और दूसरा हिस्सा 14 मार्च से 8 अप्रैल तक हो सकता है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच संसद का सत्र कराना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के संबोधन से होगी। राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विनियोग (संख्या 5) अधिनियम, 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी है जो सरकार को चालू वित्त वर्ष के दौरान अतिरिक्त 3.73 लाख करोड़ रुपये खर्च करने के लिए अधिकृत करता है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर संसद भवन परिसर में उठाये गए स्वास्थ्य से संबंधित कदमों और अन्य तैयारियों का जायजा लिया था। संसद के करीब 400 कर्मचारियों से कोविड से संक्रमित होने की पृष्ठभूमि में रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने अधिकारियों से आगामी बजट सत्र को सुरक्षित ढंग से आयोजित करने के लिए जरूरी उपाय करने को कहा था। लोकसभा सचिवालय के मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर का निरीक्षण करने के बाद कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और महामारी से मुकाबला करने के लिये सभी कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मानक प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुरूप स्वच्छता सुनिश्चित हो और सभी स्थानों पर चीजें व्यवस्थित हों। ओम बिरला ने कहा, 'संसद के 2022 के बजट सत्र के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही है ताकि सांसद अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह कर सकें।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के सांसदों का विशेष ध्यान रखा जाए और उनकी आवश्यकताओं को तत्परता से पूरा किया जाए।

## सहायक प्राध्यापक नर्सिंग और प्रदर्शक की भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सहायक प्राध्यापक नर्सिंग और प्रदर्शक की भर्ती पर हाईकोर्ट की युगलपीठ ने रोक लगा दी है। कुल 91 पदों पर भर्ती होनी है लेकिन केवल महिलाओं से आवेदन लिए जाने के कारण भर्ती की पूरी प्रक्रिया कानूनी दांव-पेंच में फंस गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग ने सहायक प्राध्यापक (नर्सिंग) के 33 और प्रदर्शक के 58 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया था। इस भर्ती प्रक्रिया में केवल महिलाओं को ही पात्र मन गया। छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती नियम 2013 की अनुसूची 3 का हवाला देते हुए इन पदों के लिए पुरुषों से आवेदन नहीं लिए जा रहे थे। इस अधिनियम के अनुसार केवल महिला अभ्यर्थियों की ही भर्ती की जा रही थी। केवल महिलाओं को ही पात्र मन गया है।



इसी नियम को चुनौती देते हुए कोरिया और जशपुर जैसे जिलों के पुरुष अभ्यर्थी अधम कुमार किस्पोट्टा, एल्युस खालको, डॉ अजय कुमार त्रिपाठी और आदित्य सिंह ने अधिवक्ता घनश्याम कश्यप और नेल्सन पन्ना के माध्यम से चुनौती दी। याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरुण कुमार गोस्वामी और जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की युगलपीठ ने आगामी सुनवाई तक भर्ती की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

## चुनाव आयोग ने पहले चरण के चुनाव के लिये अधिसूचना जारी की

**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान के लिये शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किये जाने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गयी।



अधिसूचना के अनुसार 21 जनवरी तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांक पत्रों की जांच 24 जनवरी को की जायेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 27 जनवरी नियत की गयी है। जबकि 10 फरवरी को मतदान होगा। कोरोना संकट को देखते हुये इस बार मतदान की अवधि को एक घंटा बढ़ाया गया है। इसके तहत सुबह 7.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मतदान होगा। पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और गौतमबुद्धनगर जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।

## ट्रक ने पुलिस बस को मारी टक्कर, 20 जवान घायल

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रस्तावित जांजगीर दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के लिए जा रही पुलिस बल से भरी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे 10 महिला पुलिस कर्मियों समेत 20 जवान घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हालांकि मौसम साफ नहीं होने से मुख्यमंत्री का दौरा निरस्त हो गया लेकिन मुख्यमंत्री ने आई जी से फोन पर घायल जवानों का हाल जाना और बेहतर उपचार के निर्देश दिए ।

शिवरीनारायण क्षेत्र के कनस्दा गांव में पुलिस फोर्स से भरी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसे में 15 से 20 पुलिसकर्मियों को चोट आई । घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. घायलों में महिला आरक्षक भी शामिल हैं. बस में करीब 45 पुलिसकर्मी सवार थे। बताया जा रहा है कि ट्रक के ड्राइवर को झपकी आ गई और सामने से जा रही पुलिस फोर्स से भरी बस को टक्कर मार दी, दुर्घटना में दोनों गाड़ियों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है दरअसल, बिलासपुर की पुलिस फोर्स, बस में सवार



होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी करने मालखरौदा के मोहतरा गांव जा रही थी। वे कनस्दा गांव पहुंचे थे कि सामने से आ रहा ट्रक अनियन्त्रित हो गया और विपरीत दिशा में आकर पुलिस बल से भरी बस को टक्कर मार दी। राहत की बात रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। 15 से 20 आरक्षकों को सामान्य चोट आई है. घायलों में महिला आरक्षक भी शामिल है। घटना की सूचना के बाद शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुची। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कनस्दा गांव के पास जब पुलिस बल से भरी बस पहुंची और इस दौरान सामने से आ रही ट्रक की अनियंत्रित स्थिति को देखकर बस के ड्राइवर ने अनहोनी को पहले से ही भाप लिया उसने बस को कुछ दूर पहले ही रोक लिया। बस रुकने के बाद अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आकर बस को ठोकर मारी, एक तरफा ठोकर की वजह से एक बड़ी घटना टल गई अगर दोनों वाहनों की गति तेज होती तो निश्चित रूप से एक बड़ी घटना घट सकती थी।

### मुख्यमंत्री ने जवानों का जाना हाल-चाल, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में हुए वाहन दुर्घटना में घायल पुलिस जवानों का हाल-चाल जाना और घायल जवानों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज से दूरभाष पर चर्चा कर घटना की जानकारी ली। नवागढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र लहरे ने बताया कि इस घटना में 15 पुलिस जवानों को सामान्य चोट आई थी। जिनका शिवरीनारायण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया। उपचार के बाद वे बिलासपुर जिले के लिए वापस रवाना हो गए हैं। कुछ जवानों के चेहरे पर खरोंच आई है।



**मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का महापर्व**

## 1 करोड़ से अधिक लोगों ने किया सूर्य नमस्कार

एजेंसी ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शुक्रवार को दुनिया भर में एक करोड़ से अधिक लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और आयुष राज्य मंत्री डॉ मुंजापारा महेंद्रभाई ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, श्री श्री रविशंकर, सद्गुरु जग्गी वासुदेव और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कई उल्लेखनीय हस्तियां उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुईं। सोनोवाल ने कहा कि लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए सूर्य नमस्कार के माध्यम से सूर्य पूजा की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और



मार्गदर्शन में मानव कल्याण और स्वास्थ्य के लिए योग और सूर्य नमस्कार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

डॉ मुंजापारा ने कहा कि सूर्य नमस्कार पर विभिन्न शोधों से पता चला है कि सूर्य नमस्कार हमारी प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण करता है और शरीर को फिट रखता है। आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि सूर्य नमस्कार जीवन शक्ति के लिए है और आयुष मंत्रालय ने सौर ऊर्जा की उपचार शक्ति को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की है। इस वर्चुअल कार्यक्रम में, दुनिया भर के कई प्रमुख योग गुरु और व्यक्ति शामिल हुए, सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया और सूर्य नमस्कार पर अपने विचार साझा किए। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि सूर्य नमस्कार आंदोलन का उद्देश्य लोगों को जीवन शक्ति के आधार से अवगत कराना है। योग का अर्थ है कि लोगों को एकजुट करना और हम सूर्य नमस्कार करने वाले 75 लाख से अधिक लोगों को एक साथ जोड़कर ऐसा ही कर रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने कहा कि सूर्य की ऊर्जा हमारे भीतर प्रतिरोधक क्षमता को जगाती है, जो हमें इस वैश्विक महामारी से बचा सकती है। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा कि दुनिया में सब कुछ सूर्य की ऊर्जा से संचालित होता है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। वर्ष 2021 मिस वर्ल्ड जापान तमाकी होशी भी इसमें वर्चुअली शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल इस महामारी के समय में हर लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो रही है। जापान में भी बड़ी संख्या में लोग सूर्य नमस्कार कर रहे हैं और कई लोगों ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है।

### क्या है सूर्य नमस्कार?

सूर्य नमस्कार एक तरह का व्यायाम है। इस व्यायाम से पूरे शरीर को लाभ मिलता है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से फेफड़ों के अंदर शुद्ध हवा का पर्याप्त मात्रा में प्रवेश होता है। इस व्यायाम से रोग तो दूर भागते ही हैं साथ ही चेहरे पर एक अलग ही चमक आने लगती है। शरीर मजबूत और सुडौल होने लगता है। सूर्य नमस्कार के 12 चरण का रोजाना अभ्यास करने से दिमाग सक्रिय और एकाग्र बनता है।

## देश में सक्रिय मामलों की संख्या 12 लाख के पार

वार्ता ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना महामारी ने रफ्तार पकड़ रखी है। नये मामलों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना संक्रमण के दो लाख 64 हजार 202 नये मामले मामले सामने आए हैं और इसी के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 12 लाख 72 हजार 073 तक पहंच गयी है। इस बीच गुरुवार को 73 लाख 08 हजार 669 कोविड टीके लगाये गये हैं और शुक्रवार सुबह सात बजे तक के प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक एक अरब 55 करोड़ 39 लाख 81 हजार 819 लोगों को टीके दिये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की



ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में इस वक्त संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 65 लाख 82 हजार 129 हो गयी है। इसी अवधि में महामारी से 315 और मरीजों की मौत होने के साथ मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 4,85,350 तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान 109345 मरीज स्वस्थ होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 48 लाख 24 हजार 706 हो चुके हैं। इसी अवधि में 17 लाख 87 हजार 457 कोविड परीक्षण किए गये हैं।

### डब्ल्यूएचओ ने की दो दवाओं की सिफारिश


विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक पैनल ने कोरोना के मरीजों के उपचार के लिए और ओमि ॅान के प्रसार पर रोक लगाने के लिये एली लिली और ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन एवं वीर बायोटेक्नोलॉजी के दवाओं का इस्तेमाल किये जाने की सिफारिश की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इस वक्त दुनिया के 149 देशों में कोरोना के नए स्वरूप ओमि ॅान पर वैक्सीन सहित कई तरह के उपाय बेअसर साबित हो रहे हैं। कई देशों में डेल्टा वेरिएंट की जगह ऑमिक्रॉन ले चुका है।

# किसान धान खरीदी को लेकर चिन्ता न करें, सभी पंजीकृत किसानों का खरीदा जाएगा धान : भूपेश

**मौसम ठीक होते ही धान खरीदी में तेजी लायी जायेगी, मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री के साथ वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था को बेहतर करने को कहा**

- आवश्यकता होने पर धान खरीदी की अवधि बढ़ाने पर होगा विचार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि बीते कुछ दिनों से मौसम ठीक न होने की वजह से राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिति प्रभावित हुई है। इसको लेकर किसानों को चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। मौसम ठीक होते ही उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी में तेजी लायी जाएगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से धान उपार्जन की व्यवस्था की समीक्षा की और इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में सभी पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की व्यवस्था को और अधिक विस्तारित करने के निर्देश दिए गए है। मौसम खुलते ही किसानों से तेजी से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा है कि राज्य में धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी है। सरकार की यह कोशिश होगी की इस अवधि में शत-प्रतिशत किसानों से उनके पंजीकृत रकबे के धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर किसानों के सहूलियत के लिए धान खरीदी के निर्धारित अवधि में वृद्धि करने का विचार किया जाएगा।

## किसानों के धान खरीदी पर राजनीति कर रहे भाजपा नेताओं पर कांग्रेस का तंज हाथी निकल गई अब पूंछ पकड़कर झूल रहे भाजपा के नेता : धनंजय



किसानों से धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्त ा धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि हाथी निकल गई तब भाजपा के नेता हाथी के पूंछ को पकड़कर झूल रहे हैं।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार धान खरीदी के दिन से लेकर आज तक 17 लाख 13 हजार 445 किसानों से लगभग 68 लाख 92 हजार मिट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी कर चुकी है। प्रतिदिन लगभग 70 हजार से अधिक किसानों से तीन लाख मैट्रिक टन से अधिक धान की खरीढी की जा रही है। राज्य में धान बेचने वाले कुल 22 लाख 66 हजार के करीब किसान पंजीकृत है। 17 लाख से अधिक किसानों के धान बिक चुके हैं और राशि उनके खाते में जमा हो चुकी हैं धान खरीदी 31 जनवरी तक होना है और राज्य के धान बेचने कुल पंजीकृत किसानों में से लगभग 5 लाख 50 हजार के करीब किसानों से ही धान खरीदी करना शेष है जो तय समय में पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्त ा धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के धान खरीदी में बाधा उत्पन्न करने का षड्यंत्र कर रही थी। हर वर्ष नए नियम कायदे लागू कर रही हैं बारदाना देने में भी हिला हवाला किया गया। सेंट्रल पूल में पूर्व की तरह उसना चावल लेने पर मनाही कर दी गई। इतने षड्यंत्र साजिशों के बाद बाद भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार राज्य के 22 लाख 66 हजार किसानों से 1 करोड़ 5 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करने 80 प्रतिशत आगे बढ़ चुकी है। अब धान खरीदी महा तिहार को सफल होते देख भाजपा नेताओं की बेचैनी बढ़ गई है। धान खरीदी के विषय में घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपा नेताओं को किसानों को बताना चाहिए कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से उसना चावल लेने पर लगाई गई रोक पर मौन क्यों है? किसानों के धान खरीदी के लिए मांगी गई 5 लाख 50 हजार गठान बारदाना में कटौती की गई तब भाजपा नेताओ के मुहं में दही क्यों जमा था? किसानों को धान की कीमत एकमुश्त 2500 रु. क्विंटल दिया गया तब मोदी सरकार के द्वारा उसमें नियम शर्ते लगाई गई और धमकी दी गई कि किसानों को समर्थन मूल्य से 1 रु. भी अधिक दिया जाएगा तो सेंट्रल में चावल नहीं आएगा तब भाजपा नेताओं ने विरोध क्यों नहीं किया? भाजपा किसान विरोधी थी है और रहेगी। जिस प्रकार से मोदी की सरकार ने तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों को गुलाम बनाने की कोशिश की, किसानों के आय को बाधित करने काम किया जिसके खिलाफ 14 महीने से किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे। 700 से अधिक किसानों की शहादत हो गई।

## साय ने सीएम को पत्र लिखकर युवाओं के लिए बजट में जरूरी प्रावधान करने ध्यान आकृष्ट किया

- 10 लाख युवाओं को 2,500 रु प्रति महीने मासिक भत्ता देने का उल्लेख

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर बजट में युवाओं के लिए जरूरी प्रावधान करने की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। इन दिनों प्रदेश के आगामी बजट को लेकर तैयारियां चल रही होंगी। इस हेतु एक सजग विपक्ष के नाते कुछ बातों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे। प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र के बिंदु नंबर 4 में प्रदेश के 10 लाख युवाओं को 2,500 रु प्रति महीने मासिक भत्ता देने का उल्लेख है। इसके अलावा अखबारों में विज्ञापन व बड़े-बड़े होर्डिंग्स के माध्यम से भी 10 लाख युवाओं को भत्ता देने की बात कांग्रेस द्वारा प्रमुखता से कही गयी थी । दुर्भाग्य से पिछले 3 वर्षों के बजट में किसी में। भी बेरोजगारी भत्ता देने हेतु प्रावधान नहीं किया गया है। कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से जानकारी मिली थी कि कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने इस हेतु कुछ युवाओं से फार्म भरवाना भी शुरू किया है, परंतु अब तक किसी को भी भुगतान नही किया गया है।इस बात को लेकर प्रदेश में निराशा का माहौल है। सरकार को अपने वादे के अनुरूप अब 3 वर्षों का प्रति युवा को 90 हजार का भुगतान करना है। भत्ते की राशि 10 लाख युवाओं को प्रतिमाह ढाई हजार के हिसाब से प्रतिवर्ष 3 हजार करोड़ होती है। 3 वर्षों में लंबित राशि 9 हजार करोड़ हो चुकी है। अतः प्रदेश के युवाओं के लिए नए रोजगार के माध्यम का सृजन करने के साथ-साथ आगामी बजट में उनके भत्ते के लिए कम से कम 9 हजार करोड़ का प्रावधान जरूर करें ऐसा आग्रह है।

# युवा दिवस पर जेसी आई रायपुर वामांजलि ने किया विविध कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जेसीआई रायपुर वामांजलि द्वारा यूथ एंपावरमेंट ट्रेनिंग सपने सच होते हैं का आयोजन जूम प्लेटफार्म पर किया गया।जिसमें जोन ट्रेनर शीलू शर्मा ने बताया कि सपनों को कैसे जिंदादिली से जिया जाए और उन्हें पूरा करने के आसान से उपायों के बारे में विस्तार से बताया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जॉन वाइस प्रेसिडेंट जेसी एचजी एफ निशित गोहिल,चैप्टर कोऑर्डिनेटर रूमा पटेल, चैप्टर इंचार्ज डॉ.अनन्या मिश्रा, प्रेसिडेंट जेसी उषा तिवारी सेक्रेटरी ईशानी तोतलानी और काफी संख्या में वाम अंजलि सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शो से प्रेरित होकर एक सोच जो आपकी जिंदगी बदल दे विषय पर ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता जूम प्लेटफार्म पर आयोजित की।जिसमें 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी अर्चना द्विवेदी एवं आकांक्षा चावला थी।

## कथित पाकिस्तान जिंदाबाद का मामला गंभीर, प्रदेश सरकार करे न्यायिक जांच : उमेश घोरमोड़े

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी उमेश घोरमोड़े ने भिलाई के कैम्प क्षेत्र में कांग्रेस पार्षद के जुलूस में कथित पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे को गंभीर व चिंताजनक बताया हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुर्ग जिले में कोरोना गाइडलाईन के चलते धारा 144 लागू हैं जुलूस आदि पर प्रतिबंध हैं, नाइट कर्फ्यू हैं ऐसे में रात 10 बजे तक जुलूस निकलना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण हैं। क्या कांग्रेस पार्षद होने के नाते प्रशासन ने जुलूस की अनुमति दे रखी थी? उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कथित आरोप के निष्पक्ष जांच पर भी संदेह व्यक्त किया हैं और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी उमेश घोरमोड़े ने कहा कि शांति का टापू छत्तीसगढ़ बीते तीन वर्षों में अशांत हो चुका हैं। कभी कवर्धा तो कभी रायपुर सहित प्रदेश के अलग अलग हिस्से से छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाली घटनाएं सामने आती रही हैं, कहीं यह सब किसी सोचे समझे षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं? उन्होंने कांग्रेस पार्षद के जुलूस के बाद सामने आए कथित मामले को गंभीर बताते हुए न्यायिक जांच की मांग प्रदेश सरकार से की हैं साथ ही स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर संदेह प्रकट करते हुए जुलूस की अनुमति एवं राजनीतिक संरक्षण की दृष्टि से भी जांच की मांग की हैं।

# राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक पर किए हस्ताक्षर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में संशोधन हेतु प्रस्तुत विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जीएसटी लागू होने के पश्चात् नई कर प्रणाली में कुछ कठिनाईयां सामने आई हैं। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 करदाताओं के लेखा पुस्तकों की संपरीक्षा विशेष वृत्तिक (सी.ए. आदि) से कराने संबंधी उपबंध करता है, परिणाम स्वरूप करदाताओं विशेषकर लघु एवं मध्यम उद्यमों को अतिरिक्त अनुपालन भार का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त अधिनियम के विभिन्न उपबंधों में कतिपय विसंगतियां पाई गई थी। साथ ही आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) लिये जाने के प्रावधान को अधिक कठोर करने की आवश्यकता है ताकि गलत आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) की उपलब्धता रोकी जा सके। उपर्युक्तानुसार यथावर्णित अनुपालन भार को कम करने अधिनियम के प्रावधानों में विद्यमान विसंगतियों को दूर करने एवं आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) से संबंधित प्रावधानों को सुदृढ़ करने के लिए छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में कतिपय संशोधन का निर्णय लिया गया था। जी.एस.टी. काउंसिल द्वारा लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय माल औार सेवा कर (संशोधन) अधिनियम 2021 दिनांक 28 मार्च 2021 से प्रवृत्त है। अतः छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 में भी तद्नुसार संशोधन किया जाना आवश्यक था। अतः छत्तीसगढ़? माल और सेवा कर अधिनियम (संशोधन) विधेयक को 15 दिसंबर 2021 को पारित किया गया।

## रमन सिंह नान घोटाले में पहले से फंसे हुए उनको फंसाने दबाव बनाने की क्या जरूरत : सुशील आनंद

- नान घोटाले का पर्दाफाश डायरी जब्त रमन के कार्यकाल में हुआ था

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



निलंबित आईजी जीपी सिंह द्वारा यह कहा जाना कि नागरिक आपूर्ति घोटाला में रमन सिंह को, वीणा सिंह को फंसाने से इंकार कर दिया था इसलिये उसे यह झेलना पड़ रहा है पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह तो पहले से नान घोटाले में फंसे है उनको फंसाने के लिये दबाव बनाने की क्या जरूरत है। जी पी सिंह के ऊपर आय से अधिक संपत्ति बंटोरने का आरोप है। प्रदेश में वोट संघर्ष भड़काने का षड़यंत्र, सरकार को अस्थिर करने का षड़यंत्र जैसे गंभीर आरोप है, उनके ऊपर भयादोहन के भी आरोप लगे है। उसका राजनीति द्वेष का आरोप लगाना हास्यास्पद है। जीपी सिंह अपने ऊपर दर्ज संगीन आरोपों से ध्यान भटकाने राजनीतिक आरोप लगा रहा है, लेकिन इस प्रकार के सतही बयानों से उनके ऊपर लगे अपराधों की न गंभीरता कम होती है और वह कानून से बच पायेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सारा प्रदेश जानता है 36000 करोड़ का नान घोटाला रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ है। नान घोटाले का पर्दाफाश भी रमन के कार्यकाल में हुआ था। उनके ही अधीन अधिकारियों ने नान डायरी को जप्त किया था। नान दफ्तर में रुपये जब्त किया था, रमन के कार्यकाल में ही मुकदमा दर्ज हुआ। रमन सरकार के समय जब्त नान डायरी में मैडम सीएम का उल्लेख है। गरीबों के राशन में डाका डालने की आरोपी पूर्ववर्ती रमन सरकार है। नान डायरी के पन्ने में घोटाले के आरोपियों के नाम दर्ज है जिसमें सीएम मैडम से लेकर ऐश्वर्या रेसीडेंसी वाली मैडम जैसे तमाम नामों की प्रविष्टियां दर्ज है।

## भारतीय खाद्य निगम ने मनाया 58वां स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय खाद्य निगम के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक अनुपम दुबे द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने भाखानि की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि भारत सरकार ने देश भर में कोविड.19 महामारी को देखते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को जारी रखा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेएवाई) 1 दिसंबर 2021 से शुरू की गई है और 31 मार्च 2022 तक जारी रहेगी, जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 4 लाख मे.ट. चावल वितरित किया जाएगा। अब तकए छत्तीसगढ़ राज्य में लाभार्थियों को प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना.5 के तहत 2 लाख मेट चावल वितरित किया जा चुका है। इससे पहले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 1,2,3, और 4, के तहत पहले ही छत्तीसगढ़ राज्य में अप्रैल 2020 से नवंबर 2021 तक अर्थात कोरोना महामारी अवधि के 15 महीनों के दौरान 15 लाख मे.ट. चावल की मात्रा का उठान कर 2 करोड़ लाभार्थियों के बीच वितरित किया जा चुका है। वर्ष 2021 और 2022 के दौरान, भाखानि द्वारा 4.34 लाख मेट फोर्टिफाइड चावल संग्रहित किया गया है और 2.35 लाख मे.ट. को आईसीडीएस, एमडीएम और अन्य टीपीडीएस कार्यक्रमों के तहत वितरण के लिए पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में रेक के माध्यम से भेजा गया है। भारतीय खाद्य निगम, छत्तीसगढ़ क्षेत्र द्वारा कोविड.19 महामारी के दौरान 41.68 लाख मे.ट. चावल संग्रहण का कार्य निर्बाध रूप से जारी रखा गया है। भा.खा.नि. द्वारा लाभार्थियों को खाद्यान्न की निर्बाध आपूर्ति के लिए अप्रैल 2020 से दिसंबर 2021 तक बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक को 1589 रेक के माध्यम से 42.24 लाख मे.ट. चावल भेजा गया है।

## आज टीकाकरण का महा अभियान

**रायपुर।** रायपुर जिले में कोविड -19 टीकाकरण का महाअभियान शनिवार को चलाया जाएगा जिसमें 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। इस माह अभियान में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी । टीकाकरण के इस महाअभियान में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, सरपंच एवं शिक्षक सहयोग करेंगे। कलेक्टर सौरभ कुमार ने सभी शिक्षकों से सघन टीकाकरण अभियान के दौरान वार्ड के प्रत्येक घरों को चिन्हांकित कर वहां 15 वर्ष से 18 वर्ष के सभी के टीकाकरण में सहयोग करने की अपील की है । आयोजित होने वाले टीकाकरण महाअभियान की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया- कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर 15 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिये संकल्प लिया गया है। शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी का टीकाकरण किया जाना है। इस दौरान कोरोना लक्षण वालों को छोड़कर सभी का टीकाकरण किए जाने का संकल्प लिया गया है ।

**संजीवनी बनीं महतारी, एंबुलेंस में ही गूंजी किलकारी**

# एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ ने प्रसूता और बच्चे को बचाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रसूता महिलाओं के साथ ही नवजात को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जा रहा है। संस्थागत प्रसव को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के हर संभव प्रयत्न के क्रम में महतारी एक्सप्रेस 102 एंबुलेंस सेवा में ना सिर्फ प्रसूता को अस्पताल और अस्पताल से घर की सुविधा दी जा रही है ,बल्कि एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और अथक प्रयास से जच्चा और बच्चा को नई जिंदगी भी मिल रही है। सिम्स पहुंचने के पहले ही एंबुलेंस में हुआ प्रसव- 10 जनवरी 2022 को महतारी एक्सप्रेस 102 सेवा के कॉल सेंटर से लेबर पेन का केस बिलासपुर जिला अस्पताल के पास आया। उस समय ईएमटी निकिता देवांगन और कैप्टन संदीप पुरी गोस्वामी ड्यूटी पर थे। वह विद्यासार गांव के तखतपुर ब्लॉक से 22 वर्षीय प्रसूता को महतारी एक्सप्रेस में बिठाकर सिम्स मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हुए। प्रसूता का यह दूसरा प्रसव था और उसकी हालत भी गंभीर थी क्योंकि बेबी के गले में नाल मुड़ी हुई थी। रास्ते में लेबर पेन काफी बढ़ने लगा और प्रसूता की हालत भी खराब होने लगी। ऐसे में एंबुलेंस चालक ने वाहन को तेज भी किया ताकि जल्द से जल्द महिला को सिम्स अस्पताल पहुंचाया जा सके। लेकिन प्रसव पीड़ा काफी तीव्र थी इसलिए एंबुलेंस कर्मियों के पास जच्चा और बच्चा को बचाने के लिए एंबुलेंस में ही प्रसव करवाने के सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं था। अतः सिम्स अस्पताल से कुछ दूरी पर ही एंबुलेंस को रोककर ईएमटी एवं कैप्टन ने अपनी सूझबूझ से सफल प्रसव कराया, जिसमे प्रसूता तुलसी बाई वैष्णव ने बालक को जन्म दिया जिसका वजन 3 किग्रा था। सफल प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा दोनों को सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एंबुलेंस कर्मियों ने बचाई जच्चा और बच्चा की जान- सितंबर 2021 को अंबिकापुर जिले के चंदुरा से 102 कॉल सेंटर पर कॉल आया। उस समय ड्यूटी पर ईएमटी ज्ञान प्रकाश थे। उन्होंने फौरन प्रसव पीड़ित महिला को उप स्वास्थ्य केन्द्र चंदुरा के लिए एंबुलेंस में लेकर रवाना हुई। प्रसूता महिला को रास्ते में ही अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने लगी तो प्रसव एंबुलेंस मे ही करवाना पड़ा। सुरक्षित प्रसव के पश्चात महिला और बच्चे की स्थिति ठीक थी,उन्हें 102 महतारी एंबुलेंस कि सहायता से उप स्वास्थ्य केंद्र चंदुरा में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ा विश्वास- ग्राम चंदुरा की 22 वर्षीय सलवंती एवं विद्यासागर गांव की तुलसी ने बताया सरकारी सेवाओं विशेषकर एंबुलेंस सेवा पर उन्हें पहले विश्वास नहीं होता था। लेकिन प्रसव पीड़ा के दौरान एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और अथक प्रयास से हमें जीवन दान मिला है। ईश्वर का धन्यवाद करते हैं कि मैं और मेरा बच्चा दोनों ही सुरक्षित हैं।

2013 में महतारी एक्सप्रेस सेवा की शुरुआत - शिबू कुमार जनसंपर्क अधिकारी, महतारी एक्सप्रेस 102 ने बताया 23 अगस्त 2013 से गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा शुरू हुई। वर्तमान में प्रदेश के 28 जिलों में 324 एंबुलेंस के माध्यम से सेवाएं दी जा रही हैं। एंबुलेंस कर्मी ना सिर्फ गर्भवती महिलाओं या प्रसूताओं की देखरेख करते हुए उन्हें घर से अस्पताल या अस्पताल से घर पहुंचाते हैं। बल्कि कई बार विषम परिस्थितियों में एंबुलेंस में ही प्रसव करवाकर जच्चा और बच्चे की जान बचानी पड़ती है।

## स्वामी विवेकानंद से जुड़ी धरोहर को संजोकर रखने की जरूरत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में आठवीं सीजी एनसीसी गर्ल्स बटालियन और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नव सृजन मंच के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जीने काफी अधिक समय रायपुर शहर में बिताया है यहां पर उनकी स्मृतियों से जुड़े कई धरोहर हैं जिन्हें सुरक्षित और संजोकर रखने की जरूरत है। उनका कहना था कि राजधानी में स्वामी विवेकानंद बूढ़ा तालाब में तैराकी करते थे। इसीलिए बूढ़ा तालाब का नामकरण स्वामी विवेकानंद सरोवर किया गया है। यहां पर डे भवन हैं, जो उनकी स्मृतियों से जुड़ा है ऐसे सभी धरोहर को सुरक्षित और संवर्धित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुनीता चंसोरिया, कोपलवाणी के निदेशक पदमा शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना महंत कालेज इकाई के प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत साहू, आठवीं सीजी बटालियन की प्रभारी शिक्षिका डा. श्वेता शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।महाविद्यालय के प्राचार्य डा. देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि युवाओं को हमेशा जीवन में उत्साह बना कर रखना चाहिए। तभी चित् और स्थिर मानसिकता के साथ काम किया जा सकेगा। यह गुण स्वामी विवेकानंद में मौजूद था।

# नव प्रवेशित विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालक समागम सह कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में प्रवेशित बी.एस.सी. कृषि प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ''विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालक समागम सह कार्यशाला'' आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वनसंरक्षक वन मण्डल कांकेर श्री सुरेश प्रसाद पैकरा, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर के अधिष्ठाता डॉ. देवशंकर, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू, ऑनलाईन माध्यम से उप संचालक कृषि एन. के. नागेश, उद्यान के सहायक संचालक डॉ. व्ही. के. गौतम, सहायक संचालक कृषि सूरज पंसारी द्वारा किया गया। वनमण्डल कांकेर के वनसंरक्षक सुरेश प्रसाद पैकरा ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लक्ष्य साधकर अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा एवं रोजगार मूलक कार्यों को साथ-साथ करने के लिए प्रेरित किया। उपसंचालक कृषि एन. के. नागेश ने कहा कृषि के क्षेत्र में रोजगार की संभावना एवं छात्र जीवन से ही अपना एक अलग पहचान बनाना है, जिससे स्वयं के साथ-साथ दूसरों को रोजगार दे सकें। उद्यान के सहायक संचालक डॉ. व्ही. के. गौतम ने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी में फूलों की व्यवसायिक खेती फल एवं सब्जियों की बाजार मांग आधारित व्यवसाय कर अपने को सशक्त बना सकते हैं। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट के अधिष्ठाता डॉ. देवशंकर ने प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से कहा कि कृषि शिक्षा के बाद कृषि के क्षेत्र में रोजगार के आपार संभावना है, कृषि शिक्षा लेकर स्नातक एवं उच्च शिक्षा के साथ-साथ स्वयं के रोजगार भी शुरू कर सकते हैं। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि शिक्षा हासिल कर कृषि के साथ-साथ उच्च संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश हासिल कर सकते हैं। कृषि सहायक संचालक सूरज पंसारी ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित करते हुए कहा कृषि का क्षेत्र वृहद है रोजगार के अपार संभावना है, कृषि शिक्षा हासिल कर स्वयं का रोजगार चुनने का अच्छा अवसर है। कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिकों द्वारा प्रक्षेत्र में किये जा रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश कर चुके प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक गण प्रदेश स्तर पर विभिन्न जिलों से जुड़कर अपने कार्यक्रम में बतायें गये कृषि शिक्षा तकनीक एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी दीपेश कुमार सिन्हा, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षण प्रभारी डॉ. पीयूष कांत, डॉ. पी. एस. मरकाम, डॉ. प्रमोद कुमार नेताम, अनिल नेताम, हेमंत टोप्पो ने भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## माओवादी विरोधी अभियान के तहत् माटवाड़ा बेलचर मार्ग से 5 किग्रा का आईईडी बरामद



पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी की टीम हिंगुम, कोटमेटा, झारामोंगिया की ओर निकली थी। अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा वापसी के समय माटवाड़ा - बेचलर मार्ग पर रोड के किनारे तार दिखने पर मौके से सतर्कता पूर्वक सर्च किया गया। सर्च कार्यवाही में माओवादियों द्वारा पुलिस बल को क्षति पहुचाने की नीयत से मार्ग पर प्रेशर कुकर में आईईडी लगाया गया था। डीआरजी टीम की सक्रियता से माओवादियों द्वारा लगाये गये आई0ई0डी0 को मौके से बरामद कर सुरक्षित निष्क्रिय किया गया।

## ऋतु राज रघुवंशी होंगे जिले के नये जिलाधीश



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमे नारायणपुर जिले के वर्तमान कलेक्टर धर्मेश साहू का तबादला संचालक भू अभिलेख में कर दिया गया है। उनके स्थान पर 2014 बेच के युवा आईएएस अधिकारी ऋ्तुराज रघुवंशी जिले के 13वे कलेक्टर होंगे। ऋ्तु राज वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण में पदस्थ है।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा का दौरा कार्यक्रम

**कांकेर।** प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा 15 जनवरी शनिवार को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 11 बजे हेलीकाफ्टर द्वारा रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे आमाबेड़ा पहुंचेगे तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा हितग्राहियों से चर्चा करेंगे, तत्पश्चात वे दोपहर 03 बजे आमाबेड़ा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## औद्योगिक संस्थाओं व प्रतिष्ठनों में नियोजित श्रमिकों को टीका लगवाने प्रोत्साहित करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिले के समस्त औद्योगिक संस्थाओं, कारखाना, दुकान एवं वाणिज्यिक स्थापनाएं, निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम, टॉकिज, होटल एवं रेस्टोरेंट, मॉल, निजी शैक्षणिक एवं कोचिंग संस्थान, ट्रांसपोर्ट उपक्रम, निजी सुरक्षा एवं प्लेसमेंट एजेंसी, रियल स्टेट/कंस्ट्रक्शन कंपनी इत्यादि के नियोजकों को कोविड-19 से बचाव एवं रोकथाम के लिए अपने संस्था में नियोजित श्रमिकों, कर्मचारियों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के संबंध में प्रोत्साहित करने तथा जिन श्रमिकों, कर्मचारियों को वैक्सीन नहीं लगा है, उन्हें शीघ्र लगवाने हेतु प्रबंधन द्वारा सभी संभव सुविधा एवं सहूलियतें प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने कहा कि कोविड-19 से संक्रमित अथवा वैक्सीनेशन से प्रभावित किसी भी श्रमिक, कर्मचारी के वेतन भत्ते में कटौती नहीं किया जाये, सेवा, छंटनी अथवा सर्विस ब्रेक न किया जावे, बल्कि उन्हें आवश्यकतानुसार अवकाश एवं संवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाये।

**श्रमिकों की सहूलियत हेतु हेल्प लाइन नंबर-** कोरोना वायरस संक्रमण विस्तार की संकटापन्न स्थिति में श्रमिक, कर्मचारियों की सहूलियत के लिए श्रम विभाग द्वारा राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर हेल्प लाईन सेंटर संचालित है। राज्य स्तरीय हेल्प लाईन सेंटर का दूरभाष क्रमांक 0771-2443809, 91098-49992 है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय कांकेर के श्रम निरीक्षक निम्मी पटेल का मोबाईल नंबर 75668-60012 एवं तोषण प्रसाद तिवारी का मोबाईल नंबर 99268-46814 है, जिस पर संपर्क किया जा सकता है।

## खाद्य नियंत्रक ने प्लास्टिक चावल के वितरण को बताया अफवाह

- बस्तर जिले के स्कूल-आंगनबाड़ियों में किया जा रहा है पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टिफाईड चावल का वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

आकांक्षी जिलों में शामिल बस्तर जिले के स्कूल और आंगनबाड़ियों में पोषक तत्वों से भरपूर फोर्टिफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। खाद्य नियंत्रक अजय यादव ने बताया कि जिले में कुछ स्थानों में प्लास्टिक चांवल की अफवाह फैलाई गई थी, जिसका परीक्षण खाद्य विभाग द्वारा कराया गया। परीक्षण में यह बात सामने आई कि मध्यान्ह भोजन और एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संस्थानों में योजनांतर्गत बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने हेतु शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाईड चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। फोर्टिफाईड चावल में नियमित चांवल की अपेक्षा अधिक मात्रा में आयरन, फोलिक एसिड, बी कॉम्पलेक्स, विटामिन ए, जिंक पाया जाता है, जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बस्तर जिले में नियमित चावल के साथ-साथ स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में क्रमशः मध्यान्ह भोजन योजना एवं पूरक पोषक आहार योजना के तहत अगस्त माह से फोर्टिफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने फोर्टिफाईड चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बताते हुए अफवाहों से बचने की अपील की है।

## कूकानार बाजार में जहीरुद्दीन ने पशुपालकों को बताया किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ

### विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत प्राप्त कर सकते है लाभ

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिला पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालकों कों किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया जा रहा है। छ.ग शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार में के.सी.सी. शिविर आयोजित कर पशुपालन से संबंधित हितग्राहियों का के.सी.सी. प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंकों में प्रस्तुत किया जा रहा है। विगत दिवस कोंटा साप्ताहिक बाजार और कुकनार साप्ताहिक बाजार में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शासन द्वारा जारी कोविड-19 से बचाव हेतु दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिक से अधिक जन मानस तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए मेगाफोन की माध्यम से स्थानीय बोली भाषा में प्रचार सुनिश्चित किया जा रहा है। कृषि विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से अधिकाधिक पशुपालकों को के.सी.सी बनवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही समस्त ग्रामों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कर पशुपालकों प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.एस.जहीरूद्दीन ने बताया कि पशुपालकों को गौपालन हेतु 45,500.00 रूपए, बकरी/भेड़ पालन हेतु 28,908.00 रूपए, सूकर पालन हेतु 39,480.00 रुपए एवं मुर्गी पालन हेतु 10,000.00 रूपए का किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जाएगा। पशुधन विकास विभाग जिला सुकमा जिले के समस्त पशुपालकों से अनुरोध करता है कि के.सी.सी. का लाभ लेने के लिए पशुपालक संबंधित नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क करें और साप्ताहिक हाट बाजार में शिविर में आकर भी सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## हाट बाजारों में बनाए जा रहे हैं पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड

- विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत प्राप्त कर सकते है लाभ

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिला पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालकों कों किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया जा रहा है। छ.ग शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार में के.सी.सी. शिविर आयोजित कर पशुपालन से संबंधित हितग्राहियों का के.सी.सी. प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंकों में प्रस्तुत किया जा रहा है। विगत दिवस कोंटा साप्ताहिक बाजार और कुकनार साप्ताहिक बाजार में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शासन द्वारा जारी कोविड-19 से बचाव हेतु दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिक से अधिक जन मानस तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए मेगाफोन की माध्यम से स्थानीय बोली भाषा में प्रचार सुनिश्चित किया जा रहा है। कृषि विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से अधिकाधिक पशुपालकों को के.सी.सी बनवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही समस्त ग्रामों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कर पशुपालकों प्रोत्साहित करने का कार्य भी किया जा रहा है। उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.एस.जहीरूद्दीन ने बताया कि पशुपालकों को गौपालन हेतु 45,500.00 रूपए, बकरी/भेड़ पालन हेतु 28,908.00 रूपए, सूकर पालन हेतु 39,480.00 रुपए एवं मुर्गी पालन हेतु 10,000.00 रूपए का किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जाएगा। पशुधन विकास विभाग जिला सुकमा जिले के समस्त पशुपालकों से अनुरोध करता है कि के.सी.सी. का लाभ लेने के लिए पशुपालक संबंधित नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क करें और साप्ताहिक हाट बाजार में शिविर में आकर भी सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## आकांक्षी जिलों की रैंकिंग में नारायणपुर जिला फिसड्डी साबित हुआ

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नीति आयोग ने देश के 112 आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग नवम्बर 2021 ने जारी की है। इस रैंकिंग में कृषि, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना में नारायणपुर जिला नीति आयोग के तय मानकों पर खरा नही उतर पाया। इसमें खराब प्रदर्शन करने के कारण नारायणपुर जिला फिसड्डी साबित हो गया है। इससे 112 आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में नारायणपुर जिले को कृषि में 110, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास में 109 तथा आधारभूत संरचना में 92 वा स्थान हासिल हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है नीति आयोग के तय मानकों पर नारायणपुर जिले ने इन क्षेत्रों में इतना खराब प्रदर्शन किया होगा। जानकारी के अनुसार देश के पिछड़े हुए जिलों को विकास की दौड में अन्य जिलों के समकक्ष लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय विशेष सहायता मद से देश के 112 आकांक्षी जिलों को राशि प्रदान की जाती है। इससे नीति आयोग तय 5 वर्गों के विभिन्न मानक बिंदुओं पर इस राशि से जिले में विकास कार्य करने होते है। इससे नीति आयोग द्वारा तय 5 वर्गो के विभिन्न मानक बिंदुओं किए गए कार्य की रैंकिंग प्रत्येक वर्ष नीति आयोग जारी की जाती है। इसमें नीति आयोग तय 5 वर्गो की डेल्टा रैंकिंग के साथ ही जिलों का कंपोजिट स्कोर भी जारी किया जााता है। इससे नीति आयोग ने नवम्बर 2021में देश के 112 आकांशी जिलों की डेल्टा रैंकिंग के साथ ही कंपोजिट स्कोर भी जारी किया है। इससे 5 वर्गों के डेल्टा रैंकिंग में नीति आयोग तय 3 वर्गो में नारायणपुर जिले ने सबसे खराब प्रदर्शन किया है। इससे देश के 112 आकांक्षी जिलों में कृषि ओर जलसंसाधन में 110, वित्तिय समवेश ओर कौशल विकास में 109 एवं आधारभूत संरचना में 92 स्थान हासिल किया है। इस तरह नीति आयोग द्वारा 5 वर्गो की डेल्टा रैंकिंग में कृषि, कौशल विकाश सहित आधारभूत संरचना में नारायणपुर में सबसे खराब प्रदर्शन किया है। इससे 112 आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में 3 वर्गो में नारायणपुर जिला फिसड्डी साबित ही गया। नीति आयोग द्वारा 3 वर्गो के मापदंडों पर नारायणपुर जिला खरा नही उतर पाया है।

## कलेक्टर ने शिक्षा संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

### शिक्षण संस्थाओं का कलेक्टर विनीत नंदनवार ने किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com




आज सुकमा कलेक्टर वीनीत नंदनवार एक्शन मोड़ में नजर आए उन्होंने जिले के तीनो ब्लॉक के शिक्षा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया कोंटा ब्लॉक के एक दर्जन से ऊपर स्कूल आश्रमों का किया दौरा डुब्बाटोटा हाई स्कूल पहुँचे कलेक्टर विनीत नंदनवार, कार्य मे लापरवाही बरतने के चलते एक शिक्षक को किया निलंबित साथ ही वहां के बच्चों से कलेक्टर ने की चर्चा, उनके पढ़ाई के बारें में जाना, साथ ही शिक्षकों को भी आवश्यक निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए कलेक्टर ने शख्त लहजे में कहा कि शिक्षा व्यवस्था में कोताही कोई भी सूरत में बर्दास्त नहीं की जावेगी, केरलापाल हाईस्कूल पहुँचे कलेक्टर विनीत नंदनवार, बच्चों से कर रहें हैं चर्चा कर कुछ सवाल भी किए गए जिसका बच्चों ने जवाब दिए। बच्चों के साथ कलेक्टर बेहद ही सरल नजर आए, उनसे चर्चा की जिससे स्कूली बच्चें काफी खुश व सहज नजर आए। इस दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार ने बच्चों को पढ़ाई के बारे में कुछ टिप्स भी दिए, उन्होंने कहा परिश्रम के सीप में ही सफतला का मोती पलता हैं । मेहनत करें सफलता अवस्य मिलेगी। गौरतलब हैं कि आज कलेक्टर विनीत नंदनवार दौरे पर हैं जहां वो स्कूल, आश्रम का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। कोंटा ब्लॉक के बाद सुकमा ब्लॉक में भी कलेक्टर ने किया स्कूल व आश्रम का निरीक्षण सुकमा ब्लॉक के बुडदी पहुँच कर कलेक्टर विनीत नंदनवार, बच्चों से चर्चा भी किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डड़सेना, डीएमसी श्याम सिंह चौहान भी मौजूद रहें।

## सुकमा में आजादी का अमृत महोत्सव नीति आयोग के साथ

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ डी.एन कश्यप, डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोरम, डिप्टी कलेक्टर (नोडल ) अजय पोडियाम, डी.ई .ओ. श्री नितिन डडसेना द्वारा एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफॉर्मेशन थीम के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव लांच किया गया। कार्यक्रम में नीति आयोग के डॉ. हेमेंद्र भुआर्य द्वारा पीपीटी के माध्यम से एस्पिरेशनल जिलों में नीति आयोग के 3 सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम डिजाइन किया है।

नीति आयोग के तीनों सिद्धात के अनुसार जिला सुकमा में विभिन्न कार्यक्रम का संपादन सुनिश्चित किया जा रहा है। सिद्धान्त के तहत सुकमा के समस्त महाविद्यालय के युवाओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके तहत समस्त महाविद्यालय में वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता कराई जायेगी। तहत समस्त विभागों के अधिकारियों के मध्य निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के विकास हेतु विचार इकट्ठे किए जाएंगे एवं सर्वश्रेष्ठ विचार को सुकमा में लागू करने का प्रयास किया जायेगा। इसके साथ ही के सिद्धांत के तहत जिले के समस्त विद्यालयों में 16 जनवरी को स्कूल, 18 जनवरी को क्लस्टर, 20 जनवरी को विकास खंड स्तर और 23 जनवरी को जिला स्तर पर वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा।

सुकमा को ट्रांसफॉर्म करने में समुदाय, एनजीओ, महाविद्यालय के युवाओं, पंचायत के जन प्रतिनिधियों, और स्व-सहायता का सहयोग लिया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए सुकमा से पिरामल फाउंडेशन / नीति आयोग के गांधी फ़ेलो काजल फटिंग और योगिता झिलपे भी उपस्थित रहे।

## जिले में धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बस्तर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के कारण सुचारु रुप से जारी है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा बारदाना की कमी को पूरा करने के लिए बनाई गई नीतियों के कारण इस वर्ष किसी भी समिति में बारदाने की कमी अब तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में 1 लाख 62 हजार 744 मैट्रिक टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य है तथा 13 जनवरी तक 24 हजार 489 किसानों से 1 लाख 14 हजार 67 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। लक्ष्य के अनुसार 48 हजार 676 मैट्रिक टन धान की अनुमानित खरीदी शेष है, जिसके लिए 2434 गठान बारदाने की जरुरत होगी। जिले में वर्तमान में 2907 गठान बारदाने उपलब्ध है, जिनमें 1637 गठान उपार्जन केन्द्रो में और 1270 गठान विपणन संघ के गोदाम में उपलब्ध हैं। जिले में शेष धान खरीदी के लिए बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा समितियों द्वारा की गई मांग के अनुसार बारदाने प्रतिदिन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# आलू की फसल पर जीवन का संकट पानी निकास की व्यवस्था करें तुरंत

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद सब्जी की वही फसलें बच पाएंगी, जिनमें फूल लगने वाले हैं।ऐसी फसलों को बचाने के लिए किसानों को पानी-निकास की व्यवस्था तत्काल करनी होगी। नुकसान में आ चुकी फसलों की स्थिति का आकलन करने के बाद, फिर से बोनी की व्यवस्था करनी होगी।

उद्यानिकी फसलें संकट में आ चुकीं हैं। रुक-रुक कर बीते चार दिनों से हो रही बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान आलू की फसल लेने वाले किसानों को होने वाला है क्योंकि तैयार हो चुकी इसकी फसल पूरी तरह गलने की आशंका होने लगी है। लिहाजा जमाव वाले क्षेत्र से पानी निकास की व्यवस्था जल्द से जल्द करने होंगे ताकि फिर से बोनी का समय मिल सके।



**आलू चौपट :** बारिश की जैसी स्थिति बनी हुई है,उसमें सबसे ज्यादा नुकसान आलू की फसल को होगा क्योंकि इसने परिपक्वता अवधि पूरी कर ली है। निकाले जाने की चल रही तैयारियों के बीच, हुई बारिश से अब यह गलने की अवस्था में आती नजर आ रही है।

**ये किसी काम की नहीं :** रबी सीजन में ली जाने वाली सब्जी की पहली तैयारी के समय भी ऐसी ही बारिश ने नुकसान पहुंचाया। दोबारा बोनी के बाद जैसे ही फसल तैयार होने को आई, वैसे ही हुई बारिश अब दूसरी फसल के लिए संकट की वजह बन रही है।जिन सब्जियों के पूरी तरह खराब होने की आशंका है उनमें टमाटर, बैंगन,मूली, भिंडी, गोभी, सेमी,तुरई,करेला, लौकी, कुम्हड़ा मुख्य है।

### पानी प्रबंधन पर जोर

सब्जी वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि फूल लग रही सब्जियों की प्रजाति में जल-जमाव की स्थिति न बनने दें। पानी निकासी की व्यवस्था समय रहते तत्काल करें,नहीं तो यह भी नष्ट हो जाएंगी। इसके अलावा तीसरी बोनी की तैयारी करें।धूप निकलने के बाद ऐसी प्रजाति की बोनी करें जो मौसम के अनुकूल हों ताकि नुकसान की भरपाई की जा सके।

मौसम की जैसी स्थिति बनी हुई है, उसमें सबसे ज्यादा नुकसान आलू की फसल को होगा।फूल लगने की स्थिति वाली फसलों को बचाए रखने के लिए जल निकासी की व्यवस्था तत्काल करें।
-डॉ.अमित दीक्षित, डीन, कॉलेज ऑफ हार्टिकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, सांकरा, दुर्ग

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु ने किया शासन प्रशासन से अपील

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर में बड़ी संख्या में कोरोना से पीड़ित मिल रहे हैं लोग लगातार तिल्दा नेवरा में बड़ी संख्या में रोज शासकीय अस्पताल तिल्दा में जांच करा रहे हैं और पॉजिटिव आ रहे हैं और सैकड़ों की संख्या में लोग प्राइवेट हॉस्पिटल पर भी अपनी जांच करा रहे हैं जिससे पता चलता है कि किस प्रकार से कोरोना महामारी अपना जाल फिर से फैलाने लगा है जिसमें व्यापारी मजदूर युवा बुजुर्ग सभी प्रकार के लोग चपेट में आ रहे हैं वहीं स्थानीय प्रशासन के द्वारा कुछ दिन पहले ही नगर पालिका में बैठक आयोजित किया गया और कोरोना से लड़ने की रणनीति बनाया गया लेकिन यह सभी रणनीति और नियम कागज में ही सिमट कर रह गया है किसी भी दुकानों पर या कोई भी बाजार पर मास्क लोगों के चेहरे पर नहीं दिख रहा है जो कि स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है जिस प्रकार से लोग बिना मास्क के बेफिक्र होकर बाजारों में घूम रहे हैं कहीं ना कहीं सब खुद ही समस्या को निमंत्रण दे रहे हैं जिसे रोकने की दायित्व शासन प्रशासन की बनती है लेकिन शासन प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए दिख रहा है इतने बड़े महामारी से मुंह फेर रहा है वहीं वार्ड क्रमांक 6 के बाजार हाट में जो अस्थाई थोक सब्जी मंडी है जहां पर रोज हजारों की संख्या में लोग झुंड के साथ एक के ऊपर एक चढ़के बोली लगाते हुए देखे जा सकते हैं वही बाहर के गाड़ियों का भी आना-जाना लगातार उस थोक सब्जी मंडी में बना रहता है जिसे स्थानीय पार्षद मनोज निषाद के द्वारा नगर पालिका के सीएमओ को कई बार पत्र लिखकर निवेदन किया जा चुका है की इस थोक मंडी को मोहल्ले से दूर नगर से दूर शहर के बाहर किसी स्थान पर भेजा जाए जिससे कि घनी आबादी वाले मोहल्ले में कोरोना महामारी को फैलने से रोका जा सके लेकिन किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं किया जा रहा है वहीं वार्ड के पार्षद ने बताया कि अगर इस मोहल्ले में अगर कोरोना महामारी फैलता है तो इसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ नगरपालिका के सीएमओ ही रहेंगे क्योंकि यह अधिकारी सिर्फ पैसों वालों की चिंता करते हैं गरीबों के लिए सोचने के लिए इनके पास समय नहीं है जिसकी शिकायत लगातार उच्च अधिकारियों से किया जा रहा है वहीं भारतीय जनता पार्टी तिल्दा शहर के मंडल महामंत्री सौरभ जैन ने शासन प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि लोगों को शासन प्रशासन के द्वारा जागरूक किया जाना चाहिए, जागरूक करते हुए हल्का से सख्ती बरतने की आवश्यकता है और भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने के लिए सख्ती करने की आवश्यकता है वहीं नेवरा बुधवारी बाजार हाट पर अस्थाई रूप से चल रहे थोक सब्जी मंडी को शहर के बाहर रखने की व्यवस्था किया जाना चाहिए जिससे कि घनी आबादी वाले मोहल्ले में कोरोनावायरस को फैलने से रोका जा सके।


## जिले में एक सप्ताह के लिए प्राइमरी और मिडिल स्कूल रहेंगे बंद

बलौदाबाजार। जिले में 13 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक एक सप्ताह तक के जिले की तमाम प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल बंद रहेंगे। अर्थात नर्सरी से लेकर कक्षा 8 वीं तक के बच्चों के स्कूल आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुनील कुमार जैन ने इस आशय के आदेश आज जारी किये है। जिले में कोरोना संक्रमण दर में आ रही तजी के कारण छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से ये आदेश जारी करते हुये उक्त अवधि तक स्कूल बंद रखने को कहा है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को बंद के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। जिला प्रशासन द्वारा एक सप्ताह के बाद स्थिति की पुनः समीक्षा की जायेगी और प्रतिबंध अवधि को आगे बढ़ाने अथवा नहीं बढ़ाने पर निर्णय लिया जायेगा। गौरतलब है कि पालकों और अभिभावकों द्वारा बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कुछ दिनों के लिए स्कूलों को बन्द रखने की मांग की गई थी।

# 3 लाख से ज्यादा के 10 टन टमाटर की अफरा-तफरी, आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी को सोमनी जिला दुर्ग से किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी जे. सत्यनारायण मूर्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि संजारी नवागांव स्थित अनिल कृषि फार्म से ट्रक क्र. सी.जी. 08 ए.एस. 2599 में 455 पैकेट वजनी 10 टन टमाटर कीमत 03 लाख 13 हजार रूपये को 14.जनवरी को लोड करके बैंग्लूर कर्नाटक के लिए रवाना हुआ था, जो गर्तव्य स्थल पर नहीं पहुंचा। ड्रायवर द्वारा अपने मोबाइल को बंद कर दिया है, कि रिपोर्ट पर धारा 407 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले मे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सिमगा के नेतृत्व में टीम तैयार कर ट्रक क्र.- 2599 के मालिक को तलब कर बारिकी से पूछताछ किया गया, जो घटना दिनांक को अपना ट्रक नागपुर मे होना बताया, जो कि तस्दीक करने पर सही पाया गया। तब ट्रांसपोटर को तलब कर पूछताछ करने पर प्रजापति नामक ट्रक स्वामी का ट्रक टमाटर लोड करने भेजना बताये तथा वाहन स्वामी एवं ट्रक चालक का मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराया। सायबर सेल की मदद से टेडेसरा सोमनी जिला दुर्ग से आरोपी भृगुनाथ प्रजापति पिता रामजतन प्रजापति उम्र 55 साल साकिन जतौर थाना गुडकी जिला शिवान बिहार हाल ग्राम टेडेसरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ.ग. को तलब कर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया। जिसने बताया कि जयश्री राधे ट्रासपोटर के साथ पूर्व मे लेने देने बात को लेकर विवाद होने पर उसे बदनाम करने के नियत से ट्रांसपोटर द्वारा लगाये गये वाहन में फर्जी तरीके से दूसरा ट्रक का नम्बर प्लेट लगाकर धोखाधड़ी कर अनिल कृषि फार्म संजारी नवागांव से 10 टन टमाटर लोड कर गंतव्य को न जाकर रापड़ गंज उत्तर प्रदेश मंडी खुली बाजार में टमाटर को अपने परिचालक के सहायता से बिक्री कर बिक्री रकम एक लाख रूपये को आपस में बटवारा कर अपने परिचालक को भगा दिया। विवेचना में आरोपीगणो के विरूध्द धारा 420, 34 भादवि जोड़ी गयी आरोपी भृगुनाथ प्रजापति को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया जहा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही - थाना प्रभारी उप. निरी. पुरषोत्तम कुर्रे, स.उ.नि. ईश्वर टोप्पो, प्रआर. रामनारायण वर्मा, आरक्षक रूपेश चंद्रवंशी, एवं समस्त स्टाफ थाना सिमगा सायबरसेल बलौदा प्रभारी उप. निरीक्षक उमेश वर्मा, आरक्षक कुमार जायसवाल, नेहा तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

- थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021 मे घटित हुई थी घटना
- सउनि अश्वनी पडवार, महिला प्र.आर. पिंकी कुर्रे, मआर आशा भारती एवं आर मनोज श्रेय का था विवेचना में महत्वपूर्ण योगदान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

थाना पलारी में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21जनवरी की रात्रि प्रार्थिया अपने घर के पीछे तरफ लघुशंका के लिए गई थी, तब आरोपी जितेंद्र कुमार सोनवानी द्वारा अंधेरे का फायदा उठाकर प्रार्थिया के साथ जबरन बलात्कार किया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 21/2021 धारा 376,511 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी जितेंद्र सोनवानी पिता केशव राम उम्र 19 साल निवासी कुकदा को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में थाना पलारी पुलिस द्वारा विवेचना कार्रवाई पूर्ण कर एवं महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर अभियोग पत्र तैयार करते हुये न्यायालय पेश किया गया। मामले में 16.जनवरी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा उक्त प्रकरण में आरोपी जितेंद्र सोनवानी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है। मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता राजेंद्र द्विवेदी द्वारा की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में उत्कृष्ट विवेचना कार्य एवं आरोपी को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी पडवार, महिला प्रधान आरक्षक पिंकी कुर्रे, महिला आर. आशा भारती एवं आरक्षक मनोज श्रेय को नगद इनाम से भी पुरस्कृत किया है।

# बेमौसम बारिश से खराब हुए फसलों का मुआवजा घोषित करें सरकार : चंद्रशेखर साहू

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में विगत एक हफ्ते से हो रही बेमौसम बारिश ने दलहन तिलहन व उन्हारी फसलों को क्षति पहुंचाई है। क्षेत्र के भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने इस क्षति की भरपाई हेतु प्रदेश सरकार से तत्काल मुआवजाराशि जारी करने की माँग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विगत वर्षों में भी बेमौसम बारिश से चना व तिवरा की फसल प्रभावित हुई थी। कुछ गाँवों में शत प्रतिशत नुकसान भी हुआ था लेकिन आज तक उन्हें शासन प्रशासन की ओर से मुआवजा राशि नहीं मिली है। पिछले रबी सीजन में फिंगेश्वर ब्लॉक के विभिन्न गाँवों में धान की फसल को ओलावृष्टि से नुकसान हुआ था जिसका मुआवजे के लिए प्रकरण भी तैयार किया गया था किंतु आज तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिलना शासन प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है।वर्तमान में बेमौसम बारिश ने सभी प्रकार की दलहन व तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्वाभाविक है और उन्हें आस है कि सरकार द्वारा मुआवजा राशि घोषित की जाएगी। सरकार समय रहते इस पर उचित निर्णय लेकर किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा करें ताकि रबी फसल में नष्ट हुई फसलों पर आई लागत से उन्हें कुछ राहत मिल सके।

# कलेक्टर और जिला सीईओ का तबादला

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन ने एक आदेश जारी करते हुए कई जिलों के कलेक्टर सहित 16 आईएएस अधिकारियों के तबादले किये है। गरियाबंद कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर का भी इस लिस्ट में नाम शामिल है। अब वे महासमुंद कलेक्टर होंगे। वहीं गरियाबंद जिले की कमान नम्रता गांधी संभालेंगी वहीं जिला पंचायत का नया सीईओ रोक्तिमा यादव होंगी। रोक्तिमा यादव इससे पूर्व जिले में डिप्टी कलेक्टर रह चुकी है। वही जिले के पूर्व कलेक्टर श्याम धावड़े का तबादला कोरिया कलेक्टर से बस्तर कमिश्नर के पद पर हुआ है।

**बसन्त बघेल देवभोग, भूषण चंद्राकर होंगे पांडुका थाना प्रभारी :** जिला पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर ने विभागीय माइनर सर्जरी की है। एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक एवं दो सउनि के तबादले किए गए है। पांडुका थाना प्रभारी बसंत बघेल को देवभोग थाना प्रभारी बनाया गया है। विकास बघेल के तबादले के बाद यह पद रिक्त हुआ था। वही पांडुका थाना प्रभारी की जिम्मेदारी उप निरीक्षक भूषण चंद्राकर को दी गयी है। उप निरीक्षक सतउ राम नेताम को गरियाबंद से इदांगांव भेजा गया है। उन्हें इंदागांव थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा यातायात गरियाबंद से सउनि देवेंद्र वर्मा को थाना गरियाबंद एवं थाना गरियाबद से सउनि अजय सिंह को यातायात शिफ्ट किया गया है।

# कोरोना महामारी में ब्लड बैंक के सदस्य, जरूरतमंदों को ब्लड देकर बचा रहे जिंदगी

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण के दहशत के बाद भी स्थानीय ब्लड डोनर संघ के सदस्य जरूरतमंदों को ब्लड दान कर उनकी जिंदगी को बचा रहे हैं। स्थानीय ज्योति हॉस्पिटल में एक गर्भवती माता खिलौना ध्रुव के शरीर से अचानक ब्लड घटकर मात्र 6 ग्राम हो गया।जिससे उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते लोग ब्लड देने के लिए सामने नहीं आए। इसकी जानकारी जब ब्लड डोनर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश साहू और प्रदेश संयोजक हरि शंकर वर्मा को हुई तो वे तत्काल ज्योति हॉस्पिटल पहुंच गए। और ब्लड रूप की जानकारी लेकर उन्होंने संघ के सदस्य जितेंद्र बारले .अभिषेक बंजारे और ओम प्रकाश साहू को बुलाया और महिला को रक्तदान करवाया। महिला को ब्लड मिलने के बादमहिला पूरी तरह से स्वस्थ हो गई। उन्होंने ब्लड देने वाले युवकों से कहा ब्लड मिलने से मुझे और मेरे पेट में पल रहे बच्चे को नया जीवनदान मिला है। संघ के अध्यक्ष कमलेश ने बताया कि ब्लड दान करने से शरीर का खून कम नहीं होता है बल्कि बढ़ता है। मौजूद लोग ब्लड दान करने सामने नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के चलते लोग सहमे हुए हैं। बावजूद हमारे संघ के सदस्य ब्लड देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि किसी को ब्लड की जरूरत ना पड़े लेकिन यदि किसी को ब्लड की जरूरत होगी तो हमारे संघ के सदस्य आधी रात को भी ब्लड देने को तैयार है।

## शिक्षकों को टीकाकरण की जानकारी पहुंचाने की दी जिम्मेदारी

# छूटे हुए बच्चों एवं फ्रंटलाइनर्स के लिए होगा विशेष टीकाकरण अभियान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर टीकाकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से जिले में 14 एवं 15 जनवरी को विशेष टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब 15 से लेकर 18 वर्ष के छूटे हुए छात्र छात्राओं एवं गांव में रहनें वाले शाला त्यागी बच्चों का टीकाकरण को शत प्रतिशत पूर्ण करनें का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे लक्षित हितग्राही अपने गांव में पूर्व से निर्धारित स्कूल जिसे टीकाकरण केंद्र बनाया गया है वहां पहुँच कर लाभ ले सकतें है। शिक्षकों को इसकी जानकारी सभी छात्रों तक6 पहुँचाने की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह बूस्टर डोज के लिए भी दो दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें खास कर फ्रंटलाइनर्स एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। फ्रंटलाइनर्स में स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, पंचायत,महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी गण शामिल है। कलेक्टर जैन ने अपील जारी करतें हुए कहा कि राजस्व विभाग से जड़े पटवारी,आर आई,कोटवार एवं अन्य मैदानी अमला जैसे सचिव,कररोपण अधिकारी, एडीईओ, मितानिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,नर्स 2 दिनों के भीतर बूस्टर डोज लगवा लेवें। उन्होंने आज एक पत्र निकालकर



संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को अनिवार्य रूप टीकाकरण कराने के निर्देश दिए है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने भी पुलिस के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों को बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश दिए है। बूस्टर डोज की व्यवस्था अभी केवल जिला हॉस्पिटल एवं सभी विकासखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गयी है।

### सीएचएमओ डॉ सोनवानी ने बुस्टर डोज लगा के दिया संदेश

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने एक अच्छी पहल करते हुए अपना एहतियाती डोज का टीकाकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा में करवाया। साथ हीं उन्होंने अपील जारी करतें हुए कहा कि जिलें में टीकाकरण की गति काफी कम है। जिससे आने वाले दिनों में और अधिक समस्या हो सकती है। क्योंकि दिनों दिन कोविड का संक्रमण बढ़ रहा है ऐसे में अपने एवं अपनों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिले में टीकाकरण में और तेजी लाने की आवश्यकता है। जिसमें जन समुदाय की सहभागिता जरूरी है। ऐसे में जिले स्तर से स्वास्थ्य विभाग के किसी अधिकारी का जन समुदाय के बीच जाकर टीकाकरण करवाना जन सामान्य को प्रेरित करने के लिए अच्छा प्रयास हो सकता है। गौरतलब है कि जिले में अभी तक 18 साल से अधिक वाले 80 प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली डोज और 51 प्रतिशत लोगो ने दोनों डोज लिए है। जबकि 70 प्रतिशत बच्चों को टीका लग चुका है। इस दौरान रिसदा केंद्र के प्रभारी अविनाश केसरवानी भी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश पर निरीक्षक आशीष राजपूत थाना प्रभारी कसडोल एवं उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी सिमगा के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 05 कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना कसडोल में आरोपी से 08 लीटर महुआ शराब कीमती 1600, एवं थाना सिमगा में आरोपियों से देसी विदेशी कुल 21.520 बल्क लीटर शराब कीमत 13030 एवं 04 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करते हुए जेल दाखिल किया गया है। 01. मन्नू केवट पिता मेन सिंह उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम झबड़ी थाना कसडोल से 08 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 1600 जप्त02. राधे साहू पिता पुनुराम साहू उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कठिया जिला बेमेतरा से 5.070 बल्क लीटर शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त,03. रामकुमार पारधी पिता बनउराम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम चुचरूंगपुर थाना सिमगा से 5.290 बल्क लीटर शराब एवं मोटरसाइकिल होंडा जप्त, 04. विजय मिरी पिता श्यामलाल मिरी ग्राम औरैठी थाना सिमगा से 5.400 बल्क लीटर देसी मसाला शराब एवं एकमोपेड 05. दिलीप यादव पिता नारायण यादव उम्र 32 साल निवासी टीहूपारा सिमगा से 5.760 बल्क लीटर देशी मसाला शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त।

## स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ा विश्वास

# शासकीय अस्पतालों में भी मिल रही सिजेरियन प्रसव की सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य सेवा में निरंतर उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में विकासखंड स्तर तक संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिये सामान्य प्रसव के साथ ही शासकीय अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव की सुविधा भी नियमित रूप से उपलब्ध करायी जा रही है। इस वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में 90 सिजेरियन प्रसव (31 दिसंबर 2021 तक) कराये गए हैं, जो बीते वर्ष की तुलना में दोगुना के करीब है। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक तिल्दा ममता सुनानी का कहना है, कोविड-19 संक्रमण काल में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रसव के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। ``ऐसे समय में अगर आपके घर में गर्भवती महिला है तो घबराने या परेशान हों की आवश्यकता नहीं हैं। स्वास्थ्य कर्मी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करके गर्भवती महिलाओं के सामान्य और सी-सेक्शन प्रसव करवाए जा रहे है। होने वाले बच्चे को भी कोविड संक्रमण से बचाया जा रहा है। इतना ही नहीं यदि गर्भवती महिला कोविड पॉजिटिव हैं या रह चुकी तो भी कोविड को लेकर कतई न घबराएं। कोविड जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए बस जागरूक, सचेत और सतर्क रहने की जरूरत है। हमेशा अपने चिकित्सक के संपर्क में रहें और उनके द्वारा दिए परामर्श का पालन करें।'

### संस्थागत प्रसव को लेकर मितानीन कर रहीं हैं प्रोत्साहित

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि संस्थागत प्रसव कराने के लिये जच्चा को प्रोत्साहित करें। कोविड पॉजिटिव महिलाओं को प्रसव के लिए कोविड अस्पताल ले जाने के लिए राज्य शासन द्वारा निशुल्क व्यवस्था है। मितानिन और एएनएम इस कार्य में उनकी मदद करती हैं। कोविड पॉजिटिव गर्भवती के प्रसव के लिए जिला अस्पताल रायपुर में विशेष सुविधा उपलब्ध है। विकासखंड में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा इस प्रकार से है- वर्ष 2020-21 2,430 सामान्य प्रसव हुए वही वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही (31 दिसंबर 2021) तक 1,864 सामान्य प्रसव कराए गए हैं वहीं अगर सिजेरियन प्रसव की बात की जाए तो 2020-21 में 54 सिजेरियन प्रसव हुए थे जबकि इस वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही (31 दिसंबर 2021 तक ) 90 सिजेरियन प्रसव कराये गए हैं , जो बीते वर्ष की तुलना में दुगने के करीब है। साथ ही लोगों का विश्वास शासकीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र में दी जा रहीं सेवाओं के प्रति बढ़ा है।

## बेमौसम बारिश से नुकसान किसानों को दे मुआवजा : सौरभ जैन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

पूरे छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से बेमौसम बरसात के चलते अंचल के सभी किसानो को भारी नुकसान झेलने को मजबूर है जिसकी निरीक्षण कर राज्य सरकार को किसानों को देना होगा मुआवजा इसी प्रकार कई किसान भाइयों के धान भी खरीदी केंद्र में पहुंच कर बेमौसम बरसात का शिकार हो रहा है और खरीदी केंद्रों में किसानों की धान खरीदी की व्यवस्था काफी ठप हुआ है और खरीदी केंद्र द्वारा खरीदे गए धान ओं का भी पर्याप्त संसाधन नहीं होने का कारण धान पानी में भीग रहे हैं जैकी छत्तीसगढ़ की जनता की बड़े नुकसान है जिसके कारण किसान अपने धान नहीं बेच पा रहे हैं सरकार को राज्य सरकार को किसानों की धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने चाहिए जिससे कि किसान अपने मेहनत से उपज धान को सरकार को समर्थन मूल्य पर बेच सकें सरकार पहले भी 1 महीने लेट करके धान खरीद कर रहा है जो कि किसानों की पहले से ही नुकसान है अब ऐसी स्थिति में मौसम खराब होने के कारण सभी खरीदी केंद्रों में खरीदी का काम बंद है फिलहाल जिसके कारण किसानों की बिक्री करने की समय में कटौती हो रहा है जो कि बड़े ही चिंतन की विषय है।

वही अंचल में बड़ी संख्या में किसानों ने सब्जियां तीवरा रहल मटर चना जैसे अन्य कई प्रकार के अनाजों का फसल कर रहे हैं जिसे मौसम के कारण भारी नुकसान उठाने को पड़ रहा है जोकि आसपास के अंचल में रहने वाले किसानों के चेहरे में चिंता की लकीर साफ-साफ पढ़े जा सकते हैं सरकार को चाहिए कि सभी क्षेत्रों में नुकसान की निरीक्षण करते हुए किसान भाइयों को मुआवजा देकर उचित न्याय किया जाने की आवश्यकता है।

## श्रमिकों की सहायता के लिए हेल्प नम्बर जारी

**बलौदाबाजार।** कोविड की तीसरी लहर में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सहायता के लिए श्रम विभाग द्वारा हेल्पलाईन सेन्टर बनाया गया है। ये सेन्टर राजधानी रायपुर के साथ ही जिला श्रम कार्यालय बलौदाबाजार में काम कर रहा है। श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार ने बताया कि रायपुर में स्थापित हेल्पलाईन सेन्टर का सम्पर्क दूरभाष नम्बर 0771-2443809 एवं मोबाईल नम्बर 91098-49992 तथा बलौदाबाजार जिले का मोबाईल नम्बर 8602592454 है। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण के कारण संकट में फंसे श्रमिक उक्त नम्बरों पर सम्पर्क कर अपनी परेशानी दर्ज करा सकते हैं।

## स्कूलों में हुआ कोविड टीकाकरण



**सक्ती।** सक्ती में किशोरों को कोरोना से बचाव के लिए बुधवार के दिन स्थानीय स्कूलों मे टीकाकरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया, इसी कड़ी में जे बी डी ए व्ही हा से स्कूल मे भी टीकाकरण हुआ, टीकाकरण को लेकर किशोरों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला, सुबह 10 बजे से ही बच्चे आधार कार्ड लेकर स्कूल प्रांगण मे आ गए थे,आर एच ओ सीताराम बरेठ और अनिता दानी ने बच्चो का टीकाकरण किया,टीका लगने के बाद बच्चो के 20 मिनट आराम के दौरान जब उनसे टीकाकरण के बारे मे पूछा गया तो सभी बच्चे बहुत खुश दिखे,टीकाकरण का कार्यक्रम 3 बजे तक चला, कुल 82 किशोरों को टीका लगाया गया,सफल टीकाकरण कार्यक्रम के लिए संचालक अनिल दरयानी, प्राचार्या के नागमणी राव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

## भू-अभिलेख अधिकारी संघ राजस्व मंत्री से मिला



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भू अभिलेख अधिकारी व नायब तहसीलदार संवर्ग को एक किए जाने के पक्ष में भू-अभिलेख अधिकारी संघ राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिला।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के भू-अभिलेख संघ ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर दोनों संवर्ग को अति शीघ्र एक संवर्ग में करने की मांग रखी। संघ ने बताया कि नायब तहसीलदार एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर चयन पीएससी परीक्षा के माध्यम से होता होता है ,दोनों ही पदों की भर्ती प्रक्रिया ,प्रशिक्षण, वेतन भत्ते तथा कार्य की प्रकृति एक समान है। शासन की सुशासन की मंशा के अनुरूप विकेंद्रीकरण के तहत भुईयां डिजिटाइजेशन ,ऑनलाइन नक्शा खसरा व डायवर्सन जैसे महत्वपूर्ण कार्य का संपादन तहसीलों के माध्यम से किया जा रहा है ज्ञात हो कि पहले यह कार्य भू अभिलेख अधिकारियों के द्वारा जिला स्तर पर किया जाता था।

आम जनता तक सेवाओं की सूलभ पहुंच हेतु नवीन तहसीलों का गठन किया जा रहा है संवर्ग के एक हो जाने से शासन को मानव संसाधन भी उपलब्ध हो जाएगा और पृथक से नए पद सृजन व वित्तीय भार की स्थिति भी निर्मित नहीं होगी। प्रदेश भर के जिला कलेक्टरों व संभाग आयुक्तों ने दोनों ही पदों को एक करने के पक्ष में अपना अभिमत दे दिया है। संघ प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व संघ के संरक्षक दुष्यन्त कोशले जी ने किया।

## उप चुनाव क्षेत्रों में 20 जनवरी को रहेगा अवकाश

**बलौदाबाजार।** पंचायती राज उप चुनाव के लिए निर्धारित मतदान तिथि 20 जनवरी को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश होगा। जिला श्रम पदाधिकारी द्वारा कारखाना अधिनियम एवं दुकान स्थापना अधिनियम के अंतर्गत इस आशय के आदेश जारी किये गये है। चुनाव क्षेत्र में आने वाले संस्थान के श्रमिकों एवं कर्मचारियों दोनों पर यह अवकाश लागू होगा। किन्तु ऐसे कारखाने जो सप्ताह में 7 दिन काम करते हैं, वहां प्रथम एवं दूसरी पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घण्टे का अवकाश घोषित किये जाने एवं जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान के अधिकार की सुविधा दी गई है।

## निधन — मोतीराम पात्रे

**मुंगेली।** हमें अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है



कि मेरे पति मोतीराम पात्रे (सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर) का आकस्मिक निधन दिनांक 12/01/2022 को हमारे निवास स्थान मो बशीर खान वार्ड, मुंगेली में हो गया है जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 14/01/2022 को हमारे ग्राम शीतलकुण्डा में रखा गया है, प्रियजन जिन्हें निमंत्रण नहीं मिल पाया है वे इसे ही निमंत्रण समझकर, पहुंचकर मृतआत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## शबाना तनवीर कुरैशी ने जिला आयुक्त के साथ किया मुस्लिम कब्रिस्तान के अहाता निर्माण का निरीक्षण



**सक्ती।** आदिम जाति कल्याण एवं अल्पसंख्यक विभाग जांजगीर चांपा जिले की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनोनीत समिति की सदस्य शबाना तनवीर कुरैशी ने आदिम जाति विभाग के जिला आयुक्त लहरे के शक्ति प्रवास के दौरान उनके साथ शक्ति विकासखंड के ग्राम-अमापाली में शासन की योजना के तहत मुस्लिम कब्रिस्तान में किए जा रहे आहाता निर्माण कार्य का निरीक्षण किया,तथा इस दौरान विभाग के आयुक्त एवं सदस्य शबाना कुरैशी ने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए, साथ ही कहा कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार ही निर्माण कार्य करें एवं आहाता निर्माण स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं प्राक्कलन के अनुरूप होना चाहिए तथा इस दौरान शबाना तनवीर कुरैशी ने मुस्लिम समाज के बंधुओं से भी चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की कांग्रेसनीत सरकार सर्व समाज एवं सर्व वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है,तथा अमापाली शक्ति विकासखंड का एक बड़ा गांव है, एवं यहां काफी संख्या में मुस्लिम समाज के बंधु निवास करते हैं,तथा इन सभी को देखते हुए मुस्लिम समाज के बंधुओं ने आहाता की कमी को देखते हुए इसे निर्माण का आग्रह किया था जिस पर तत्काल उनके द्वारा संबंधित विभाग को पत्र लिखकर स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के माध्यम से प्रेषित किया, जिस पर निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली, इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता तनवीर अहमद सोनू कुरैशी भी मौजूद थे, एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला आयुक्त लहरें ने भी अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया।

## एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 25 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कवर्धा।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा द्वारा एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृत दी गई है। इसके तहत तहसील कवर्धा के इंदौरी निवासी महेन्द्र चंद्रवंशी की सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त मंजू चंद्रवंशी (मृतक के पत्नी) को 25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत दी गई है।

## 22 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त देवकर पुलिस की कार्यवाही

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला श्री तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में समस्त थाना चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 12.01.2022 को चौकी देवकर पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मोहगांव के रहने वाला नितेश उर्फ रंगसू अवैध रूप से धन अर्जित करने की नियत से शराब लेकर बिक्री हेतु ले जा रहे है कि सूचना पर चौकी देवकर स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर नगर पंचायत देवकर में घेराबंदी कर पकडा गया।आरोपी नितेश उर्फ रंगसू पिता रघुनाथ ढीमर उम्र 25 साल साकीन मोहगांव थाना साजा जिला बेमेतरा के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब (4,020द्बद्य) कीमती रूपये कुल जुमला 1,760/- रूपये को धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया।

## बहुमत के बावजूद भाजपा को दी पटकनी



**मुंगेली।** बहुमत के बावजूद भाजपा को पटखनी देते हुए पुनः नगर पालिका अध्यक्ष पद पर आशिन हाने वाले हेमेंद्र गोस्वामी ने आज नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। गौरतलब हो कि बीते माह 8 दिसंबर को शासन द्वारा मनोनित किये जाने के बाद हेमेंन्द्र गोस्वामी को मनोनित अध्यक्ष नियुक्त किया गया था जिसके उपरांत नगर पालिका में आचार सहिता लागू होने के बाद 5 जनवरी को चुनाव कराया गया था जिसमें हेमेन्द्र गोस्वामी ने भाजपा के आनंद देवांगन को बहुमत के बावजूद पटखनी देते हुए इस पद पर कब्जा जमाया। अपने पदभार ग्रहण के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल प्रभारी मंत्री रूद्रकुमार गुरू एवं नगर प्रशासन मंत्री शिव डहरिया का आभार व्यक्त किया कि उन्होने पुनः अध्यक्ष बनने का अवसर प्रदान किया, नगर का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है, इसी कडी में अध्यक्ष मद से पांच लाख रूप्ये देवांगन समाज को, 2 लाख इंक्यावन हजार रू सिंधी समाज को और पुलिस लाईन में बोर खनन के लिए 1 लाख रू का अनुदान दिया है।

## विकास साहू को मिली भाजयुमो में बड़ी जिम्मेदारी नीति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विभाग के बने प्रदेश प्रभारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले के भाजयुमो कार्यकर्ता एवं भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख विकास साहू को भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने विकास साहू को नीति, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रभाग हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया हैं। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू की अनुशंसा से यह नियुक्ति हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में दो सह प्रभारी भी बनाए गए है। जिसमे भिलाई के राहुल परिहार एवँ सरगुजा से नाजिया खान शामिल हैं। प्रदेश प्रभारियों के साथ सभी जिलों में भी प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। भाजयुमो नीति, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रदेश प्रभारी बनने पर भाजयुमो नेता विकास साहू ने भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का आभार जताया साथ ही पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उनको दी है। उसे वो पूरे ईमानदारी निष्ठा के साथ निभाएंगे साथ ही पार्टी की मजबूती प्रदान करते हुए आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए अपनी टीम के साथ मजबूती से काम करेंगे। ज्ञात हो कि देश में भाजयुमो के संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करने तथा भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने हेतु नीति अनुसंधान और प्रशिक्षण विभाग का गठन किया गया है। इसके तहत लगातार पार्टी कार्यक्रमों को शतत रिपोर्टिंग और कार्यप्रणाली संरचना हेतु सुझाव, भाजपा शासित और गैर भाजपा शासित राज्यों में पार्टी की स्थिति की विश्लेषण, केंद्र व राज्य के सरकारी योजनाओं का विश्लेषण, घोषणापत्र का विश्लेषण आदि ज़िम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा युवाओं में सहयोग और साझेदारी, विशेष युवा समूह पर शोध, आदिवासी युवाओं को समझना, बूथ स्तरीय प्रशिक्षण, मीडिया अभिव्यक्ति, क्षेत्रीय कार्यशालाएं आदि गतिविधियों का संचालन कर पार्टी को मजबूत करने दिशा काम करेंगे।

## जिले में प्रत्येक किसानों के लिए बनाया जा रहा है किसान क्रेडिट कार्ड

**मत्स्य पालन विभाग को दिया गया 1000 किसानों का केसीसी कार्ड बनाने का लक्ष्य**

**मुंगेली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाने के हेतु विशेष अभियान का संचालन 15 नवंबर 2021 से किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 15 फरवरी 2022 तक चलेगा। इस अभियान के तहत् मत्स्य पालन विभाग को 1000 मत्स्य पालक किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इस हेतु कलेक्टर अजीत वसंत ने मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक सीमा चंद्रवंशी को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक चंद्रवंशी ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के तहत मछली पालन हेतु मत्स्य कृषकों को मछली के लिए चारा,दाना,दवाई आदि निःशुल्क दी जाएगी। इस हेतु उन्होंने आयोजित शिविर में मत्स्य पालक कृषकों को केसीसी हेतु राशनकार्ड,वोटर आईडी,बैंक पासबुक की छाया प्रति, पासपोर्ट साईज की दो फोटो और तालाब अथवा डबरी का राजस्व दस्तावेज जमा करने का आग्रह किया है। ताकि मत्स्य कृषकों को अधिक से अधिक केसीसी कार्ड जारी किया जा सकें।

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष को शो काज नोटिस

## कांग्रेस नेत्रियों के बीच का विवाद पहुंचा राजधानी

### शहर अध्यक्ष ने रिपोर्ट भेजी रायपुर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगरनिगम के सभापति कक्ष में कांग्रेस पार्षद और महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष के बीच हुए झगड़े की शिकायत पार्षदों द्वारा किये जाने के बाद प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने शहर अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब देने कहा गया है।

उल्लेखनीय रहे कि सोमवार को नजूल जमीन का अतिक्रमण हटाने के एक मामले के बाद नगर निगम के कांग्रेस पार्षद संजना शर्मा और महिला कांग्रेस अध्यक्ष बरखा सिंह के बीच निगम के सभापति कक्ष में जमकर झगड़ा हुआ। सोशल मीडिया में एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें झगड़े का नजारा दिख रहा था। इसके बाद 18 नगर निगम पार्षदों ने बरखा सिंह की शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी, प्रभारी मंत्री आदि को किया गया था। वहीं शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला के द्वारा भी मामले की रिपोर्ट रायपुर भेजे जाने की जानकारी मिली है।

इसी क्रम में बुधवार को महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष को नोटिस भेजा है। बताया जाता है कि पीसीसी ने इस मामले में एक कमेटी का भी गठन किया है जो रायगढ़ आकर दोनों पक्षों की बात सुनेगी इसके बाद निर्णय किया जाएगा। इस संबंध में दोनों ओर से शिकायत की गई है इसलिए दोनों पक्ष का सुना जाना ही पीसीसी को सही लगा। बहरहाल अब मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। दोनों में कोई पक्ष हार मानने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि जो वीडियो सामने आई है उसमें सिर्फ बरखा सिंह को दिखाया गया है दूसरे पक्ष का यह कहना है कि वीडियो जानबूझकर एक तरफा और एडिटेड है जबकि पार्षदों के कहना है कि वीडियो में जिस तरह के भाषा का इस्तेमाल किया गया है वह आपत्तिजनक है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

## गांजा रखकर ग्राहक तलाशते आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** थाना प्रभारी मोहसिन खान ने बताया की मुखबिर की सूचना पर नेवरा पुलिस ने सांकरा अंडरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एच वाय 3783 के हेंडल में एक प्लास्टिक थैला में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर अपने किसी ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। उक्त सूचना पर नेवरा थाना प्रभारी मोहसिन खान के नेतृत्व में नेवरा थाना के एसआई डीडी मानिकपुरी व नेवरा पुलिस ने दबिश देकर शंकर कुमार धृतलहरे पिता धरम दास धृतलहरे 21 वर्ष ग्राम सांकरा निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से थैले में रखे 1 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती लगभग 7220 रुपए, दोपहिया वाहन व नगदी रकम 770 रुपए व एक मोबाइल फोन को जप्त किया। नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

### फरार आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने दुष्कर्म करने के मामले में मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को चक्रधरनगर क्षेत्र की महिला थाना चक्रधरनगर आकर राकेश सिदार पिता रमेश सिदार उम्र 21 वर्ष निवासी कौहाकुण्डा पहा? मंदिर के विरूद्ध उसकी नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 03 नवंबर को मोहल्ले का राकेश सिदार द्वारा मेरी नाबालिक लड़की को शादी करने का प्रलोभन देकर बहला फुसला कर जबरजस्ती भगा ले जाकर मणीकंचन कुडा गोदाम टी व्ही टावर में रखा था। उसके बाद चन्द्रपुर ले गया था, दो दिन बाद अपने घर कौहाकुण्डा में लाकर रखा था। जब पता चला तो लड़की को लाने राकेश सिदार के घर गये तो राकेश भेजने से मना किया। तब बाल कल्याण समिति रायगढ में लड़की को मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दी तो बाल कल्याण समिति द्वारा लकड़ी को राकेश के घर से लाकर बालसदन में रखे थे। बाल सदन से आज घर लाकर पूछताछ करने पर लड़की बताई कि राकेश सिदार के द्वारा उसे शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ जबरजस्ती भगाकर ले गया था और लगातार शारीरिक शोषण किया है। आरोपी राकेश सिदार के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 4,6 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चक्रधरनगर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया आरोपी फरार है।

संपादकीय

# मौर्य का इस्तीफा

## सपा को वरीयता

**राजनीति** का खेल एक शक्तिशाली पिछड़े वर्ग के नेता को उत्तर प्रदेश में 2022 में गेमचेंजर साबित कर सकता है। इस समय अपने द्वारा उठाए दो कदमों के कारण स्वामी प्रसाद मौर्य सुर्खियों में हैं। पहला, उन्होंने भाजपा तोड़ दी तथा दूसरा उन्होंने 14 जनवरी को सपा में शामिल होने का वादा किया है। इस घटनाक्रम के बारे में केवल एक सवाल पूछा जा सकता है। इसका संबंध इस बात से नहीं है कि भाजपा इस झटके से उबरने के लिए क्या करेगी। सवाल यह है कि क्या उत्तर प्रदेश की राजनीति पिछड़े वर्गों की एक चुनावी एकजुटता तथा उस पार्टी से मुकाबला स्वीकार करने के लिए तैयार है जो जातीय पहचानें धुंधली करने के लिए धार्मिक विचारधारा का प्रयोग करती है। कम से कम कागजी तौर पर मौर्य की कार्रवाई में अनेक ओबीसी जातियों को यादव प्रभुत्व वाली समाजवादी पार्टी से जोड़ने की क्षमता है। वे मजबूत समर्थन आधार वाले नेता हैं। मौर्य, कुशवाहा समाज के कुछ हिस्से, यादव, लोध व कुर्मी संख्याबल के विचार से महत्वपूर्ण ओबीसी समुदाय हैं। उनका भाजपा से इस्तीफा सभी ओबीसी जातियों में ऐसे समय एक संदेश देता है जब दो बड़े प्रतिद्वंद्वी भाजपा और सपा छोटे ओबीसी समुदायों के साथ एक गठबंधन बनाने में व्यस्त हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी की क्षमता पर ध्यान केन्द्रित रहेगा कि वह यादवों और गैर-यादव ओबीसी के बीच कारगर गठबंधन बनाने में कहां तक सफल होती है। सपा नेता अखिलेश यादव अपना समर्थन आधार यादवों और मुसलमानों से आगे ले जाना चाहते हैं। लेकिन केवल इच्छा ही उस समय तक काफी नहीं होगी जब तक वे गैर-यादव समुदायों को पार्टी के सर्वोच्च पदानुक्रम में स्थान देने को तैयार न हो जाएं।

हालांकि, अब समग्र सामाजिक गठबंधन बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है, पर यदि ऐसा होता है तो यह मंडल युग के बाद पहली बार होगा कि सभी पिछड़ी जातियां एक समान मंच पर साथ आएंगी। आने वाले चुनावों का अर्थ नए गठबंधन सहयोगियों के बीच वोटों का पूर्ण हस्तांतरण होगा, लेकिन जमीनी स्तर पर व्याप्त व्यापक मतभेदों के कारण ऐसा होना आसान नहीं है। इन मतभेदों से निपटने पर ही निर्भर होगा कि वे कितना मजबूत भाजपा-विरोधी आधार तैयार करने में सफल होते हैं। मौर्य के तस्वीर में आने से पहले अखिलेश गठबंधन सहयोगियों के बीच सुपरिचित व परंपरागत गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे थे। वे कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी की कीमत पर आगे बढ़ते दिख रहे थे। उन्होंने सफलता के लिए मुसलमानों को समर्थन के संकेत दिए थे ताकि उनके वोट न बंटने पाएं। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल के एक हिस्से, ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव समाज पार्टी, महान दल और जनवादी पार्टी-सोशलिस्ट से समझौते किए थे। अखिलेश अपने गठबंधन को शरद पवार की रांकापा तथा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ जोड़ कर एक राष्ट्रीय स्वरूप देना चाहते हैं। दोनों को एक-एक सीट दी जा सकती है। लेकिन वास्तव में 2014 के बाद वे पहली बार मौर्य के कारण सीधे भाजपा को नुकसान पहुंचा कर लाभ उठा सकते हैं। शायद इसी कारण मौर्य और पार्टी छोड़ने वाले दो भाजपा विधायकों ने अखिलेश के सामाजिक न्याय विमर्श को साझा करते हुए भाजपा पर उसके धार्मिक ध्रुवीकरण के बजाय 'दलितों, पिछड़ों, किसानों, बेरोजगार नौजवानों तथा छोटे व मझोले व्यापारियों' की अनदेखी का आरोप लगाया है।

# स्वामी विवेकानंद की असाधारण बुद्धिमत्ता

**नैतिक, आदर्शात्मक व मानवीय मूल्यों में क्षरण से मुकाबला करने के लिए चरित्र निर्माण तथा मूल्य समाहित करने की प्रक्रिया पुनः सीखनी जरूरी है।**



जेएस राजपूत
(लेखक शिक्षा व साामजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)



केवल स्वामी विवेकानंद के नाम का उल्लेख करने भर से युवा और वृद्धों में समान रूप से ऊर्जा का संचार हो जाता है। इस ग्रह पर अपने केवल चार दशकों के जीवन में उन्होंने वैश्विक मंच पर 'सच्चे भारत' की तस्वीर पेश की। संभवत: उन्होंने ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से 'भारतीयता' को भी परिभाषित किया। उन्होंने अतीत को समझा, वर्तमान का विश्लेषण किया तथा भविष्य के लिए उचित रणनीति निर्धारित की। विचारों की शक्ति और कल्पना करने की क्षमता ने हर खोजी युवा के मन में उनके दर्शन का आधार तैयार कर दिया। उनके दर्शन का महत्व इसी बात में है कि उन्होंने सबको प्रेरित किया जिसमें शिक्षक तथा सीखने वाले दोनों थे। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति मूलत: वही सीखता है जिसे वह मूलत: स्वयं 'खोजता या उद्घाटित करता' है। ऐसा तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी आत्मा पर पड़े आवरण को हटाता है। उन्होंने यह कह कर सबकी आत्मा में ऊर्जा भर दी कि शिक्षा, सीखने और वंचितों को आगे बढ़ाने के मूलाधारों को एक आधारभूत शिक्षा सिद्धान्त पर जोर देना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा व्यक्ति में पहले से मौजूद उत्कृष्टता को अभिव्यक्ति देने का माध्यम है।' कोई सीखने वाला कभी भी उनके द्वारा अभिव्यक्त ज्ञान के स्रोत को इनकार कर सकता है। उन्होंने कहा था, 'दुनिया ने अब तक सारा ज्ञान मस्तिष्क से प्राप्त किया है जो हमारे मन में सारे ब्रह्मांड का पुस्तकालय है। सेब के जमीन पर गिरने ने न्यूटन को एक संकेत दिया था जिसके बाद उन्होंने स्वयं अपने मस्तिष्क का अध्ययन किया। उन्होंने अपने मन में पहले से उपस्थित सभी विचारों का पुन: संयोजन किया। इस प्रकार न्यूटन ने एक नया विचार खोजा जो गुरुत्वाकर्षण नियम के रूप में हमारे सामने आया।'

वास्तविक शिक्षाशास्त्र की कोई आफलाइन या आनलाइन या हाइब्रिड प्रक्रिया इस लक्ष्य को उस समय तक नहीं प्राप्त कर सकती है जब तक प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने भीतर उपस्थित खजाने को निकालने पर अनिवार्य रूप से जोर न दिया जाए। कोई भी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में देख सकता है कि स्वामी विवेकानन्द के स्वर्णिम विचार और दृष्टिकोण कैसे छात्रों में अपने प्रति आत्मविश्वास भर देते हैं और वे अपने बारे में ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित होते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षकों और छात्रों, दोनों से उम्मीद की थी कि वे ज्ञान की सच्ची खोज में पवित्रता को स्थान देंगे तथा उन गुणों को बढ़ावा देंगे जो दृढ़ता के साथ अपने भीतर उपस्थित ज्ञान को खोज कर उसे उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायक हो सकें। इसी प्रकार शिक्षक को यह अवश्य जानना चाहिए कि 'अब तक वास्तव में किसी ने किसी को कुछ सिखाया नहीं है, बल्कि सभी लोगों ने स्वयं सीखा है। बाहरी शिक्षक केवल एक संकेत देता है जो आंतरिक शिक्षक को चीजों को समझने में सहायक सिद्ध होता है। इसके बाद चीजें हमें ज्यादा स्पष्ट हो जाती हैं, हमारी समझने और विचार करने की क्षमता बढ़ती है तथा हम अपनी आत्माओं को बेहतर समझने में सफल होते हैं।' इस संबंध में इक्कीसवीं शताब्दी में शिक्षा को स्वरूप देने वाली यूनेस्को की 1996 की रिपोर्ट का संदर्भ दिया जा सकता है। डेलोर्स कमीशन रिपोर्ट

> स्वामी विवेकानन्द के स्वर्णिम विचार और दृष्टिकोण कैसे छात्रों में अपने प्रति आत्मविश्वास भर देते हैं और वे अपने बारे में ज्यादा खोज करने के लिए प्रेरित होते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षकों और छात्रों, दोनों से उम्मीद की थी कि वे ज्ञान की सच्ची खोज में पवित्रता को स्थान देंगे तथा उन गुणों को बढ़ावा देंगे जो दृढ़ता के साथ अपने भीतर उपस्थित ज्ञान को खोज कर उसे उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायक हो सकें।

के नाम से लोकप्रिय इस रिपोर्ट में स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन को उसके शीर्षक-'अपने भीतर का खजाना खोजें' में ही देखा जा सकता है। खोजों और उद्यामिता पर लगातार जोर देने वाले इस समय में आलोचनात्मक सोच तथा विश्लेषणात्मक कौशल को शिक्षा संस्थानों में केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब शिक्षक और छात्र अपनी शिक्षाशास्त्रीय रणनीतियों का स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए आंतरिक आयामों के अनुसार पुन: उन्मुखीकरण करें। स्वामी विवेकानन्द ने बार-बार जोर दिया था कि केवल सूचनायें प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है। उनके अनुसार, असली शिक्षा 'जीवन का निर्माण करने वाली, मनुष्य का निर्माण करने वाली, चरित्र का निर्माण करने वाली तथा विचारों का समन्वय होती है।'

शिक्षा चरित्र का निर्माण करती है, मस्तिष्क की शक्ति बढ़ाती है, बुद्धि का विस्तार करती है तथा किसी को भी अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए तैयार करती है। इसकी सभी जगह समान रूप से स्वीकार्यता है और केवल इसे सच्ची भावना से क्रियान्वित करने का मुद्दा बचता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 सीखने वालों में समग्र विकास को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहती है, 'नीति का दृष्टिकोण सीखने वालों में अपने भारतीय होने के प्रति गहरे गौरव को समाहित करना है। ऐसा न केवल विचार में, बल्कि भावना, बुद्धि व कार्यों में भी होना चाहिए। इसके साथ ही ऐसे ज्ञान, कौशल, मूल्यों व अनुशासनों का विकास होना चाहिए जो मानवाधिकारों, टिकाऊ विकास तथा जीवन व वैश्विक बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा दें। इस प्रकार हम वास्तव में सच्चे विश्व नागरिक तैयार कर सकेंगे।' वर्तमान समय में जारी नैतिक, आदर्शात्मक व मानवीय मूल्यों में क्षरण से मुकाबला करने के लिए चरित्र निर्माण तथा मूल्य समाहित करने की प्रक्रिया पुन: सीखनी जरूरी है। इसका पुन: उन्मुखीकरण चरित्र निर्माण, मूल्यों को समाहित करने तथा उसे आंतरिक रूप से ग्रहण करने पर होना चाहिए। केवल ऐसा करने से ही बहु-प्रतीक्षित वैश्विक शांति और सद्भावना का विकास होगा, हिंसा में कमी आएगी तथा युद्धों में बहुत ज्यादा निवेश करने से मुक्ति मिलेगी। शिक्षा व्यवस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि आज मानवता के समक्ष आने वाले अधिकांश सरोकारों, जैसे जलवायु परिवर्तन व जैविक संसाधनों में कमी को स्वयं मनुष्यों ने ही पैदा किया है। इसे केवल ऐसे पुरुषों व महिलाओं द्वारा रोका जा सकता है जिनमें क्षमता, प्रतिबद्धता तथा चरित्र को मानवता से जोड़ा गया हो तथा मानव-निर्मित सारी सीमाओं को उनके द्वारा तोड़ा गया हो। भारत को इस दिशा में नेतृत्व करने का महान अवसर प्राप्त हुआ है। उसके पास अनुभव, ज्ञान, विवेक और कौशल है जिससे वह आगे बढ़ सकता है। इतिहास तथा ऐतिहासिक शक्तियों के बारे में स्वामी विवेकानंद की अपनी समझदारी इतनी गहरी थी कि उन्होंने पूर्वानुमान लगाया था, 'भारत अभूतपूर्व परिस्थितियों से 50 साल के भीतर मुक्त हो जाएगा।' इसके साथ ही उन्होंने रूस में होने वाली पहली सर्वहारा क्रांति का सटीक पूर्वानुमान किया था। भारत के बारे में उनका पूर्वानुमान था कि यह 'एक दिन समृद्धि और शक्ति की महान ऊंचाइयों तक पहुंचेगा जो अतीत में उसके द्वारा प्राप्त उपलब्धियों से बहुत अधिक होंगी।' ऐसा लगता है कि स्वामी विवेकानंद का यह पूर्वानुमान भी सही सिद्ध होगा।

उन्होंने धर्मों पर विश्व संसद के अंतिम सत्र में महत्वपूर्ण संकेत करते हुए कहा था, 'बीज जमीन में बो दिया गया है तथा उसे मिट्टी, हवा और पानी उपलब्ध करा दिया गया है। क्या बीच मिट्टी, हवा या पानी में बदल जाएगा? नहीं, यह एक पौधा बनेगा।' स्वामी विवेकानन्द ने आगे कहा था, 'यही बात धर्म के बारे में कही जा सकती है। ईसाइयों को हिंदू या बौद्ध बनने की आवश्यकता नहीं है, न ही एक हिंदू या बौद्ध को ईसाई बनने की जरूरत है। हम में से प्रत्येक को दूसरों की भावना अपने भीतर समाहित करते हुए भी अपने व्यक्तित्व को बनाए रखना होगा।' यह सभी धर्मों और मानवता का वैश्विक लक्ष्य होना चाहिए।

# कज़ाखस्तान में चोरों के बीच टकराव



गुइन डायर
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कजाखस्तान में हाल की घटनाओं के बारे में दो प्रश्न। पहला, क्या पिछले हफ्ते देश के सबसे बड़े शहर अलमाटी में 20,000 डाकुओं और शासन की पुलिस के बीच कत्लखाने की लड़ाई वास्तव में चोरों के बीच का झगड़ा था? और दूसरा, रूसी सैनिक क्यों शामिल हुए?

पिछले महीने एक विशेष चैथम हाउस की रिपोर्ट में पाया गया कि नूरसुल्तान नज़रबायेव के परिवार और सहयोगियों, सोवियत कजाकिस्तान के कम्युनिस्ट शासक और तत्कालीन स्वतंत्र कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने 35 वर्षों के लिए, लंदन और दक्षिणी इंग्लैंड में केवल चार वर्षों में 1998 में। 720 मिलियन में 34 संपत्तियां खरीदीं-2002। कजाकिस्तान में हर कोई जानता है कि उन पर चोरों का शासन है। जो रूसी अच्छा कर रहे थे वे आजादी के बाद रुके और बाकी चले गए। कज़ाख जो अच्छा कर रहे हैं, उन्हें कार्यालय में चोरों से भी कोई आपत्ति नहीं है - लेकिन अधिकांश कज़ाख बहुत अच्छा नहीं कर रहे हैं।

वे सभी गंदगी गरीब नहीं हैं - इस बार का विरोध शुरू में कारों के लिए ईंधन की कीमत में दोगुने होने के बारे में था - लेकिन केपीएमजी की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 162 लोगों के पास देश की आधी संपत्ति है। ऐसी बात किसी को पसंद नहीं आती। इसलिए, 2 जनवरी को शुरू हुआ शांतिपूर्ण विरोध तेजी से देश के हर कोने में फैल गया - और फिर अल्माटी में चीजें पागल हो गईं। बुधवार, 5 जनवरी को, प्रदर्शनकारियों के लिए अज्ञात लोगों के सुव्यवस्थित समूह भीड़ में शामिल हो गए और आधिकारिक भवनों पर हमला करना शुरू कर दिया। उतनी ही अजीब बात यह है कि उसी बुधवार को पुलिस ने अलमाटी में प्रमुख इमारतों को असुरक्षित छोड़ दिया। राष्ट्रपति का महल जला दिया गया, हवाई अड्डे पर कब्जा कर लिया गया, लोग मारे गए - लेकिन क्या वे सही लोग थे?

राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट टोकायव ने इसके बारे में आश्वस्त किया। विदेश में शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मांग की जा रही है, उन्होंने टेलीविजन पर कहा क्या मूर्खता है! आप अपराधियों के साथ किस तरह की बातचीत कर सकते हैं? हम स्थानीय और विदेशी दोनों तरह के सशस्त्र और अच्छी तरह से तैयार डाकुओं से निपट रहे हैं, जिन्हें नष्ट कर दिया जाना चाहिए। हमें उन्हें मारना चाहिए। तोकायेव अपने वचन के समान ही अच्छा था। शूटिंग शुक्रवार तक खत्म हो गई थी, और पुलिस और सैनिकों ने निश्चित रूप से बहुत से लोगों को मार डाला था। 9 जनवरी को उन्होंने घोषणा की कि 164 मारे गए और 8,000 से अधिक गिरफ्तार किए गए, जिनमें विदेशी नागरिकों की एक बड़ी संख्या भी शामिल है। लेकिन स्क्रिप्ट में कुछ ढीले सिरे थे। उसी बुधवार को जब हिंसा शुरू हुई, राष्ट्रपति टोकायव ने सेवानिवृत्त राष्ट्रपति नज़रबायेव को राज्य परिषद के प्रमुख के रूप में उनकी शेष नौकरी से बर्खास्त कर दिया। नज़रबायेव ने तीन साल पहले अपनी उम्र (वह 81 वर्ष) के कारण राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन सभी ने माना कि वह वास्तव में अभी भी प्रभारी थे, और अभी भी अपनी बेटी दरिगा को नौकरी के लिए तैयार कर रहे थे। (प्रदर्शनकारियों ने चिल्लाया 'बूढ़े आदमी, जाओ!') फिर अचानक टोकायव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी - और नज़रबायेव पूरी तरह से सरकार से बाहर हो गए। 2,000 रूसी सैनिक एक दिन में उड़ान भरते हैं। वे किसी भी नागरिक को गोली नहीं मारते हैं, लेकिन एक बार जब वे जमीन पर होते हैं तो टोकायव देश के पूर्व खुफिया प्रमुख करीम मासीमोव को देशद्रोह के संदेह में गिरफ्तार करने का आदेश देते हैं। मासिमोव नज़रबायेव के सबसे करीबी सलाहकार थे। क्या रूसियों के आने से पहले टोकायव ने उसे गिरफ्तार करने की हिम्मत की होगी?



मैं बिंदुओं में शामिल होने में मदद नहीं कर सकता, और यह मेरे लिए तख्तापलट जैसा लगता है। शायद एक असफल तख्तापलट का प्रयास जिसमें नज़रबायेवा के लोग एक अति-शक्तिशाली तोकयेव से सत्ता वापस लेने की कोशिश कर रहे थे, जो वास्तविक मालिक बनना चाहता था, न कि केवल दरिगा नज़रबायेवा के लिए एक स्थान-धारक। या हो सकता है कि टोकायव ने खुद बूढ़े आदमी और उसकी महत्वाकांक्षी बेटी को दरकिनार करने का कदम उठाया हो। टोकायव ने सोमवार को खुद को स्वीकार किया कि विरोध वास्तव में तख्तापलट का प्रयास था, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके पीछे कौन था। मेरा अनुमान है कि वह था। कि उन्होंने वास्तव में विरोध शुरू नहीं किया था, लेकिन उन्होंने उनमें एक अवसर देखा था। उसे बूढ़े आदमी के खिलाफ जाने के लिए रूसी समर्थन की आवश्यकता थी, और उसे रूसियों को आमंत्रित करने के लिए एक बहाने की आवश्यकता थी, इसलिए उसने विरोध को हिंसक बनाने और उस बहाने को बनाने के लिए अपने ठगों को भेजा। या हो सकता है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ हो, और यह अमीर और शक्तिशाली लोगों को कुचलने की एक और सांसारिक कहानी है। मुझे एक वर्ष में एक साजिश सिद्धांत की अनुमति है, और मैं इसे जल्दी प्राप्त कर रहा हूं।

किसी भी तरह, मुझे पता है कि रूस का मकसद क्या था। ज्यादातर लोग भूल जाते हैं कि सोवियत संघ सिर्फ एक और यूरोपीय औपनिवेशिक साम्राज्य था। अंतर केवल इतना था कि यह एक भूमि साम्राज्य था, और यह कि इसने एक के बाद एक पीढ़ी को समाप्त कर दिया। पुतिन उस साम्राज्य में पले-बढ़े, वह अभी भी इसके निधन पर शोक मनाते हैं, और वह वहां रूस के प्रमुख प्रभाव को बहाल करने के लिए कोई भी मौका लेंगे। यहां कोई सुसंगत रणनीति नहीं है। पुतिन सख्त हैं और वह दुष्ट हो सकते हैं, लेकिन वह वास्तव में एक रोमांटिक हैं, न कि विश्व विजेता।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## यूपी में भाजपा को झटके

**पांच** राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। सियासी गलियारों में हलचल हो चुकी है। लेकिन सबसे बड़ी उठापटक उत्तर प्रदेश के बीजेपी खेमें में देखने को मिल रही है। जहाँ लगातार भाजपा के बड़े नेता, मंत्री, विधायक, दूसरे दलों का दामन थाम रहे हैं। पिछले एक महीनों के अंदर भारतीय जनता पार्टी के 17 से अधिक नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इसमें स्वामी प्रसाद मौर्य और दारा सिंह चौहान जैसे बड़े नेता शामिल हैं। यह सिलसिला थमा नहीं है। ऐसी संभावना है कि अभी आगे भी ऐसी टूट फूट देखने को मिल सकती है। ये अफरा तफरी बता रही है कि बीजेपी में सब कुछ ठीक नहीं है। कहीं ये संकेत एक बड़े बदलाव की तरफ इशारा तो नहीं कर रहे हैं। वैसे तो चुनाव के वक्त सभी दलों में ऐसे बदलाव देखने को मिलते। अभी हाल ही में समाजवादी पार्टी से सिरसागंज के विधायक हरिओम यादव एवं पूर्व विधायक धर्मपाल यादव , तथा कांग्रेस विधायक नरेश सैनी बीजेपी में शामिल हुए हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी से बड़े चेहरों का अलग होने से सूबे की अनेक सीटों का समीकरण गड़बड़ा सकता है। भाजपा तो कह रही है की टिकट कटने के डर से विधायकों का पलायन हो रहा है।

– **शिवेंद्र यादव,** मेल से

## आदर्श ग्राम

**गांवो** के विकास के लिये सरकार लगातार योजनाये बनाकर लागू कर रही है। लेकिन उनका अपेक्षित कार्यान्वयन नही हो पा रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालते ही वर्ष 2014 में सांसद आदर्श ग्राम योजना शुरू किया था।जिसमे हर सांसद को 5वर्षके कार्यकाल में तीन गाँवो को गोद लेकर उनका विकास कर लोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना था।लेकिन सांसदों ने इसमें अपेक्षित रुचि नही दिखाई। आजादी के 75वे अमृत महोत्सव वर्ष में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2025 तक देश भर के सभी अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवो में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुचाने का कार्य किया जाएगा।ऐसे गाँव आदर्श ग्राम बन जायेंगे जहां लोगो की हर जरूरत की सुविधाये और केंद्र सरकार की योजनाओ का अमल जमीन पर दिखाई देगा।सरकार सभी राज्यो के आदर्श ग्रामो की घोषणा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान घोषित करने की योजना बना रही है।केंद्र और राज्य सरकारों को ग्रामीण क्षेत्रों का विकास न होने के सबसे बड़े कारण की ओर विचार करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

## लड़कियों के विवाह की उम्र बढ़ाने का फैसला प्रगतिशील

प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर की गई घोषणा के एक वर्ष से ज्यादा बीत जाने के बाद, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने औरतों के विवाह की उम्र 18 से 21 वर्ष करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया। परिणामस्वरूप, सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम (2006) तथा हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में कुछ बदलाव करने के बाद विशेष विवाह अधिनियम पेश किया जाएगा। कुछ दिन पूर्व सरकार द्वारा इसके लिए दिया गया अनुमोदन केन्द्र द्वारा दिसम्बर, 2020 में गठित %कार्यसमिति द्वारा नीति आयोग को सौंपी गई सिफारिशों पर आधारित है जिसमें जया जेटली की प्रमुख भूमिका रही जिन्हें इस मुद्दे पर अध्ययन करने का जिम्मा सौंपा गया। उत्तर भारत के हरियाणा राज्य में रहने वाली कई लड़कियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को सन् 2021 की शुरूआत में एक अपील करते हुए आग्रह किया था कि लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष की जाए। ज्ञातव्य है कि हरियाणा में महिला-पुरुष अनुपात सबसे कम है। लड़कियों के विवाह की उम्र को बढ़ाने के लिए संसद में लाए गए कानून के प्रति मिलीजुली प्रतिक्रिया हुई व इसके पक्ष में समर्थन देने वालों ने कहा कि जहां लिंग-समानता को लाना अति आवश्यक है उसके साथ-साथ इससे लिंग-आधारित हिंसा को रोकने में भी बहुत सफलता मिलेगी जबकि दूसरों ने कहा कि उम्र, लिंग-समानता को परिभाषित करने के लिए मुख्य कारक है। इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग ने इस प्रस्तावित विधेयक का संसद में यह कहकर विरोध किया कि यह कानून मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमला है।एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम सरकार द्वारा विशुद्ध पैतृकता को बढ़ावा देता है। ऑल इण्डिया डेमोक्रेटिक वुमैन्स एसोसिएशन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसे एक भटकाववादी नीति तथा अप्रभावशाली तकनीक करार दिया। इस कानून को एक बड़े परिपेक्ष्य में देखा जाए तो हमें औरतों को शिक्षा प्राप्त करने, लिंग (महिलाओं) के प्रति संवेदनशीलता के लिए सामाजिक जागरुकता पैदा करने, बाल विवाह के खतरों को बताने व उन औरतों के लिए सुरक्षाचक्र सुनिश्चित करने की बहुत जरूरत है जो वंचित वर्ग में आती है। इसके अलावा, भारतीय मुस्लिम समाज हमेशा से विकास के सूचकांक में पिछड़ा रहा है जिसमें औरतों की गतिशीलता सबसे निचले पायदान पर पाई जाती है। विवाह की उम्र को बढ़ाने के मुद्दे पर किसी प्रकार के उहापोह या राजनैतिक बहस में पढ़ने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय औरतो को अधिक साक्षर बनाने की आवश्यकता है । ताकि लिंगभेद एवं पृथक करते सामाजिक दांचों से छुटकारा पाया जा सके। विवाह करने की उम्र को बढ़ाने से औरतों को अपने सपनों को पूरा करने में सहायता अवश्य ही मिलेगी।

**–अहमद खान रायपुर**

### शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया में अध्ययनरत छात्र पंकज साहू रहे प्रथम स्थान पर

# क्विज ओलम्पियाड चैंपियनशिप में कबीरधाम जिले के 6 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

## कबीरधाम पुलिस कप्तान ने पुष्प गुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ कबीरधाम
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा जिले का पदभार संभालने के बाद प्रथम क्राइम मीटिंग में ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने लगातार अभियान चलाकर शहरी एवं ग्रामीण इलाकों तथा स्कूल कॉलेज एवं वनांचल क्षेत्र में आम जनों को यातायात के नियमों की विस्तार पूर्वक जानकारी देने जिले के समस्त थाना/चौकी/यातायात प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिस पर लगातार थाना/ चौकी एवं यातायात शाखा प्रभारी के द्वारा समय-समय पर यातायात जागरूकता अभियान चलाकर स्कूली बच्चों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। उक्त जागरूकता अभियान का असर धीरे-धीरे शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में नजर भी आ रहा है। कौन बनेगा रोड सेफ्टी चैंपियन अंतर विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा), छत्तीसगढ़ के सहयोग से स्कूली विद्यार्थियों के लिए यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियम क्विज ओलंपियाड का आयोजन 24 दिसंबर को किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतियोगिता के माध्यम से सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, आपातकालीन सेवाओं के बारे में स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता लाना था। जिसमें कबीरधाम जिले के थाना पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया में अध्ययनरत छात्र पंकज कुमार साहू ने राज्यस्तरीय यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियम क्विज ओलम्पियाड में भाग लेकर टाप-टेन सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला एवं संस्था को गौरवान्वित किया। इस संस्था से राज्यस्तरीय टाप-टेन सूची में 01.पंकज साहू,02.ललिता साहू, 03.सुष्मिता राज, 04.सपना काठले, 05.प्रतिमा धुर्वे, 06निशा पटेल का चयन हुआ। सभी चयनित प्रतिभागियों को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेंद सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान पूर्वक आमंत्रित कर पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रशस्ति पत्र एवं कॉपी पेन देकर सम्मानित कर, यातायात दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी कुछ सवाल किए गए जिसका छात्र छात्राओं के द्वारा तत्काल सही जवाब भी दिया गया जिससे प्रभावित होकर पुलिस कप्तान के द्वारा छात्र छात्राओं को विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी यातायात के नियमों की जानकारी देकर वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में कबीरधाम पुलिस को सहयोग करने कहकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, यातायात प्रभारी सहायक उप.निरीक्षक इजराइल खान. प्रधान आरक्षक पियूष मिश्रा, प्राचार्य संतोष कुमार साहू एवं शिक्षिका ज्योति ध्रुव उपस्थित थें।



# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने की मतदान तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने आज प्रेक्षकों और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 20 जनवरी को होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई इस बैठक में उन्होंने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। आयोग का दायित्व है कि जनता को उसके जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए समय-समय पर निर्वाचन सम्पन्न कराये, लेकिन वैश्विक महामारी कोविड-19 के साथ निर्वाचन कराना बहुत चुनौती पूर्ण कार्य है। इसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता के सहयोग की महती आवश्यकता है। सुरक्षित रूप से मतदान कराना हम सब की जिम्मेदारी है। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उन्होने अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदान सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों की कमी नहीं होनी चाहिए इसलिए अतिरिक्त लोगों को प्रशिक्षत कर पर्याप्त मात्रा में रिजर्व टीम तैयार रखें। उन्होने कहा कि यदि मतदान दल में शामिल किसी भी व्यक्ति को थोड़े भी लक्षण जैसे सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार इत्यादि हो तो उन्हे राहत दें और अतिरिक्त कर्मियों को प्रशिक्षण देकर तैयार करें ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा ना आये। उन्होने कहा कि मतदान दल में शामिल सभी लोगों का पूर्ण वैक्सीनेशन होना अनिवार्य है यदि इनमें बूस्टर डोज के पात्र कर्मी हों तो वे बूस्टर डोज भी लगवा लें। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित करें।

### सुरक्षित मतदान हेतु ग्रामीणों को करें जागरूक

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जागव बोटर 'जाबो' अभियान के तहत मतदाताओं को सुरक्षित मतदान के लिए प्रेरित करते रहें। ग्रामीणों को कोविड-19 से बचाव के उपायों के बारे में बताते रहें। यदि गांव में किसी को सर्दी जुखाम इत्यादि की शिकायत हो तो उसे किन सुरक्षा उपायों को बताकर मतदान देना है यह भी समझाएं। जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

### मतदान केन्द्रो में कोविड-19 गाईडलाईन का हो पालन

निर्वाचन आयुक्त ने कहा मतदान केन्द्रों में सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाईजेशन इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। नगरीय निकाय चुनाव की तरह पंचायत चुनाव में भी प्रत्येक मतदान केन्द्र में स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेगें। किसी भी व्यक्ति को कोविड-19 संक्रमण के कारण मतदान से वंचित नही किया जाएगा बल्कि यदि कोई सं मित व्यक्ति मतदान का इच्छुक है तो वह पीपीई किट पहनकर मतदान कर सकेगा परन्तु उसे इसकी पूर्व सूचना पर्याप्त समय रहते देनी होगी। पीपीई किट की व्यवस्था मतदाता को स्वयं करनी होगी। कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति सबसे आखिर में मतदान कर सकेंगें।

### निर्वाचन कार्यो की रिपोर्टिंग में लाएं मुस्तैदी

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये की आयोग को हर जरूरी रिपोर्ट समय पर भेजना सुनिष्चित करें। यदि जमीनी स्तर पर किसी भी प्रकार की दिक्क त आये तो आयोग को तत्काल सूचित करें। उन्होने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है और सभी अधिकारी कर्मचारी इस बात से भली भांति वाकिफ हैं कि समय पर रिपोर्टिंग के क्या महत्व है।

# मास्क नहीं लगानों वालों के खिलाफ हो रही सख्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बढ़ते हुए कोरोना के संक्रमण की रोकथाम करने निगम क्षेत्र के सभी बाजारो, सार्वजनिक स्थलों एवं चैक चैराहा पर मास्क चेकिंग को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना मास्क के कोई भी व्यक्ति पाए जाने पर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है तथा जुर्माने की राशि देने में बहानेबाजी करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने निगम की टीम सुबह 6 बजे से ही कार्यवाही के लिए निकल रहे है, इसके साथ ही रात्रि तक टीम घूम-घूम कर कार्यवाही कर रही है। मास्क चेकिंग अभियान को लेकर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे मौके पर पहुंचकर स्वयं कार्यवाही में शामिल हो रहे है। बिना मास्क लगाए दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों को निगम आयुक्त ने कड़ी समझाइश दी और उनसे जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने हिदायत दी कि अगर दोबारा बिना मास्क के दुकान संचालन करते पाए गए तो दुकान को सील करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। निगम की टीम आज आकाशगंगा सब्जी मंडी, सुपेला चैक, गदा चैक, पावर हाउस, छावनी, सेक्टर एरिया आदि स्थानों पर कार्यवाही करते हुए लोगों से जुर्माना वसूल किए। मास्क चेकिंग के लिए निकलने वाली निगम की टीम निगम क्षेत्र में घूम घूम कर मास्क नहीं पहनने या मास्क को लटकाकर रखने वालों से जुर्माना वसूल रही है। बाजार में ग्राहक, दुकानदार को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने अपील कर रहे है! लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने संदेश दिया जा रहा है। सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के लिये दुकानदारों से स?क पर रखे सामग्री को अंदर करवाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान कुछ ऐसे लोग भी होते है जो जुर्माना की राशि देने के लिए पैसे नहीं है का बहाना बनाते है लेकिन टीम के कर्मचारी द्वारा सख्ती दिखाने पर सभी अर्थदण्ड दे रहे है और उन्हें दोबारा बिना मास्क के बाहर नहीं निकलने की समझाइश दिया जा रहा है। मास्क चेकिंग अभियान लगातार जारी है, निगम की टीम द्वारा मास्क न पहनने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। मास्क चेकिंग अभियान के लिए बनाई गई टीम द्वारा निगम क्षेत्र का निरीक्षण कर मास्क नहीं लगाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही किए इसमें न्यू केरला स्वीट्स 200, राजकुमार साहू 200, जसप्रीत सिंग 200, जीतू देवांगन 100, कैफे बिरयानी 1000, उत्तम लहरे 200, आशीष 200, दिलीप कुमार 200, श्रीनिवास चैधरी 200, गौतम 200, अहमद खान 200, बालाजी कैफे 200, प्रदीप राम 100, जवाहर नगर पेट्रोल पम्प 1000, आरके फुटवेयर 200, सन्नी फल ठेला 100 रूपए अर्थदंड लिया गया। जोन 01 में राजस्व विभाग द्वारा 6 लोगो से 700 । जोन 02 में राजस्व विभाग द्वारा 33 लोगों से 2900, जोन 04 में राजस्व विभाग द्वारा 9 लोगों से 850 , जोन 05 में राजस्व विभाग द्वारा 17 लोगो से 3100 रुपए जुर्माना वसूल किया।

# महापौर ने एमआईसी सदस्यों से की भेंट

## महापौर ने निरीक्षण के दौरान सब इंजीनियर को कार्य पूर्ण कराने दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर शशि सिन्हा ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने संबंधित सब इंजीनियरों को निर्देश दिए। वे गुरूवार को आयुक्त आशीष देवांगन के साथ डुंडेरा स्थित निर्माणाधीन पौनी पसारी योजना और मरोदा सेक्टर स्थित आत्मानंद गार्डन के कार्यो को देखने पहुंची थी। महापौर ने 26 जनवरी तक कार्य पूर्ण कराए जाने का प्रयास करने कहा। महापौर इसके पहले अपने परिषद के सदस्यों से औपचारिक चर्चा की। महापौर शशि सिन्हा शहर भ्रमण के बाद ग्रामीण वार्ड डुंडेरा पहुंची। यहां उन्होंने पहले पौनी पसारी योजना के तहत बन रहे शेड निर्माण का अवलोकन किया। वहीं नजदीक ही 5 लाख की लागत से मंच विस्तार के बारे में चर्चा की। इसके बाद उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र के सबसे बड़े आत्मानंद गार्डन का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की। महापौर ने कहा दोनों ही कार्य धीमी गति से चल रहा है। सब इंजीनियर मॉनिटरिंग पर जोर दे और निर्धारित समय तय कर कार्य पूर्ण कराए। इस दौरान एमआईसी सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, सनीर साहू, ईश्वरी साहू, सोनिया देवांगन, क्षेत्रीय पार्षद रोहित धनकर के अलावा पार्षद अनिल देशमुख, निगम सिंह, विनय नेताम, पूर्व एल्डरमेन तरूण बंजारे, सहायक अभियंता आर के जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, डिगेश्वरी चंद्राकर, गोपाल सिन्हा, जनस्वास्थ्य विभाग के बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

### आयुक्त ने दी सख्त चेतावनी

डुंडेरा विजिट के दौरान सामुदायिक भवन के सामने गुरूवार को साप्ताहिक बाजार में सब्जी वि ेता बिना मास्क बाजार सजा रहे थे। उन्हें देख आयुक्त ने फुटकर व्यापारियों को चेतावनी भरे स्वर में मास्क लगाने अन्यथा जुर्माना देने कहा। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बाजार खत्म होने के बाद क्षेत्र में सेनेटाइज जरूर कराए।

### कचरा सामने डंप न करे

महापौर ने डुंडेरा स्थित एसएलआरएम सेंटर व गोठान का भी निरीक्षण किया। महापौर ने एसएलआरएम के सुपरवाइजर से चर्चा करते कहा कि कामगारों का कोरोना टेस्ट अवश्य कराए। साथ ही हिदायत दी कि कचरा का मुख्य गेट के सामने न रखे। वे शेड के एक हिस्से में कचरा डंप कर छटाई कार्य कराए। साथ ही कामगारों को पीपीकिट वितरण संबंधी सवाल जवाब की।

### गोठान में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाए

इस दौरान महापौर ने महिला स्वसहायता समूहों के बारे में आजीविका मिशन मैनेजर अरूणा धृतलहरे से चर्चा की। उन्होने कहा कि डुंडेरा गोठान में सब्जी उत्पादन, नेपियर घास उत्पादन, मछलीपालन, खाद बनाने के लिए अलग-अलग महिलाओं की टिम तैयार कर जिम्मेदारी तय करे। ताकि महिलओं को आय हो सके। महापौर ने कहा कि निगम का आय बढ़ाने विवाह व अन्य समारोह में सामुदायिक भवन को किराए पर दे। इसके लिए उन्होंने नियम तैयार करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# वार्ड 6, 20, ग्राम केशलमरा, पवरजंली, खैलटुकरी, रौहा और बिरनपुर कंटेन्मेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के कवर्धा शहर अंतर्गत वार्ड 06 महामाया मंदिर के सामने शासकीय नर्सिंग कॉलेज में 12 कोरोना पॉजिटिव, वार्ड 20 में तालाब मार्ग करपात्री गार्डन वाली गली से हनुमान मंदिर वाली गल तक 5 कोरोना पॉजिटिव, ग्राम केशलमरा में 01, ग्राम पवरजली में 01, ग्राम खैरटुकरी में 02, ग्राम रौहा में 1 और ग्राम बिरनपुर के वार्ड 06, 07 में 7 कोरोना पॉजिटिव केस पाए जाने पर उक्त क्षेत्र को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया है। कन्टेमेंट जोन घोषित क्षेत्रों में अत्यावश्यक सेवाओं जैसे खाद्य आपूर्ति, आपातकालिन चिकित्सा सेवा को छोड़कर शेष सेवाएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। कन्टेमेंट जोन के सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेंडिकल इमरजेंसी को छोड कर अन्य किसी भी कारणों से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। कन्टेमेंट जोन की निगरानी के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी। जिला चिकित्सालय एव स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्रों में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार सेम्पल जांच के लिए लिया जाना सुनिश्चिति किया जाएगा। सभी कन्टेमेंट जोन क्षेत्रों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए गए है। प्रभारी अधिकारी कंटेन्मेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कन्टेमेंट जोन में बैंकों में ग्राहक सेवा पूर्णतः बंद रहेगा।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 निविघ्न तथा सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की मतदान केन्द्र, क्षेत्र के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार कवर्धा जनपद के सेक्टर लघान, सूखाताल, सेमो के लिए अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कवर्धा आई.पी सोमनकर, सेक्टर मड़मड़ा के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अधिकारी विजय कुमार राम, जनपद पंचायात सहसपुर लोहारा के सेक्टर लाखाटोला के लिए उप वन मंडलाधिकारी अनिल साहू, जनपद पंचायत बोड़ला के सेक्टर दुर्जनपुर के लिए परियोजना अधिकारी संदीप पटेल, सेक्टर राजाढार, लूप, चिल्फी के लिए अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.यां.से. प्रेमलाल ठाकरे, पंडरिया जनपद के सेक्टर दुल्लापुर के लिए अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग विशाल नेताम, सेक्टर नेउर के लिए अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग बी.के. मरकाम और सेक्टर ओड़ाडबरी, कुण्डा एवं सुरजपुराकला के लिए अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.यां.से. ए.एल. उरैहा को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# यमदूत बनकर मास्क पहनने जागरूकता अभियान चलाया




**दल्लीराजहरा।** बालोद जिले के लौह नगरी दल्लीराजहरा निवासी ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह द्वारा इन दिनों कोरोना संक्रमण से बचाव व सुरक्षा के लिए एक अनोखी पहल कर लोगों को यमदूत बनकर मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने लगाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह का कहना है कि कोरोना संक्रमण से बचाव व सुरक्षा के लिए मास्क पहनना बहुत जरूरी है। और ज्यादा भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचते हुए शासन प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों और गाइडलाइंस का पालन करें, सुरक्षा ही बचाव है। लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए उन्होंने खुद यमदूत की वेशभूषा धारण कर लोगों के बीच पहुंचकर मास्क लगाने की अपील कर रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर आप मास्क नहीं लगाएंगे तो हम आपको यमलोक लें जाएंगे। इस तरह अनोखे अंदाज में ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह लोगों को जागरूक व प्रेरित कर रहे हैं।

# दुर्ग-शट डाउन वार्ड 59 व वार्ड 60 में पानी की सप्लाई 3 समय के लिए प्रभावित रहेंगी




**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत रायपुर नाका में रेलवे के द्वारा अंडर ब्रिज निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य मे नगर निगम की पाइप लाइन प्रभावित हो रही थी, जिसको शिफ्ट किया गया है किंतु इसके इंटर कनेक्शन किये जाने का कार्य किया जाना है। इंटरकनेक्शन के इस कार्य हेतु शट डाउन की आवश्यकता होगी।शट डाउन लिए जाने पर 02 वार्ड में वार्ड 59 व वार्ड 60 में पानी की सप्लाई 03 समय के लिए प्रभावित हो जाएगी, यह कार्य हेतु 14.जन. का दिन तय किया गया है,जिसके कारण 14.जन.दिन शुक्रवार को शाम को द्वितीय पाली में एवं 15.जन. दिन शनिवार को सुबह व शाम दोनों पाली में पाइप लाइन से नलों में पानी की सप्लाई वार्ड 59 व वार्ड 60 में नहीं हो सकेगी। शुक्रवार को सुबह तक सप्लाई जारी रहेगी व रविवार सुबह से सप्लाई नियमित की जा सकेगी।आवश्यकता के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकर से सप्लाई की जावेगी। असुविधा के लिए निगम प्रशासन खेद व्यक्त करता है।महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त हरेश मंडावी व जल कार्य प्रभारी संजय कोहले द्वारा पानी पूर्व से सुरक्षित रखने हेतु अपील की गई है।

### सदस्यता अभियान प्रभारियों की जनपद वॉर नियुक्ति, प्रभारी हाट बाजारों की सदस्यता में रहेंगे उपस्थित

# जिले में किसान कांग्रेस चलाएगी ग्राम पंचायतों में सदस्यता अभियान : निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

किसान कांग्रेस के सदस्यता के लिए शीघ्र ही जिले में जनपद पंचायत वॉर प्रभारियों की नियुक्ति होगी, प्रदेश के कृषि मंत्री के गृह जिले बेमेतरा में 5 हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है,यह कहना है किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी का, बेमेतरा, साजा और नवागढ़ विधानसभा चुकि विशुद्ध रूप से कृषि प्रधान विधानसभा हैं।

जिले के 3 विधासभाओ में सत्ता धारी दल कांग्रेस के विधायक हैं, प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का गृह जिला होने के नाते बेमेतरा और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है, किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू के अगुवाई में पूरे प्रदेश भर में किसान कांग्रेस का सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, बेमेतरा में किसान निगरानी समिति के प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने जिले में किसानों को संगठन से जोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने की बात कही है,उन्होंने कहा है कि यह सरकार किसानों ने बनाई है, और इस सरकार में किसानों के लिए जितनी योजना बनी वह इस देश के किसी भी प्रदेश में नही बनी है, गोबर खरीद से लेकर धान की खरीद में देश के सामने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो मिशाल कायम की है उसके दूर दूर तक कोई राज्य नही है,इस सरकार की प्राथमिकता नरवा, गरवा, घुरवा और बारी है जो किसान की चिन्हारी है, सदस्यता अभियान की दो श्रेणी रहेगी।

सामान्य सदस्य और सक्रिय सदस्य,सामान्य सदस्यो को किसान कांग्रेस के विचार धारा से अवगत कराया जाएगा वहीं सक्रिय सदस्य बनने के लिए 25 सामान्य सदस्य बनाने की अनिवार्यता रहेगी, सक्रिय सदस्यों से ही किसान कांग्रेस के ब्लाक ,विधानसभा और जिला स्तर के पदाधिकारियों का चयन संगठन में किया जाएगा।

किसान कांग्रेस में महिला किसानों लिए 50त्नसदस्यता भी अनिवार्य होगी, सरकार की कृषको के हित में बनाई गई योजनाओ के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सक्रिय सदस्यो की रहेगी, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि किसान कांग्रेस द्वारा इस वर्ष प्रदेश में 1लाख नए किसानो को सक्रिय सदस्य बनाए जाने के लक्ष्य रखा गया है,चाहे धान खरीद के निगरानी के तौर पर हो या केंद्र सरकार द्वारा लाये गये किसान कानून के विरोध के आंदोलन के लिए हो, किसान कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है।



## फसल क्षति की सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 एवं फॉरमित्र एप एवं सम्बंधित क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को देवे

**कवर्धा।** कुछ दिनों से कबीरधाम जिले में पश्चिमी विछोभ के कारण असामयिक वर्षा दर्ज की गयी है। इस असामयिक वर्षा से रबी फसलो को नुकसान हुआ है, जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचित ग्राम के अधिसूचित फसल गेहू सिंचित, असिंचित, चना एवं अलसी फसलो को नुकसान होने की स्थिति में बीमित किसान को दावा भुगतान का प्रावधान है। जिसके तहत बीमित किसान को फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी, कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं बैंक को घटना के 72 घंटे के भीतर दिया जाना आवश्यक है। फसल क्षति की सूचना उपरांत बीमित कृषको में से प्रभावित कृषक योजना के तहत प्रावधान अनुसार लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। कृषि विभाग के उपसंचालक एमडी डडसेना ने बताया कि किसानों को फसल क्षति के सम्बन्ध में क्रियान्वयक बीमा कंपनी बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस को सीधे टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 या कंपनी के फॉरमित्र एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है साथ ही ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को भी फसल क्षति की लिखित सूचना निर्धारित समयावधि 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के व्योरे एप्लीकेशन आईडी, खाता नंबर, आधार नंबर तथा मोबाइल नंबर सहित दे सकते है।

## 4 विपत्तिग्रस्त परिवार को 16 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम मगरवाड़ा निवासी अमन सागर की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री कन्हैया (मृतक के पिता) को, ग्राम चिल्फी निवासी कबीरदास पनिका की नाले के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती अमृत बाई (मृतक की मां) और सुषमा भारती (मृतक की प ी) को, ग्राम जैताटोला निवासी जमुना बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री चतुर (मृतका के पिता) और तहसील सहसपुर लोहारा के ग्राम टाटावाही निवासी प्राची खरे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंद्रकुमार खरे को को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# 60 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## शराब रखने की सूचना पर भाठनपाली में पुलिस की रेड

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर गुरूवार को शहर में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया जिसमें शाम तक पुलिस चैकी जूटमिल क्षेत्र के भाठनपाली में दो कार्रवाई में 60 लीटर महुआ शराब के साथ अवैध कारोबार में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर चैकी लाकर आरोपियों पर आबकारी एक्ट की गैरजमानतीय धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम चैकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भाठनपाली का गंगाराम साव घर पर अवैध रूप से शराब बिक्री करता है, सूचना पर चैकी प्रभारी स्टाफ लेकर भाठनपाली पहुंचे। जहां गंगाराम साव को तलब कर पूछताछ करने पर शराब बिक्री से इंकार किया, कड़ी पूछताछ एवं गवाहों के साथ आसपास क्षेत्र की तलाशी लिये जाने पर गंगाराम साव उसके पम्प घर में प्लास्टिक पॉलिथन में भरकर महुआ शराब छिपाकर रखा हुआ था। आरोपी गंगाराम साव पिता हीराल लाल साव उम्र 30 वर्ष निवासी भाठनपाली चैकी जूटमिल द्वारा बिक्री के लिये छिपाकर रखना बताया। आरोपी के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब बरामद कर जप्ती की गई है। कार्रवाई दौरान भाठनपाली में मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि गांव का अशोक सिदार पिता गंगाराम सिदार उम्र 45 वर्ष निवासी भाठनपाली अवैध बिक्री के लिये ओडिशा शराब लेने गया, सूचना पर टीआई उत्तम साहू स्टाफ के साथ ग्राम भाठनपाली बस्ती में छिपकर आरोपी के आने का इंतजार किये जो प्लेटिना मोटर सायकल में महुआ शराब लाते मिला जिसे रोककर पूछताछ करने पर अवैध बिक्री के लिये शराब लाना बताया, आरोपी के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों कार्रवाई में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई कुल 60 लीटर महुआ शराब, एक मोटर सायकल प्लेटिना की जप्ती कर आरोपियों पर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्रवाई में चैकी प्रभारी उत्तम साहू, प्रधान आरक्षक विजय गोपाल, आरक्षक जितेन्द्र दुबे, बनारसी सिदार, सत्या यादव एवं हेंमत चन्द्रा की अहम भूमिका रही है।

# कोविड का असर आंगनबाड़ियों, स्कूलों में साफ नजर आने लगा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में कोविड का असर अब स्कूलो और आंगनबाडियो में साफ नजर आने लगा है, लगातार दो दिनों तक नवोदय स्कूल के बच्चो के पाजिटिव आने के बाद प्रशासन ने बडा कदम उठाते हुए स्कूल और आगनबाडियो को सात दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी कर दिया ये आदेश वर्तमान में मुंगेली ब्लाक के लिए जारी किया है लोरमी और पथरिया ब्लाक मे संचालित होने वाले स्कूल और आंगनबाडी यथावत चालू रहेगा।

गौरतलब हो जिले में पाव पसारते कोविड के मामले प्रशासन के लिये चिंता का सबब बनते जा रहे हैं लगातार पॉजिटिव केसों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है,, बीते कल हुए कोरोना विस्फोट से लगातार दूसरे दिन भी जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चे पॉजिटिव पाए गए । जिसके बाद प्रशासन ने मुंगेली विकासखंड के सभी स्कूल प्राथमिक ,पूर्व माध्यमिक ,हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी एवं सभी अशासकीय स्कूल आगामी 7 दिनों के लिए बंद रहेंगे । स्कूल में कोई विद्यार्थी नहीं आएगा ऑनलाइन क्लासेस प्रारंभ करेंगे शिक्षक अपनी उपस्थिति विद्यालय में देंगे । इस बीच किसी स्कूल के स्टाफपॉजिटिव होने पर अन्य स्टाफ टेस्ट कराकर पॉजिटिव पाए जाने पर होम आइसोलेट में रहेंगे । वही लोरमी ,पथरिया विकासखंड के स्कूल यथावत संचालित रहेंगे । अब तक जिले में कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 139 हो गई । बीते कल स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आकड़ो के मुताबिक मुंगेली ब्लॉक में 27 मुंगेली-7,भद्राली 1,पदमपुर 1, बरेला 3, शिक्षक नगर 1,जरहागाव ब्रुक्स कम्पाउंड 1, उड़का 1, जिला हॉस्पिटल 2,शिवाजी वार्ड 1,लिमहा 1, नवागांव 1, जेठूपारा 1, पकरिया 1,कालीमाई वार्ड 1,दाउपारा 1, गीधा 1, कलेक्ट्रेट ऑफिस 1,बसीन मैतलपुर 1,वही लोरमी ब्लॉक में,16 - खेकतरा 3, मोहतरा कुर्मी 1, लीलापुर 1, केस्टरपुर 1, बैगाकापा,1, लमनी 1, बिचारपुर 1, डब्ज्स् लोरमी 2, पीथमपुर 1,भोजपुर 1, पथरी 2, उरई कछार 1, पथरिया ब्लॉक में -8 लौदा 1, करही सरगांव 1, सावा 1, बिदबिदा 2, नगपुरा 1, अंडा, 1, रामबोड 1, की पुष्टि की गई है। गौरतलब हो लगातार बढ़ते केसो को देखते हुए प्रशासन एवं नगरपालिका परिषद द्वारा लोगो को मास्क और सेनेटाइजर के लिये प्रेरित किया जा रहा है वही नगर पालिका द्वारा मुनियादी भी कराई जा रही है ।

इस बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी अभीलाषा बेहरा ने बताया कि मुंगेली ब्लाक में संकमण दर 5 प्रतिशत से अधिक होने के कारण मुंगेली ब्लाक में संचालित आंगनबाडियो को बंद किया गया है, पूरक पोषण आहार टीफिन के माध्यम से संचालित किये जायेगे।

**अभीलाषा बेहरा जिला कार्यक्रम अधिकारी**

# जल आवर्धन योजना की पानी टंकी से बह रहा हजारों लीटर पानी

**रायगढ़।** पानी की बर्बादी एकल हो या सामूहिक बर्बादी तो बर्बादी है। चाहे घर में हो या सरेआम। कई दिनों से ऐसा ही नजारा रायगढ़ नगर निगम के वार्ड क्रमांक 1 स्थित जल आवर्धन योजना पानी टंकी में देखने को मिल रहा है। यहां पानी टंकी की क्षमता से ज्यादा पानी भरने के वजह से पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है। जिससे हजारों लीटर फिल्टर पानी बर्बाद हो रहा है। और पानी को फिल्टर करने में लगने वाले लागत मूल्य की भी हानि हो रही है। निगम प्रशासन इसको गंभीरता से ध्यान दें और इस जीवनदायिनी पानी की बर्बादी को रोके।



# गैर लक्षण वाले कोविड मरीजों के लिए विकासखंड मुख्यालयों में तैयार करें आइसोलेशन सेंटर्स : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति की वर्चुअल समीक्षा बैठक ली। गैर लक्षण वाले ऐसे मरीज जिनके पास होम आइसोलेट होने की सुविधा नही है उनके लिए विकासखंड मुख्यालय में क्वारेंटिन सेंटर तत्काल शुरू करने के निर्देश उन्होंने बैठक में दिए। इन सेंटर्स में बेड, भोजन पानी आदि सभी जरूरी सुविधाएं विभागों के समन्वय से तैयार करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। कोविड मरीजों के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज और केआईटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी वार्ड तैयार करने के लिए कहा। जिले के विभिन्न सीएचसी में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट्स का ट्रायल रन कर के देखने के निर्देश उन्होंने बायो मेडिकल इंजीनियर को दिए। कलेक्टर ने कहा कि होम आइसोलेटेड मरीजों की विशेष देखरेख की जाय। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का नियमित फॉलोअप हो। उन्होंने इसके लिए सभी विकासखंडों में एक डेडिकेटेड टीम बनाने के निर्देश सभी बीएमओ को दिए। जिसके द्वारा होम आइसोलेशन के नॉर्म्स का पूरी तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने फॉलोअप के लिए डॉक्टर्स अलॉट करने और रोज आइसोलेटेड मरीजों के ऑक्सीजन सेचुरेशन और टेम्परेचर की जानकारी लेने के लिए कहा। जिससे मरीज की स्थिति बिगडने से पहले उसे हॉस्पिटल शिफ्ट किया जा सके।

# जिले के छह स्वास्थ्य संस्थाओं का लायसेंस नवनीकरण करने का निर्णय

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास की अध्यक्षता में विगत दिनों जिला पंचायत मुंगेली (धरमपुरा) के सभा कक्ष में जिले में नर्सिंग होम के संचालन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. त्रिलोकी नाथ महिंग्लेश्वर, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महिंग्लेश्वर ने बताया कि जिले में निजी स्वास्थ्य संस्था संचालित करने के लिए 46 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें हास्पिटल संचालन हेतु 14, क्लिनिक हेतु 19 और पैथोलैब डायग्नोस्टिक सेंटर हेतु 13 नवीन आवेदन शामिल है। इन आवेदनों का निरीक्षण उपरांत मापदण्ड के अनुरूप सही पाये जाने पर पंजीयन करने की बात कहीं गई।

# संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने लिया नौका विहार का आनंद

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मकर सक्रांति पर्व पर जैतपुर में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर दूर-दराज से लोग मकर सक्रांति मनाने के लिए जैतपुर जाते हैं। जहां पर पिकनिक स्पॉट के साथ मेला का भी आनंद लेते हैं ।जहां पर माननीय संसदीय सचिव चंद्र देव राय विधायक बिलाईगढ़अपने साथियों के साथ पहुंचकर मेले का भ्रमण किए वहीं पर महानंदी में नौका विहार का भी अपने साथियों के साथ लुत्त उठाएं एवं सेल्फी का भी आनंद लिए । जहां पर मेले में झूला एवं दुकानदारों में मायूसी दिखाई दी, वहीं पर दूरदराज से लोग झूले का आनंद नहीं उठा पाए ।आज कॉविड महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए वहां पर मेला में प्रतिबंध लगा था जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखाई दी और मेला को बंद कराया गया । मकर संक्रांति का आनंद लेने वाले को मायूसी का सामना करना पड़ा इस तरह से देखा जाए तो मकर सक्रांति जैतपुर का मेला लगा और दुकानदार काफी मायूस हुए। झूले खाली पड़ा रहा दर्शक आते गए और जाते गए।

**महानदी का विहंगम मनमोहक दृश्य ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया** - मकर सक्रांति पर्व पर जैतपुर में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है जहां पर दूर-दराज से लोग मकर सक्रांति मनाने के लिए जैतपुर जाते हैं। जहां पर पिकनिक स्पॉट के साथ मेला का भी आनंद लेते हैं ।जहां पर माननीय संसदीय सचिव चंद्र देव राय विधायक बिलाईगढ़ अपने साथियों के साथ पहुंचकर मेले का भ्रमण किए वहीं पर महानंदी में नौका विहार का भी अपने साथियों के साथ लुत्त उठाएं एवं सेल्फी का भी आनंद लिए । जहां पर मेले में झूला एवं दुकानदारों में मायूसी दिखाई दी, वहीं पर दूरदराज से लोग झूले का आनंद नहीं उठा पाए ।आज कॉविड महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए वहां पर मेला में प्रतिबंध लगा था जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखाई दी और मेला को बंद कराया गया । मकर सक्रांति का आनंद लेने वाले को मायूसी का सामना करना पड़ा इस तरह से देखा जाए तो मकर सक्रांति जैतपुर का मेला लगा और दुकानदार काफी मायूस हुए। झूले खाली पड़ा रहा दर्शक आते गए और जाते गए।

## 26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** राज्य शासन द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने जिले की समस्त देशी मदिरा, सीएस-2(घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1(घघ) की फुटकर दुकानों तथा भंडारण मद्य भण्डागार एवं एफएल 3 होटल बार, होटल सिटी पैलेस मुंगेली को बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा का परेषण आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेशित किया है।

# टीचर्स एसोसिएशन के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन सक्ती के बीईओ ने किया

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन- सक्ती ब्लॉक के वार्षिक कैलेण्डर 2022 का विमोचन 13 जनवरी को बीईओ के.पी.राठौर के द्वारा बीईओ ऑफिस सक्ती में किया गया। विमोचन के दौरान नीलिमा बड़गे एबीईओ, शैलेश देवांगन एबीईओ भी उपस्थित थे। टीचर्स एसोसिएशन सक्ती ब्लॉक के अध्यक्ष महेन्द्र राठौर ने बतलाया कि मल्टीकलर पेपर में प्रिंटेड 12 माह के उपयोगी वार्षिक कैलेण्डर में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जिसमें ऑनलाइन सदस्यता के लिए वेबसाईट लिंक,सामान्य व बैंक अवकाश,ऐच्छिक अवकाश, स्थानीय अवकाश की जानकारी उल्लेखित किया गया है, इस अवसर पर विकासखण्ड- सक्ती के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार राठौर, शैलेश कुमार देवांगन, यशवंत सिंह राठौर, लितेन कुमार दुबे, अनिल मरकाम, जितेन्द्र सूर्यवंशी, रामधार कँवर, धर्मेन्द्र कुमार माली, ब्रजेश श्रीवास्तव,शांति लाल यादव, नंदलाल पटेल, जयनारायण राठौर, अमोल दास मानिकपुरी, रूपसाय राठौर, जयप्रकाश बघेल, मनीराम यादव सहित उपस्थित रहे।



# छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बनाए गए अड़भार के विकास चौबे

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

अड़भार शहर के विकास चौबे को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन मालखरौदा तहसील का नया संयोजक नियुक्त किया गया है, साथ ही संयोजक के दायित्व के अलावा उन्हें छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मालखरौदा तहसील के अध्यक्ष का भी दायित्व दिया गया है,विकास चौबे की इस नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारी/ सदस्यों के अलावा छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई शक्ति के संरक्षक रमेश तिवारी,विजय बहादुर सिंह, भोला शंकर तिवारी सहित सभी पदाधिकारी/ सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं,साथ ही इस अवसर पर रमेश देवांगन, जयकिशन उराव, श्याम लाल यादव, दिनेश जायसवाल, सुभाषिनी भगत,शेखर सिदार, जगत नारायण सिदार,राजेंद्र जलतारे, हर्षवर्धन चंद्रा, भूपेंद्र खूंटे,सहित मालखरौदा तहसील के भी फेडरेशन के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विकास चौबे के कुशल नेतृत्व में दोनों ही संगठन को मजबूती मिलने की बात कही है,वहीं दूसरी ओर विकास चौबे को मिले इस दायित्व पर उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन ने उन्हें मालखरौदा तहसील के संयोजक के रूप में दायित्व दिया है,एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने भी उन्हें मालखरौदा तहसील के अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी दी है, वे पूरी सक्रियता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे साथ ही तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं फेडरेशन के सदस्यों के हित के लिए सदैव कार्य करेंगे एवं संगठन को पूरे मालखरौदा तहसील क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में यथासंभव सहयोग करेंगे,उल्लेखित हो कि विकास चौबे नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित नागरिक हैं,तथा वे सदैव लोगों की सेवा एवं जनहित के कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहते हैं,तथा उन्हें कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन के मालखरौदा तहसील संयोजक एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के मालखरौदा तहसील अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।



## निधन

### नंनकुसिया जायसवाल



**सक्ती।** शक्ति शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, वार्ड क्रमांक-,08 निवासी ननकुसिया राम जायसवाल का14 जनवरी 2022 दिन- शुक्रवार को तड़के सुबह 3.00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार दिनांक- 14 जनवरी 2022 दिन- शु वार को स्थानीय मुक्ति धाम शक्ति में हुआ, अंतिम संस्कार यात्रा निवास वार्ड मांक- 08 ओम ट्राली के सामने राजापारा मोड़ के नजदीक सक्ती से निकली, उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में भी काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए एवं ननकूसिया जायसवाल राजनीति क्षेत्र में एक समय शक्ति के कट्टर महल समर्थक माने जाते थे, एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के खास सिपहसालारो में ननकूसियाराम जायसवाल की गिनती होती थी, किंतु बदली परिस्थितियों ने महल एवं ननकूसिया जायसवाल परिवार के बीच काफी दूरियां बढ़ा दी थी।

### शिप्रा देवी



**सक्ती।** निवेदिता फाउंडेशन की प्रमुख शिप्रा देवी का 12 जनवरी को उड़ीसा प्रदेश के भुनेश्वर शहर में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, शिप्रा देवी विगत एक दशक पूर्व उड़ीसा से अपने परिवारजनों तथा अन्य सदस्यों के साथ शक्ति आकर निवेदिता फाउंडेशन की स्थापना कर सामाजिक संस्था के रूप में कार्य कर रही थी, तथा इनके द्वारा समय-समय पर ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्य मों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता था, साथ ही लोगों को उनके अधिकारों के प्रति भी सजग एवं तत्पर बनाने की दिशा में पहल की जाती थी।

# जिले के विकासखण्ड मुंगेली में कोविड पॉजिटिविटी दर 4 प्रतिशत से ज्यादा

- **विकासखण्ड में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों और आंगनबाड़ी एवं मिनी**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा 4 प्रतिशत और उससे अधिक कोविड पाजिटिविटी दर वाले स्कूल,आंगनबाड़ी केन्द्र,प्ले स्कूल का संचालन बंद किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। इसके परिपालन में कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के विकासखण्ड मुंगेली में कोविड पाजिटिविटी दर 4 प्रतिशत से अधिक होने पर विकासखण्ड मुंगेली में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को 19 जनवरी 2022 तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होने विकासखण्ड मुंगेली के अन्य संस्थाएं यथा जवाहर नवोदय विद्यालय,बालक बालिका छात्रावास को भी बंद रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा है कि विकासखण्ड मुंगेली में 19 जनवरी तक पाजिटिविटी दर कम नहीं होने के स्थिति में शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र को बंद रखने की तिथि में वृद्धि की जा सकेगी। जारी निर्देश में कलेक्टर श्री वसंत ने कहा है कि पूर्व की शांति ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन करने, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी श्रेणी के पात्र हितग्राहियों को प्रावधान अनुसार रेडी टू ईट का वितरण करने,गर्भवती माताओं एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को टिफीन के माध्यम से गरम भोजन यथावत प्रदान करने,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर निर्धारित मीनू अनुसार गरम भोजन एवं पोषण सामग्री का वितरण यथावत करने, गृह भेंट के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा तथा सजग अभियान अंतर्गत इसीसीइ गतिविधियां जारी रखने सहित समय-समय पर शासन द्वारा कोविड 19 (कोरोना वायरस) हेतु जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# फरार वारंटी को जोबी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस चैकी जोबी प्रभारी उप निरीक्षक थानूराम नायक द्वारा मारपीट मामले के फरार वारंटी मोतीराम निषाद पिता लालाराम निषाद उम्र 38 वर्ष निवासी केवाली चैकी जोबी को गुरूवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध शकुन्तला बाई राठिया पति जनता राम राठिया ग्राम केवाली द्वारा उसके तालाब में मछली पकड़ने से मना करने पर आरोपी द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने की रिपोर्ट चैकी में दर्ज करायी थी। आरोपी मोतीलाल निषाद न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर जेएमएफसी न्यायालय खरसिया द्वारा आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर जोबी प्रभारी को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने का निर्देश दिया गया था जिसके पालन के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# कोविड केयर सेंटरों का निरीक्षण, व्यवस्था को सुनिश्चित करने कलेक्टर महोबे ने दिए निर्देश

## जिले के सभी आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज बंद रहेंगे

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए तैयार किए गए कोविड केयर सेंटरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को निरीक्षण कर जायजा लें। कोविड केयर सेंटरों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, महाविद्यालय बंद रहेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों व महाविद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 के धनात्मक प्रकरण तथा लक्ष्य अनुरूप कोरोना जांच की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोरोना से अलर्ट रहने की जरूरत है। उन्होंने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु संक्रमित व्यक्तियों के प्राथमिक संपर्क में आने वालों का अनिवार्य रूप से कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करने व कोरोना जांच के निर्देश दिए। उन्होंने होम आइसोलेशन में रहकर उपचार करा रहे मरीजों का नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के 41 हजार 741 बच्चों का कोविड-19 का टीकाकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार 01 हजार 999 हेल्थ केयर वर्कर, 01 हजार 531 फ्रंटलाईन वर्कर, 60 वर्ष से अधिक के 324 को-मार्बिड व्यक्तियों को प्रीकॉशन डोज लगाया जा चुका है। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम बालोद जीडी वाहिले, एसडीएम गुरूर रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अमित श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी, डीपीएम डॉ. भूमिका वर्मा, डॉ. ग्लैड, डॉ. देवेंद्र साहू, डॉ. संदीप मेश्राम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कोविड केयर सेन्टर कोण्डे पावरहाऊस का किया निरीक्षण

कलेक्टर महोबे ने कोविड केयर सेंटर कोण्डे पावरहाऊस दल्लीराजहरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहाँ उन्होंने तैयार किए गए विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कोविड केयर सेंटर में बेड की व्यवस्था, दवाई की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेण्डर सहित हेल्थ स्टॉफ की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोविड केयर सेंटर में सभी आवश्यक व्यवस्था बनाए रखें, आवश्यकता पड़ने पर कोरोना संक्रमित मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जाएगा।

# जिला चिकित्सालय में स्पेशलिस्ट तो घर में बन जाते हैं बंगाली डॉक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com




जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों के भी अजब गजब रूप है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा के प्रशासन लाख दावे कर ले लेकिन जिला चिकित्सालय के डॉक्टर चलते हैं अपनी अपनी मर्जी से। 100 बिस्तरों वाला जिला चिकित्सालय सब संसाधन होने के बाद भी प्राथमिक उपचार केंद्र के अलावा और कुछ नहीं है। मशीनें रखे- रखे कबाड़ में तब्दील होती जा रही है। सोनोग्राफी मशीन के तो खुद सीएचएमओ स्पेशलिस्ट है, लेकिन जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार मिलने के बाद छोटे से काम में कहां समय दे पा रहे हैं, ऐसा हाल दूसरी बड़ी मशीनों का भी है। चिकित्सकों की अगर बात की जाए तो पहले जो चिकित्सक सभी का इलाज करते थे, अब जिला चिकित्सालय में मरीज के जाने पर चिकित्सक अपने आप को खास बीमारी का स्पेशलिस्ट बताते हैं, और दूसरे डॉक्टर के पास जाने की सलाह देते दिखते हैं। वही सुबह 9.00 से पहले या दोपहर में 1.00 बजे के बाद इनके घर चले जाओ तो घर में यह बंगाली डॉक्टर बन जाते हैं जो सभी मर्ज का इलाज गारंटी के साथ करते हैं। चिकित्सकों की सुधार के लिए जिला प्रशासन से लेकर हर कोई प्रयास कर चुका है लेकिन यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां चलती इन्हीं डॉक्टरों की है।

### नए कलेक्टर के आने से लोगों की जगी है कुछ आस

पूर्व में जितने भी कलेक्टर जिले में आए विलास भोसकर संदीपान को छोड़कर सभी ने शिक्षा स्वास्थ्य में सुधार को लेकर बड़ी-बड़ी बात कही पर आम जनता को वादे के अलावा कुछ नहीं मिला। दोनों एक ऐसा क्षेत्र है जहां ये प्रशासन से ऊपर ही नजर आते हैं। शिक्षक संगठित है तो चिकित्सक डिग्री हासिल किए हैं जिनका एक अपना अलग ही स्थान है। अब नए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के आने से लोगों को पुनः आस जगी है की चिकित्सालय को शायद वो बेहतर बना पाएंगे।

# नरहरदेव स्कूल में पेंसिल को लेकर चाकूबाजी, छात्र अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



शहर के नरहरदेव हाईस्कूल के दो छात्रों के बीच पेंसिल को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत चाकू बाजी तक आई गई जिससे छात्र के बाएं हाथ में चोटें आई है जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल छात्र के परिजनों के अनुसार लगभग 4 से 5 दिन पहले छात्र युवराज सोनकर जोकि 10 वी कक्षा में अध्ययनरत है ने अपने क्लासमेट युगभट्ट को पेंसिल मांगी थी जिसके बाद वह पेंसिल टूट गई जिसको लेकर युगभट्ट धमकी दे रहा था कि तू स्कूल से बाहर निकल फिर बताता हूं जिसके बाद छात्र युवराज सोनकर अपने मित्र के साथ स्कूल की छुट्टी होने पर शाम लगभग 4.30 को अलबेलापारा स्थित गार्डन पर बैठा था तभी युगभट्ट व अन्य वहाँ पहुंचकर कर छात्र पर चाकू से हमला कर दिया जिससे छात्र के हाथ मे 10 टांक लगा है व उपचार जारी है। घटना के बाद से हमला करने वाला छात्र फरार है वहीं वह पिछले कुछ दिनों स्कूल भी नहीं आ रहा था।

इस पूरे मामले में जांच में आये एईएसआई मनोज सेवता ने जानकारी दी है कि घटना की जांच की जा रही है घायल छात्र व परिजनों के बयान के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस घटनाक्रम की जानकारी लेने नरहरदेव स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल की प्रिंसिपल रचना श्रीवास्तव से सम्पर्क किया गया किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# वाचो पर देखिए 'गुप्तौ निवास', यह एक फैमिली ड्रामा सीरीज है जो आपकी पुरानी यादों को ताजा कर देगी

**रायपुर।** ड्रामा, ह्यूमर और इमोशंस; यह सभी मस्तीध से भरपूर हल्केर-फुल्के अंदाज वाले फैमिली ड्रामा गुप्तो निवास की 8 एपिसोड वाली सीरीज में परफेक्ट तरीके से बुने गये हैं। भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे ओटीटी प्लेतटफॉर्म्स में से एक वाचो की पेशकश 'गुप्ताम निवास' में इलाहाबाद के एक मध्येम-वर्गीय परिवार के सात सदस्योंत की कहानी दिखाई गई है, जो कोई काम नहीं करते हैं। उनकी जिन्द गी की उलझनें और रोजाना की परेशानियों से उनका सामना देखने लायक है। यह सीरीज हिन्दीई में स्ट्री म हो रही है और इसे देखकर दर्शक निश्चित रूप से कई तरह की भावनाओं का अहसास करेंगे। इसके लॉन्चप पर अपनी बात रखते हुए, सुखप्रीत सिंह, कॉर्पोरेट हेड- मार्केटिंग, डिश टीवी एवं वाचो, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड ने कहा, गुप्ता निवास कोई एवरेज फैमिली ड्रामा नहीं है। इसकी स्टोररीटेलिंग अपने दर्शकों के साथ एक अनोखा रिश्ताद बनाती है और उन्हें् खुशी, हंसी, दुख और आशा के सफर पर ले जाती है। हमें विश्वांस है कि यह सीरीज वाचो के लिये नये रिकॉर्ड बनाने में हमारी मदद करेगी। इलाहाबाद की पृष्ठ भूमि पर आधारित, यह शो एक भारतीय मध्यमम-वर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिन्दहगी, उनकी समस्यांएं दिखाता है और बताता है कि अपने मतभेदों के बावजूद वे कैसे एक-दूसरे का साथ देने के तरीके निकाल लेते हैं।

# गीदम विकास खंड के 4 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◀ गीदम
www.dailypioneer.com



विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत (एनआईएफ) के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग अंर्तगत विद्यार्थीयों के नवाचार प्रोजेक्ट को चयनित कर इंस्पायर अवार्ड मानक जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहन राशि एवं सुनहरा मौका दिया जाता है।

वर्ष 2020-21 इंस्पायर अवार्ड मानक हेतु दंतेवाड़ा जिला से कुल 72 प्रोटोटाइप आइडिया को चयन किया गया था। कोरोना महामारी के प्रभाव से जिला स्तरीय प्रदर्शनी तथा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हल ही में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया था। जिसमें दंतेवाड़ा जिला के गीदम विकास खंड से 4 विद्यार्थीयों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी तथा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। एजुकेशन सिटी जावंगा के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक व प्रोजेक्ट प्रमुख अमुजुरी बिश्वनाथ के नेतृत्व में सागर भास्कर के द्वारा कोकोनट दिहुस्किंग पीलिंग मशीन, अमित नाग के द्वारा इंटीग्रेटिड सॉइल टेस्टिंग फर्टिलाइजिंग वाटरिंग मशीन, नागेंद्र पटनायक के द्वारा रिप्लेसमेंट ऑफ नॉन बायोडिग्रेडेबल प्रोडक्ट्स बाय वेस्ट टेक्सटाइल्स कम पीपीई कीट एवं एकलव्य आदर्श आवासीय कन्या शिक्षा विद्यालय के शिक्षक प्रवीण चंद्राकर के नेतृत्व में भुमिका भंडारी के द्वारा मोडिफाइड व्हील चेयर प्रोजेक्ट मॉडल बनाया गया। गीदम विकास खंड के वे चार विद्यार्थीयों छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी तथा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में 17 से 19 जनवरी 2022 को ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को बीईओ कार्यालय गीदम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम विद्यार्थीयों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहन देते हुआ कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर दंतेवाड़ा जिला व छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करे।

### सिंगरी तालाब में पचरी घाट तथा चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**पेंड्रा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर पंचायत पेन्ड्रा के वार्ड 05 स्थित सिंगरी तालाब में पचरी घाट तथा चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन वरिष्ठ गांधीवादी नेता कृष्णाकर मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान तथा वार्ड पार्षद अरुणा गणेश जायसवाल के कर कमलों से संपन्न हुआ। अधोसंरचना मद से स्वीकृत पचरी घाट निर्माण की लागत 2.65 लाख रुपए है.श्रमिक बहुल वार्ड मांक 5 एवं 6 के नागरिको द्वारा इस तालाब का सर्वाधिक निस्तारी उपयोग किया जाता है.तालाब मे सिर्फ एक पचरी घाट स्थित होने से लोगों को निस्तार में बहुत असुविधा हो रही थी। इस तालाब के मेड पर कर्मकान्ड सम्बन्धी कार्यो के सुविधा हेतु पार्षद मद की राशि रु.एक लाख के लागत से चबूतरा का निर्माण होगा। इस आयोजन में रामनिवास तिवारी,पार्षद राकेश चतुर्वेदी, मैकू भरिया विधायक प्रतिनिधि निर्माण जायसवाल सीएमओ कन्हैया लाल निर्मलकर, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा, नम्रता सिंह, पूर्व पार्षद तेरसिया बाई, मनीष श्रीवास,के अलावा संतोष साहू, धनराज नामदेव हीरा लाल काछी चँदिहा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बनवारी गौशाला के शुभारंभ में केंदूढार पहुंचे नीलांचल संस्थापक सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ बसना
www.dailypioneer.com



ग्राम केंदूढार में स्व. बनवारी लाल अग्रवाल एवं स्व. कला देवी अग्रवाल के स्मृति में बनवारी-गौशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ग्राम केंदूढार पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान आयोजको ने समाजसेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्पत अग्रवाल का वस्त्र परिधान व श्रीफल से सम्मान किया गया। अग्रवाल ने गौभक्तों को संबोधित करते हुए कहा गौ माता की सेवा के उद्देश्य से गौशाला का शुभारंभ करना प्रशंसनीय है, गौमाता की सेवा करना, माता की सेवा के बराबर है। घर में अगर गौवंश पाल नही सकते तो अपने क्षेत्र के गौशाला में तन-मन-धन से सहयोग अवश्य करनी चाहिए। वहीं नवीन गौशाला में गौवंशो को फल खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में ऋषिकेश से पधारे कथावाचक विजय गिरी महाराज, गायत्री शक्ति के उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, संत राजेश्वर दास, संत हेमराज, आयोजक बजरंग लाल अग्रवाल, मदन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, बिरेंद्र अग्रवाल, सवित्रीपुर महाराज देवराज मिश्रा, संत लखन मुनी बम्हनीडीह, जयंती लाल अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल सत्यनारायण अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, डॉ. संजय गोयल, गिरधारी लाल डड़सेना, मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, बसना सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, सह प्रभारी आकाश सिन्हा, भागीरथी यादव, कन्हैया पटेल, केशव प्रसाद समेत देवरालिया परिवार उपस्थित थे।

### चोरी के सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**बलौदाबाजार।** मुखबीर से सूचना मिला कि बंशीलाल सोनवानी नाम का आदमी अपने दुकान में जे ई पाईप का बहुत सारा टुकड़ा रखा हुआ है जो चोरी का सामान प्रतीत हो रहा है। कि थाना सिटी कोतवाली के द्वारा प्रआर मोह.अरसद खान, आरक्षक यशवंत यादव, संतोष कोशले, दीपक साहू टीम बनाकर बंशी सोनवानी ग्राम रिसदा में रेड कार्यवाही किया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों को टिफिन के माध्यम से घर पहुंचाकर दिया जा रहा गरम भोजन

**बालोद।** जिले के डौण्डी विकासखण्ड में आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों को टिफिन के माध्यम से घर पहुँचाकर गरम भोजन दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्य म अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर विकासखण्ड डौण्डी में आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों, गर्भवती माताओं एवं बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पकने वाले गरम भोजन को टिफिन के माध्यम से घर पहुँचाकर देने की व्यवस्था की गई है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रं.-1, रायपुर**

**// मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

विज्ञप्ति क्रमांक 317/एन.आई.टी.-42/टी.सी./21-22/ रायपुर, दिनांक 12/01/2022

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
|---|---|
| S/R MOW, Deposit & Other Work at VIP Bunglow of Head Quarter Section No.-1(Civil Line) under Sub Division No.-1, Raipur | 19.50 |

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 07.02.2022**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रं-1
रायपुर

G-66841/3



FORM NO. 17 [See Regulation 35(1)]

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001 (M.P.)

**RC/20/2019**

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT,1993]

**BANK OF MAHARASHTRA**
VERSUS
**SAFEDI**

To
**(CD 1) SAFEDI**
Q NO 2/D, ST NO NPA, SECTOR-8 BHILAI,DURG (C.G.)-490001
**(CD 2) ALEXTINE MENDONZA**
Q NO 2/D, ST NO NPA, SECTOR-8 BHILAI,DURG (C.G.)-490001

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/644/2016** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR for recovery of **Rs. 2687134.00 ( Rupees Twenty Six Lakhs Eighty Seven Thousands One Hundred Thirty Four Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.
You are hereby required to appear before the undersigned on **15/02/2022** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.
Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this **date: 03/01/2022.**

SEAL
Recovery Officer, Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - गोवर्धन वार्ड
वार्ड क्र. 14, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2350/12.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 79/14, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - नीलकंठ पाल S/o विरसु पाल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- ओमप्रकाश पाल S/o स्व. नीलकंठ पाल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - गोवर्धन
वार्ड क्र. 14, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2349/12.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 79/14, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - नीलकंठ पाल S/o विरसु राम, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- सेवती बाई W/o स्व. सुबेर सिंह पाल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - सरदार वल्लभ भाई पटेल
वार्ड क्र. 39, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2348/12.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 217/39, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बृजबाई साहू W/o समय लाल साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राजेन्द्र साहू S/o पुष्कर साहू.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - मॉं कर्मा माता
वार्ड क्र. 38, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **11.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2347/12.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 282/38, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जीवन साहू S/o स्व. भुलऊ साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- राम खिलावन यादव S/o स्व. फत्तु यादव.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 421/2021-2022
दिनांक 04.01.2022
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **67/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मेसर्स यूनिटेक बिल्डर्स पार्टनर विजय नाथानी एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती शकुन्तला W/O श्री मंजल सिंह कंवर** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 422/2021-2022
दिनांक 07.01.2022
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR663I01583** जो कि निगम अभिलेख में **श्री शमेन्द्र आनंद साहू S/O जवाहर लाल साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती ललिता पारकर W/O श्री हरीश पारकर** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 420/2021-2022
दिनांक 04.01.2022
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड वार्ड-67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR563F00226** जो कि निगम अभिलेख में **श्री छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट इंडिया प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर संजय गोलछा S/O स्व. रमन लाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री रूप नारायण पाण्डेय S/O श्री बद्री प्रसाद पाण्डेय** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 417/2021-2022
**वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53/A-60 आम्रपाली सोसायटी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती चांदबाई सराफ S/O विजय चंद सराफ** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सचिन कुमार जैन S/O संतोष कुमार जैन (2) नितिशा जैन W/O सचिन कुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02

शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एम.आई.जी. डीलक्स-36, श्रीमती इंदू चटर्जी पति डॉ. मानिक चटर्जी,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड दिनांक 19.04.2007 पंजीकृत कराने उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 11.02.2011 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्रीमती इंदू चटर्जी पति डॉ. मानिक चटर्जी,** निवासी - एम.-43, राजीव नगर, पोस्ट-शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती परमजीत कौर पति श्री जागीर सिंह बावा** निवासी-डी-69, सेक्टर-02, बालाजी स्कूल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

# साल भर से लापता रामबिलास का कोई सुराग नहीं, पत्नी और साले पर शक

## महाराष्ट्र के पुणे से एक साल पहले हुआ लापता, पिता ने वकील से नोटिस भेजकर मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्थ ग्राम कटंगी निवासी 24 वर्षीय रामबिलास पटेल बीते एक साल से लापता है। इसके चलते उनके परिजनों में काफी मायूसी है। रामबिलास के परिजन अपने बेटे के इस तरह से लापता होने को लेकर अपनी पुत्रवधु उषा बाई और उसके भाई धर्मेंद्र पटेल पर आशंका जाहिर कर रहे हैं। बेटे की खोज में पिता दिन रात एक कर चुके हैं। बावजूद इसके अब तक कोई सुराग नही मिल पाया है। तंग आकर पिता ने वकील का सहारा लेकर अपनी बहू उषा बाई और उसके भाई धर्मेंद्र पटेल के खिलाफ पंजीयन सूचना पत्र के माध्यम से नोटिस भिजवाया है। नोटिस में संबंधित दोनों भाई - बहनों को 15 दिवस के अंदर लापता युवक के बारे में जानकारी देने का हवाला दिया गया है।

गौरतलब हो कि ग्राम कटंगी निवासी आत्मा राम पटेल का बेटा रामबिलास पटेल का विवाह ग्राम सुकतरा थाना सहसपुर लोहारा निवासी उषा बाई से विगत 7-8 साल पहले हुआ था। शादी के कुछ साल बाद पति-पत्नी खाने कमाने महाराष्ट्र के पुणे शहर चले गए थे। सन 2020 में रामबिलास पटेल के ब? पिता जी के मृत्यु हो जाने पर कार्यक्रम में पत्नी के साथ अपने गृह ग्राम कटंगी आये हुए थे। दशगात्र कार्यक्रम निपटाने के बाद दोनों पति-पत्नी और धर्मेंद्र पटेल फिर से पुणे चले गए। पुणे पहुंचने के 15 दिन बाद उषा बाई ने अपने पति रामबिलास का कहीं गुम हो जाने की सूचना अपने ससुर आत्माराम को दी। साथ ही स्थानीय पुणे के तलेगांव पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।



### 15 दिनों बाद ही भागकर की शादी

इधर बेटे की गुम होने की सूचना मिलने पर आत्माराम ने गांव (कटंगी) के 2-3 अन्य युवक को साथ लेकर पुणे गए। जहां पर उन्होंने पुणे में जिस मकान में रहते थे उसके मालिक से पूछताछ की। साथ ही अन्य जगहों पर पता तलाशी की। किंतु उनके बेटे का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी लोगों से पूछताछ व बयान दर्ज किया गया। उसके बाद आत्मा राम अपनी बहू उषा बाई और नातिन के साथ अपने गांव कटंगी लौट आये। इधर प्रार्थी की बहू उषा बाई अपनी 5 साल की बेटी को ससुराल में छोड़कर मायके सुकतरा चली गई और मायके जाने के 15 दिन बाद गांगपुर थाना सहसपुर लोहारा निवासी चतुर पटेल से भागकर शादी कर ली।

### फोन भी नहीं उठाते

परिजनों को उषा और उनके भाई पर शक की वजह उषा का मायके जाने के 15 दिन बाद भागकर दूसरी शादी करना ही है। लापता रामबिलास के पिता आत्माराम का यह भी कहना है कि उषा बाई और उनके भाई धर्मेंद्र से जब भी फोन पर बेटे के बारे में जानकारी मांगी गईतो उनके द्वारा एक ही बात कहा जाता था कि उनका बेटा आ जायेगा। वहीं आत्माराम ने आगे बताया कि अब दोनों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया है। आत्माराम को अपने बेटे के साथ कुछ अनहोनी होने का डर सताये जा रहा है।

### अब बेटे का इंतजार

अब सवाल यह है कि आखिर उषा बाई बार-बार अपने ससुर से क्यों कहती थी कि उनका बेटा लौट आएगा। आखिर क्या वजह रही होगी कि पति के लापता होने के कुछ ही दिन बाद अपनी 5 साल की मासूम बच्ची को ससुराल में अकेली छोड़कर उसने भागकर दूसरी शादी कर ली। वजह जो भी हो लेकिन जवान बेटे की जुदाई बाप पर कहर बन कर टूट रही है। अब उन्हें अपने बेटे का इंतजार है।

दोनों भाई-बहन को विधिवत नोटिस भेजा गया है, यदि उनके द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया जाता है तो कोर्ट की शरण लेंगे।
- रमाकांत चौबे, अधिवक्ता व उपाध्यक्ष
अधिवक्ता संघ छुईखदान

# स्नान-दान और देवालयों में पूजा अर्चना के साथ मनी संक्रांति

## तिल के पकवान बने, भगवान को खिचड़ी का भोग भी लगाया



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बढ़ी हुई ठंड और बादलों की आंख मिचौली के बीच मकर संक्रांति का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के बीच लोग देवालय में दर्शन और नदियों में स?नान के लिए पहुंचे, अर्ध्?य दिया। मकर संक्रांति के दिन दान देने की परंपरा है जिसका निर्वहन करते लोग दिखाए दिए। चावल, मूंग की दाल, तिल का दान किया गया। उत्तरायण से दक्षिणायन हो रहे सूर्य की पूजा ङ्क अर्चना की गई।

सूर्य उपासना व दान-पुण्य का प्रतीक मकर संक्रांति का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। सुबह जल्दी उठकर लोगों ने स्नान किया और सूर्य देव की उपासना की। गरीबों व पंडितों को तिल व खिचड़ी दान की। भगवान विष्णु की पूजा कर घर में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। घरों में तिल व गुड़ के लड्डू बनाए गए।इस मौके पर शहर में कई स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा जाता था लेकिन कोरोना के प्रकोप को देखते हुए यह आयोजन नहीं हुए।

मकर संक्रांति के पर्व के बाद दिन लंबे और रात छोटी होनी लगती है। इसके साथ ही इस दिन से ठंड का असर भी कम होने लगता है। हालांकि शुक्रवार को पूरा दिन बादल छाए रहे। कुछ समय के लिए ही सूर्यदेव के दर्शन हुए। देवालयों में पूजा अर्चना कर लोगों ने मंगलकामनाएं की।

# किराना दुकान पर की गई कार्यवाही दुकान में जड़ा सरकारी ताला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर जिले में खाद्य, जर्दा युक्त पान मसाला, नशीली पदार्थों एवं अन्य सामग्री को बाजार मूल्य से अधिक मूल्य में बिक्री किये जाने वाले साथ ही कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले दुकानदारों एवं थोक के व्यापारियों पर कार्यवाही करने एवं नियंत्रण के लिए सम्पूर्ण जिले में टीम गठित किया गया है। जिससे जमाखोरों एवं कालाबाजारी करने वाले दुकानों में लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

सूत्रों से खबर मिलने पर नगर पालिका डोंगरगढ़ में सहायक खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके और नायब तहसीलदार भूपेन्द्र नेताम एवं पुलिस की टीम द्वारा किराना दुकानों में आकस्मिक जांच की कार्रवाई की गई। जहाँ जांच के दौरान डोंगरगढ़ नगरपालिका के बाजू में संचालित चोपड़ा किराना दुकान में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर सामान बेचना पाया गया। जिसके विरूद्ध दुकान सील बंद की कार्रवाई की गई। कलेक्टर सिन्हा ने सख्त चेतावनी दी है कि जो भी कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले दुकानदार हैं। जिनपर लगातार छापामार की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस दौरान कालाबाजारी और जमाखोरी के शिकायत पर इसके नियंत्रण के लिए सम्पूर्ण जिले में टीम गठित किया गया है। जिसके द्वारा लगातार जांच की कार्वाई की जा रही है।

# वसूली को लेकर बिजली विभाग बरत रहा सख्ती

- 752 बकायादारों के काटे गये बिजली कनेक्शन
- 515 बकायेदार से 1 करोड़ 15 लाख वसूल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अब बकायादारों से सख्ती से वसूली कर रही है। गठित टीम बकायादारों तक पहुंचकर राशि वसूल रही है। लंबे समय से बिल न चुकाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वहीं शासकीय दफ्तरों के बकाया बिल की राशि भी दफ्तरों द्वारा चुकाई जा रही है। राजनांदगाव संभाग के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, राजनांदगांव ग्रामीण, अर्जुनी, सिंघोला, बोरी, तुमड़ीबोड़, ठेलकाडीह, घुमका एवं सोमनी वितरण केन्द्र के बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम छेड़ी है। संभाग स्तर पर गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा सभी बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 752 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 515 बकायादार उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 15 लाख 34 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में बिजली बिल भुगतान के लिए स्पॉट बिलिंग के माध्यम से विद्युत देयक जारी किये जाते हैं।



कार्यपालन अभियंता आरकेगोस्वामी ने बताया कि इस संभाग के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, राजनांदगांव ग्रामीण, सोमनी एवं बोरी उपसंभाग के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 752 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 1 करोड़ 40 लाख 69 हजार रूपए की राशि बकाया था।ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं। 515 बकायादार उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 15 लाख 34 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। कार्यपालन अभियंता गोस्वामी ने बताया कि शासकीय विभागों के लंबित बकाया राशि भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को नोटिस दिया गया था। जिस पर शासकीय विभागों द्वारा बकाया राशि का भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें कुछ विभागों द्वारा लंबित बकाया राशि का भुगतान भी किया गया है।



राजनांदगांव। अखबार संघ ने मकर संक्रांति के अवसर पर मास्क और तिल के लड्डू बांटकर जागरूकता फैलाई। लोगों को मास्क लगाकर समझाईश दी गई कि मास्क का उपयोग ही कोरोनावायरस से बचाव का सबसे उपयोगी तरीका है। इस दौरान इमाम चौक, सब्जी मंडी, जय स्तंभ चौक में मास्क वितरण किया गया।

### जिले के सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र आगामी आदेश तक रहेंगे बंद

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया था। जिसमें आवश्यक संशोधन किया गया है।जारी संशोधित आदेश के अनुसार जिले की सीमा अंतर्गत सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र आगामी आदेश तक बंद रहेंगे। लेकिन इस अवधि में छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए सभी श्रेणी के पात्र हितग्राहियों को रेडी-टू-ईट का वितरण तथा गर्भवती माताओं एवं बच्चों को गरम भोजन टिफिन व्यवस्था के माध्यम से घर-घर प्रदान किया जायेगा।

# धर्मांतरण का सिलसिला जारी, आक्रोशित साहू समाज पहुंचा थाने

- प्रतिनिधि मंडल ने टीआई से मिलकर धर्मान्तरण पर जताई चिंता

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में बढ़ रहे धर्मान्तरण से परेशान क्षेत्र के ग्रामीण व समाज अब धीरे धीरे अपने गांवों को मतांतरण बचाने के लिए आक्रोशित हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही छुरिया नगर के सैकड़ों युवाओं ने धर्मान्तरण रोकने धर्म रक्षक संगठन का निर्माण कर धर्मान्तरण करवाने वालो के खिलाफ मोर्चा खोला था। यह आंदोलन अब धीरे धीरे गांवो तक जा पंहुचा है।

ग्राम बैरागीभेड़ी व आसपास के इलाकों के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में छुरिया थाना प्रभारी से मुलाकात कर अपनी चिंता और आक्रोश जाहिर किया है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र में चर्चा होती रही है कि बड़ी संख्या में धर्मान्तरण करवाने वाले धर्म के सौदागर दलाल ग्राम बैरागीभेडी, शिकारी माहका, बोईरडीह, गैंदाटोला क्षेत्र के जयसिंगटोला व छुरिया क्षेत्र के आसपास के ग्राम में सक्रीय है।

यह लोग भोलेभाले आदिवासी सर्व हिन्दू समाज के लोगो को अपनी लचीली बातो से पैसो के लालच में व समाज के बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को टारगेट कर धर्म का सौदा करने पहुंच जाते है। जो भी इनकी बातो में आकर अपना मूल धर्म छोड़ धर्म परिवर्तन करता है उसे सबसे पहले घरों में पूजा पाठ के लिए रखे हिन्दू देवी देवताओ को घर से बाहर फेकने कहाजाता है, जिससे देवी देवताओ को मानने वाले सनातनी लोगो की आस्था पर चोट पहुंचती है।

# किसानों की शिकायत पर धानखरीदी केंद्र में पहुंची टीम

- तौल में 2 किलो ज्यादा मिलने पर प्रबंधक को चेतावनी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





जिले में धानखरीदी दरम्यान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने किसान सहयोग समिति के सदस्यों के साथ दौरा किया। टीम ने जिले के विभिन्न सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र के क्षेत्रों में दौरा कर धानखरीदी की समीक्षा की। कुछ केंद्रों में एक कट्टा में 40 किलो को दोबारा तौल कराने पर 41 व 42 किलो पाये जाने पर किसानों के सामने ही प्रबंधन को समझाईश दी गई। जिलाध्यक्ष ने काटामारी बर्दाश्त नही करने की बात कही है।

धानखरीदी केंद्रों के दौरे में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, एआईसीसी मेम्बर क्रांति बंजारे, पूर्व नपंउपाध्यक्ष विरेन्द्र बोरकर, डॉ नरेन्द्र साहू, टीकम साहू, दिलीप चन्द्राकर, गिरधारी साहू सहित किसान सहयोग समिति के अन्य स्थानीय सदस्यों ने निरीक्षण किया। धानखरीदी के संबंध में समिति प्रबंधक को हिदायत देते हुए भविष्य में इसी प्रकार की त्रुटी होने पर कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा किए जाने की। चेतावनी दी गई। बहरहाल संबंधित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक के लापरवाही की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

## निर्धारित स्थानों के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी व सीमावर्ती बार्डर चेकपोस्ट, रेलवे स्टेशन में की जा रही निःशुल्क जांच

# कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के प्रयास तेज, टीकाकरण व जांच पर जोर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में व्यापक पैमाने पर निःशुल्क कोरोना जांच कराई जा रही है व अधिक से अधिक सैम्पल लिए जा रहे हैं। दो दिनों में लगभग 8,000 से अधिक लोगों की कोविड जांच की गई है। साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई अथवा स्वाद या सूंघने की क्षमता का अभाव होने पर 24 घंटे के भीतर कोरोना जांच कराने की अपील की जा रही है।

जन स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर के निर्धारित स्थानों के साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सीमावर्ती बार्डर चेकपोस्ट में भी निःशुल्क कोरोना जांच कराई जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क कोरोना जांच कराने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज पेंड्री, जिला अस्पताल बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखोली, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के साथ ही गांधी सभागृह मेन रोड व पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ क्षेत्र में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक तथा दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में 24 घंटे कोरोना जांच की जा रही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़, महाराष्ट्र बार्डर पर पाटेकोहरा चेकपोस्ट सहित सभी चेकपोस्ट में कोविड जांच की जा रही है। इस संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डा. बीएल तुलावी ने बताया, कोरोना संक्रमण की दिशा में जिले में हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना टीकाकरण तथा अधिक से अधिक लोगों की कोरोना जांच पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में दो दिनों में ही कुल 8,636 लोगों की कोरोना जांच की गई। साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी कोरोना जांच की व्यवस्था की गई है। यदि बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र अथवा कंट्रोल रूम के हेल्प लाइन नंबर-7440203333 में संपर्क कर सकते हैं।



### कोविड-19 प्रोटोकॉल के पालन कराने फ्लैग मार्च

पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं नगर निगम की टीम द्वारा शहर में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराने व इस दिशा में जागरूकता लाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया गया। बिना मॉस्क वाले लोगों पर चालान की कार्रवाई की गई तथा उन्हें मास्क प्रदान करते हुए समझाईश दी गई।

### दो दिनों में की गई कुल 8 हजार 636 कोविड जांच

शहर के निर्धारित स्थानों के साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सीमावर्ती बार्डर चेकपोस्ट में भी निःशुल्क कोरोना जांच कराई जा रही है। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई अथवा स्वाद या सूंघने की क्षमता का अभाव होने पर 24 घंटे के भीतर कोरोना जांच कराना होगा। बुधवार और गुरुवार दो दिनों में कुल 8 हजार 636 कोविड जांच की गई। गुरुवार को 4 हजार 342 कोरोना जांच किया गया है। वहीं 12 जनवरी को 4 हजार 294 लोगों का कोविड जांच किया गया था।

# बारिश का कहर, संक्रांति फिर भी मनी





पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति का पर्व इस बार बारिश और कड़कड़ाती ठंड के बीच मनाया गया। बारिश ऐसी कि पतंग उड़ाने का शौक धरा धारा रह गया हालांकि श्रद्धालु सुबह से स्नान कर मंदिरों में पूजा पाठ और दान की परंपरा को जैसे तैसे निभाया। पिछले कई दिनों से मौसम ऐसा खराब है कि जनजीवन अस्त व्यस्त है लेकिन शुक्रवार को सुबह से ही बारिश और सूर्य के बादलों में ही छिपे रहने से मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से तो नही लेकिन परंपरागत ढंग से मनाकर औपचारिकता पूरी की गई। दोपहर बाद तो मौसम और खराब हो गया तेज बारिश और हाड़ कंपा देने वाली ठंड से लोग बचने प्रयास करते रहे ऐसे में मंदिरों में भी अपेक्षा कृत भीड़ नही रही।सोशल मीडिया के दौर में लोग एक दूसरे को वाट्स अप और अन्य माध्यमों से मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए घरों में दुबके रहे। शुक्रवार को अमरकंटक के मंदिर प्रांगण एवं बिलासपुर शहर के विभिन्न मंदिरों में भिक्षुकों को अन्न दान कोविड प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम पूर्ण कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों के प्रांगण में जरुरुतमन्दों को सुबह से ही दान-पुण्य किये। कहीं गरीबों को कंबल भेंट किए गए तो कहीं निर्धनों को अन्न दान कराकर तिल-गुड़ खिलाया गया। वहीं शहर के प्रमुख मोहल्ला-चौराहा, बस स्टैंड, आदि पर पशुओं को चारा खिलाया गया। इस मौके पर शांता फाउंडेशन के सदस्य, पदाधिकारी सक्रिय रहे। शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी का कहना था कि हमें सेवा प्रतिदिन करनी है,अभी कोरोना महामारी फिर अपनी पैर पसार रही है।हमारी संस्था पुनः काम मे लग गए है विशेष रूप से भिक्षुकों, जरुरुतमन्दों और पशुओं पर विशेष ध्यान शांता फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान जय प्रकाश तिवारी, नेहा तिवारी, रुपाली पाण्डेय, प्राची सिंह ठाकुर, दानेश राजपूत उपस्थित रहे।

# सार्वभौम पीडीएस से हर परिवार को मिल रही है खाद्य सुरक्षा की गारंटी

- 4 लाख 84 हजार से अधिक राशनकार्ड धारियों को दिया जा रहा है लाभ

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के सार्वभौम सार्वजनिक वितरण के जरिए छत्तीसगढ़ के हर परिवार को खाद्य सुरक्षा की गारंटी मिल रही है। बिलासपुर जिले में 4 लाख 84 हजार 355 राशनकार्डधारी योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना से न केवल गरीब परिवारों को न्यूनतम दर पर पर्याप्त खाद्यान्न व जरूरी सामग्री मिल रही है, अपितु सामान्य परिवारों को भी एपीएल कार्ड के जरिए 35 किलों खाद्यान्न प्रत्येक माह उपलब्ध हो रहा है। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण रोज कमाने तथा खाने एवं कम आय वाले लोगों की सबसे बड़ी समस्या भोजन को लेकर थी। ऐसे वर्ग के लोगों के लिए सार्वभौम पीडीएस योजना बहुत ही मददगार साबित हुई। बिलासपुर जिले में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 एवं छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के 4 लाख 84 हजार 355 राशनकार्ड जारी किए गए हैं। जिसमें 89 हजार 245 अंत्योदय राशनकार्ड, 3 हजार 777 निराश्रत राशनकार्ड, 3 लाख 16 हजार 934 प्राथमिकता वाले कार्ड, 714 निःशक्तजन कार्ड और 73 हजार 685 एपीएल कार्ड जारी किए गए है। अंत्योदय परिवारों को प्रत्येक माह 35 किलो चावल एक रूपए प्रति किलो के दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह 5 रूपए प्रति किलो के दाम पर अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र के अंत्योदय श्रेणी के हितग्राहियों को प्रत्येक माह दो किलो चना दिया जाता है। अनुसूचित क्षेत्र में इन हितग्राहियों को 2 किलो प्रति परिवार और गैर एवं अनुसूचित क्षेत्र में एक किलो प्रति परिवार रिफाइंड आयोडाइड नमक मुफ्त में दिया जाता है। प्राथमिकता कार्डधारी परिवारों को एक सदस्य वाले राशनकार्ड हेतु 10 किलो, दो सदस्य वाले राशनकार्ड हेतु 20 किलो, तीन से पांच सदस्य वाले राशनकार्ड हेतु 35 किलो और पांच से अधिक सदस्य वाले राशनकार्ड हेतु प्रत्येक सदस्य को 7 किलो चावल, एक रूपए किलो में प्रत्येक माह दिया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र के प्राथमिकता वाले परिवारों को 5 रूपए प्रति किलो के दाम पर 2 किलो चना भी प्रत्येक परिवार को दिया जाता है। प्राथमिकता वाले परिवारों को अनुसूचित क्षेत्र में 2 किलो और गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 किलो रिफाइंड आयोडाइड नमक प्रत्येक माह मुफ्त में दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अभिनव पहल करते हुए सामान्य परिवारों को भी 10 रूपए प्रति किलो चावल देने की व्यवस्था की है। एक सदस्य वाले एपीएल कार्ड हेतु 10 किलो प्रति माह, दो सदस्य वाले राशनकार्ड हेतु 20 किलो प्रति माह, तीन एवं अधिक सदस्य वाले एपीएल राशनकार्ड हेतु 35 किलो चावल प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में 668 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से सार्वभौम पीडीएस का संचालन किया जा रहा है। इन दुकानों में 242 दुकानें सहकारी समितियों द्वारा संचालित है। इसी तरह महिला स्व सहायता समूहों द्वारा 212 और ग्राम पंचायतों द्वारा 212 दुकानें तथा 714 दुकानें निःशक्तजनों द्वारा संचालित है।

# मस्तूरी में उचित मूल्य की दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 17 तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 9 के तहत् विकासखण्ड मस्तूरी के शास. उचित मूल्य की सोनसरी, देवगांव, बकरकुदा, सीपत के संचालन हेतु विकासखण्ड मस्तूरी के इच्छ्कु समूहों एवं संस्थाओं से निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में 17 जनवरी 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में शासकीय उचित मूल्य के दुकान संचालन हेतु वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नगरीय निकाय, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम के ही आवदेन स्वीकार किये जाएंगे। उचित मूल्य की दुकानों के आबंटन हेतु सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों का आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख से कम से कम 03 माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत हो तथा जिसे सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो। आवेदन पत्र केवल प्रारूप में ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। लिफाफे के ऊपर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम सहित शासकीय उचित मूल्य दुकान के पंजीयन का उल्लेख करते हुए दुकान संचालन हेतु आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ समिति एवं संस्था के पंजीयन की सत्यापित छायाप्रति एवं समिति एंव संस्था के सदस्यों के नाम, पदनाम, पते एवं मोबाईल नंबर की जानकारी, समिति, समूह, नगर पंचायत के बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं अंतिम 3 माह का स्टेटमेंट, शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु समूह,समिति, पंचायत का उद्घोषणा दिनांक के बाद की तिथि में पारित प्रस्ताव एवं गर्त वर्ष समिति पंजीयन के नवीनीकरण पावती की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक है।

# वार्ड 21 के नागरिक जमीन आवंटन की मांग को लेकर विधायक निवास पहुंचे

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 21 गुरु घासीदास नगर के लोगों ने पार्षद सीमा धृतेश के साथ विधायक शैलेष पांडेय के निवास पहुंचे और जमीन आवंटन की मांग की। गुरु घासीदास नगर में अवैध कब्जा वाले बस्ती को हटाने के लिए पिछले दिनों सर्वे किया गया था जहां बेजा कब्जा हटाकर अटल आवास बनाने और वहां बेजा कब्जा धारियों को विस्थापित करने के बाद उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जानी है, लेकिन अब स्थानीय नागरिक अटल आवास की बजाए जमीन के पट्टे की मांग कर रहे हैं ताकि वे अपना मकान खुद बना सके। लोगों की मांग है कि वर्तमान में वे जहां रह रहे हैं उसी जमीन का पट्टा उन्हें दिया जाए। इसी मुद्दे को लेकर नागरिकों ने विधायक शैलेश पांडेय से मुलाकात की और अपनी मांग रखी। विधायक पांडेय ने नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया से टेलीफोन पर बात की। जिनसे राजीव गांधी आवास योजना के तहत विस्थापितों को भू पट्टा देने और मोर जमीन- मोर मकान योजना के तहत उन्हें आवास बनाने की अनुमति देने का आश्वासन दिया गया।



# पलक झपकते ही स्टाल से महिला रेलकर्मी का मोबाइल पार

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे स्टेशन में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय है। रेलवे के कर्मचारी भी चोरी का शिकार हो रहे हैं। स्टेशन में पदस्थ महिला बुकिंग क्लर्क का स्टाल से किसी ने पलक झपकते ही मोबाइल चोरी कर लिया। महिला रेलकर्मी की रिपोर्ट पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

जीआरपी के अनुसार घटना गुरुवार शाम की है। रेलवे क्षेत्र के आरटीएस कालोनी निवासी मोनिका ओझा बुकिंग क्लर्क है। ड्यूटी के दौरान वह द्वितीय श्रेणी यात्री प्रतीक्षालय के पास संचालित स्टाल में सैनिटाइजर लेने के लिए गई। सैनिटाइजर खरीदने के बाद पैसे देने के लिए मोबाइल को काउंटर पर रखा। जैसे ही पैसा देने के बाद मोबाइल की ओर देखी तो गायब था। 15 हजार 749 रूपये कीमती मोबाइल को किसी भीड़ - भाड में चोरी कर लिया। हालांकि इस दौरान महिला रेलकर्मी ने मोबाइल को खूब ढूंढने का प्रयास की। स्टाल से लेकर आसपास खड़े यात्रियों से भी जानकारी ली। लेकिन किसी ने कुछ न बताया। ऐसी स्थिति में महिला रेलकर्मी जीआरपी थाने पहुंची और घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। महिला रेलकर्मी की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया। इसके बाद जीआरपी स्टाल पहुंची। वहां पूछताछ की और आसपास खड़े यात्रियों से भी जानकारी। अब सीसीटीवी फुटेज का खंगाली जाएगी। जीआरपी को अज्ञात चोर पकड़ाने की उम्मीद है, क्योंकि घटना स्थल के आसपास कैमरे लगे हैं। जिसमें पूरी घटना कैद होने की आशंका भी है। इस घटना से स्पष्ट है कि सुरक्षा के तमाम पुख्ता इंतजाम के बाद स्टेशन में चोर सक्रिय है और मौका पाते ही हाथ साफ कर फरार हो जा रहे हैं।

## मतदान के लिए श्रमिकों को मिलेगा अवकाश

**बिलासपुर।** छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 में संपन्न होने वाले जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के उप निर्वाचन में मतदान दिवस 20 जनवरी 2022 को बिलासपुर जिले के जनपद पंचायत बिल्हा के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत करमा, बसहा, रामपुर, भिल्मी, उच्चभट्ठी, पेण्डरवा (द), बोड़सरा, बिटकुली (द), डगनिया एवं जनपद पंचायत मस्तूरी के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत भनसेर, भटचौरा, नरगोड़ा, कौड़िया, विद्याडीह (टा) और जनपद पंचायत कोटा के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत उपका, मटसगरा, जनपद पंचायत तखतपुर के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र ग्राम पंचायत खजुरीनवागांव, पेण्डारी, भरनी, बिनौरी, बहतराई, चिचिरदा, साल्हेकापा, पाली, बहुरता, छतौना, जरेली, विजयपुर में आने वाले समस्त कारखानों, स्थापनाओं में जो कारखाना अधिनियम 1948 एवं दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आते हैं, में कार्यरत् श्रमिक एवं कर्मचारियों को मतदान करने के लिए अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान हेतु दो-दो घण्टे का अवकाश तथा जो कारखाने निरंतर प्रकिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी गई है।

# पैतृक जमीन हड़पने भाइयों ने बनवाया फर्जी इकरानामा

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पिता की खरीदी जमीन को हड़पने के लिए भाइयों ने मंझले भाई का फर्जी हस्ताक्षर कर इकरारनामा तैयार करा लिया। इसके बाद पैतृक जमीन को अपने नाम कराने राजस्व विभाग में आवेदन दे दिया। इसकी जानकारी होने पर छोटे भाई ने एसपी के जनदर्शन में शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद सरकंडा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि मनोहर टाकीज के पास रहने वाले अनिल वर्मा(55) ने धोखाधड़ी की शिकायत की है।

उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता शिवशंकर वर्मा ने चांटीडीह में दो एक 81 डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन उनके नाम पर थी। उनके बड़े भाई दिनेश वर्मा(62) व छोटे भाई सुनील वर्मा(48) जमीन को अपने नाम पर करवाना चाहते थे। इसके लिए दोनों ने मिलकर अनिल वर्मा के नाम पर इकारारनामा तैयार करा लिया। इसमें किसी ने अनिल के फर्जी हस्ताक्षर किए हैं। इसके माध्यम से राजस्व विभाग में आवेदन देकर पैतृक जमीन पर दोनों भाई दावा कर रहे हैं।

इस बीच अनिल को जानकारी मिली की उनके साथ धोखाधड़ी कर जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। तब उन्होंने राजस्व विभाग में शिकायत की है। इसके साथ ही उन्होंने एसपी कार्यालय में भी इसकी शिकायत की। इस पर सरकंडा पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में पुलिस ने दोनों पक्ष का बयान दर्ज कर लिया है। पीड़ित अनिल ने बताया कि इकारारनामा में उसके हस्ताक्षर नहीं हैं। इसके आधार पर पुलिस ने दिनेश और सुनील के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रभावित किसानों को मिलेगा फायदा

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

असामायिक वर्षा के फलस्वरूप फसलों को होने वाली क्षति के संबंध में क्रियान्वयन बीमा कंपनी बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस को सीधे टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 अथवा कंपनी के फार्ममित्र एप के माध्यम से किसान सूचना दर्ज करा सकते है। साथ ही ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को भी फसल क्षति की लिखित सूचना निर्धारित समयावधि 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के ब्योरे, एप्लीकेशन आईडी, खाता नंबर, आधार नंबर तथा मोबाइल नंबर सहित दे सकते है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिले में पश्चिमी विछोभ के कारण असामयिक वर्षा दर्ज की गयी है। इस असामयिक वर्षा से रबी फसलों को नुकसान हुआ है, जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचित ग्राम के अधिसूचित फसल गेहूं सिंचित चना एवं राई-सरसों फसलों को नुकसान होने की स्थिति में बीमित किसान को दावा भुगतान का प्रावधान है। बीमित किसान को फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी, कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं बैंक को घटना के 72 घंटे के भीतर देना होगा। जो कृषक प्रभावित हुए है, वे दावा भुगतान के लिए पात्र होंगे।

## कोरोना पीड़ित के शव से निकाल लिए सोने के जेवर, मोबाइल भी पार

**बिलासपुर।** रेलवे अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस बीच महिला के जेवर, मोबाइल और नकदी रकम पार हो गए। शव लेने आए स्वजन ने इस संबंध में रेलवे अस्पताल में पूछताछ की। जेवर और मोबाइल का पता नहीं चलने पर उन्होंने इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। देवरीखुर्द के कृष्णानगर में रहने वाले सुरेंद्र सिंह सेवानिवृत प्रधानपाठक हैं। उनकी पत्नी जयंती देवी 11 अप्रैल 2021 को कोरोना संक्रमित हो गईं। इसके कारण उन्हें केंद्रीय रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान उन्होंने सोने के जेवर पहने थे। साथ ही उनके पास आइ फोन और नकद 400 रुपये भी थे। 12 अप्रैल को कोरोना संक्रमित महिला की मौत हो गई। इसी दिन शाम तक उनके शव को चीरघर में रखवा दिया गया। दूसरे दिन स्वजन शव का अंतिम संस्कार करने पहुंचे।

# आज से 10 दिनों तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनें रद्द, कई ट्रेनें घंटों विलंब से चलेगी तो कई बदले रूट से आएंगी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य दिनांक 16 जनवरी 2022 से 24 जनवरी 2022 तक किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है।

**रद्द होने वाली गाडियां-** 15 जनवरी 2022 से 24 जनवरी 2022 तक गाडी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी

16 जनवरी 2022 से 25 जनवरी 2022 तक गाडी संख्या 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

21 जनवरी 2022 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी 2022 को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17 व 24 जनवरी 2022 को नांदेड़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12767 नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19 व 26 जनवरी 2022 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18 जनवरी 2022 को इंदौर से



रवाना होने वाली गाडी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी 2022 को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी 2022 को वलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी 2022 को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

21 जनवरी 2022 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी 2022 को पटना से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19 जनवरी 2022 को रानी कमलापति(हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति(हबीबगंज)-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी 2022 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति(हबीबगंज) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15 व 22 जनवरी 2022 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17 व 24 जनवरी 2022 को पुणे से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**देरी से रवाना होने वाली गाडियाँ-** 15 जनवरी 2022 से 21 जनवरी 2022 तक पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 03 घंटे देरी से रवाना होगी।

दिनांक 20 व 22 जनवरी 2022 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

# शनिचरी बाजार में दुकान की कुंडी तोड़कर 60 हजार ले भागे चोर

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शनिचरी बाजार में दुकान की कुंडी तोड़कर चोरों ने 60 हजार रुपये नकद पार कर दिए। दुकान संचालक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। वहीं, बाजार में लगे सीसीटीवी के फुटेज लिए हैं। कोतवाली पुलिस की टीम ने संदेहियों से भी पूछताछ की है। फिलहाल चोरों का पता नहीं चल पाया है।सरकंडा के राजस्व कालोनी में रहने वाले नानक राम का शनिचरी बाजार में किराने की दुकान है। गुरुवार की रात उन्होंने बिक्री की रकम 60 हजार रुपये गिनकर गल्ले में रखे थे। गल्ले की चाबी उन्होंने दुकान के ही दूसरी दराज में रख दिया। इसके बाद वे बाजार में ही एक नए खुले दुकान के उद्घाटन में चले गए। इसके बाद वे अपने घर चले गए। शुक्रवार की सुबह वे दुकान खोलने आए। चाबी से ताला खोलकर अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ था। गल्ले से रुपये गायब थे। दुकान के उपर के दरवाजे का कुंडी टूटा हुआ था। कुंडी तोड़कर चोरों ने नकदी रकम और सामान पार कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। वहीं, बाजार में लगे सीसीटीवी का फुटेज भी लिया है। संदेहियों से पूछताछ में चोरों का सुराग नहीं लग पाया है।

**प्रमुख बाजार में चोरी से व्यापारियों में हड़कंप-** शनिचरी बाजार शहर के प्रमुख बाजारों में से एक है। वहीं, बाजार के पास ही कोतवाली थाना है। यहां आसापास में कई जगहों पर पुलिस की ड्यूटी पाइंट भी है। इसके बाद भी चोरों ने कुंडी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इससे पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं, घटना से व्यापारियों में हड़कंप है।


बात हे अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के



# आस्था, पर्यटन, विश्वास जनहितकारी विकास

## कौशल्या मंदिर, चंदखुरी

- राम वन गमन पथ - 2660 कि.मी.
- 16 हजार करोड़ की सड़कें



"हमने पर्यटन को लोक आस्था, क्षेत्रीय विकास, स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उपायों से जोड़ने की रणनीति अपनाई है। हमारी नजर में पर्यटन, अधोसंरचना के विकास का मतलब समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास की अधोसंरचना का विकास भी है। इन प्रयासों में माता कौशल्या के प्राचीन मंदिर परिसर का विकास और राम वन गमन पथ का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है।"

**श्री भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद-28969/8

## सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403